www.navpradesh.com

दैनिक **नव प्रदेश**

आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 2 | अभिव्यक्ति 4 | छत्तीसगढ़ 6 | आंचलिक 7 | देश-विदेश

RNI NO.CHHHIN/2015/62431 बिलासपुर, रविवार 29 मई 2022, शुक्ल पक्ष चतुर्दशी, विक्रम संवत-2078 वर्ष-08 अंक-46 पृष्ठ-08 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

//-- सुविचार --//

जिन्दगी बहुत ही अनमोल और सुन्दर है, इसे फालतू और बेकार बातों में नहीं गवाएं।

आज बेबाक

नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो का शुक्रिया अदा किया जाना चाहिए जिसने लोगों के इस भरोसे को नहीं टूटने दिया कि- न दीदी न बच्चा न बाप बड़ा न भैय्या सबसे बड़ा रूपैय्या....। बहुचर्चित क्रूज ड्रग्स केस पर एनसीबी ने जो चार्जशीट फाईल की है उसमें शाहरूख खान के साहबजादे आर्यन खान का नाम नहीं है। मतलब आर्यन खान को क्लीन चीट दे दी गई है। नाहक ही बेचारे को कुछ दिन सलाखों के पीछे रहना पड़ा था। वो तो विमल गुटखा खाकर जुबां केसरी बोल रहा था और एनसीबी ने गुटखे के पाऊच को ड्रग्स समझ लिया। अहमक कहीं के।

सूर्योदय

उदय : 5.16 प्रातः

अस्त : 6.44 संध्या

जनसंख्या

विश्व : 7,950,063,650

भारत: 1,406,319,440

बाजार

सेंसेक्स : अवकाश

निफ्टी: अवकाश

गोल्ड : 52,090 प्रति 10 ग्राम

चांदी : 62,200 प्रति किग्रा

अण्डा दर: 4.51 प्रति नग

प्रदेश का मौसम

स्थान	अधिकतम	न्यूनतम
रायपुर	40.6	27.4
बिलासपुर	38.8	25.0
जगदलपुर	38.4	22.9
अंबिकापुर	36.6	22.5

आज का दिवस

अंतर्राष्ट्रीय शांति रक्षक दिवस

हर साल 29 मई को अंतर्राष्ट्रीय शांति रक्षक दिवस मनाया जाता है। आज की दुनिया में समय-समय पर स्थानीय युद्ध और क्षेत्रीय संघर्ष होते रहते हैं। विश्व शांति के लिए संयुक्त राष्ट्र शांति सैनिकों ने दुनिया के हर कोने में समर्पण और बलिदान दिया है। इस विशेष दिवस पर हम विश्व शांति के लिए उनके प्रयासों को याद करते हुए उनके पसीने और रक्त को सलाम करें। 29 मई 1948 को, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने एक प्रस्ताव पारित किया और इजरायल व अरब देशों के बीच युद्धविराम समझौते के कार्यान्वयन की निगरानी के लिए संयुक्त राष्ट्र युद्धविराम पर्यवेक्षण संगठन की स्थापना करने का निर्णय लिया। यह संयुक्त राष्ट्र का पहला शांति अभियान था।

इंडिगो एयरलाइंस पर 5 लाख का जुर्माना

नई दिल्ली। एविएशन रेग्युलेटर नागर विमानन महानिदेशालय ने एक दिव्यांग को फ्लाइट में चढ़ने से मना करने के चलते इंडिगो एयरलाइंस पर बड़ी कार्रवाई की है. इंडिगो ने 7 मई को रांची एयरपोर्ट पर एक दिव्यांग बच्चे को फ्लाइट में चढ़ने से रोक दिया था. इस पर कड़ी कार्रवाई करते हुए डीजीसीए ने कंपनी पर 5 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है. घटना को लेकर डीजीसीए ने कंपनी को कड़ी फटकार भी लगाई है. रेग्युलेटर ने कहा- कंपनी का ग्राउंड स्टाफ एक दिव्यांग बच्चे का ठीक से संभाल नहीं सका, उल्टा उसने परिस्थिति को और खराब किया. इस मामले में उन्हें ज्यादा संवेदनशीलता से काम लेना था, बच्चे के साथ सहृदयता के साथ पेश आना था ताकि वो शांत होता.

देश सेवा में हमने कोई कोर कसर नहीं छोड़ी : पीएम मोदी

पीएम ने देश के पहले नैनो यूरिया संयंत्र का किया उद्घाटन

पीएम ने देश के पहले नैनो यूरिया संयंत्र का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि 2014 में सरकार बनने के बाद हमने यूरिया की शत-प्रतिशत नीम कोटिंग का काम किया। इससे देश के किसानों को पर्याप्त यूरिया मिलना सुनिश्चित हुआ। साथ ही हमने यूपी, बिहार, झारखंड, ओडिशा और तेलंगाना में 5 बंद पड़े खाद कारखानों को फिर चालू करने का काम शुरू किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गांधीनगर में इफ्को-कलोल में निर्मित नैनो यूरिया संयंत्र का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि सहकार, गांव के स्वाबलंबन का बहुत बड़ा माध्यम है और इसमें आत्मनिर्भर भारत की ऊर्जा है। आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के लिए गांव का आत्मनिर्भर होना बहुत आवश्यक है, इसलिए पूज्य बाबू और सरदार साहब ने जो रास्ता हमें दिखाया उसके अनुसार हम मॉडल कॉपरेटिव गांव की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं।

राजकोट (वार्ता)। प्रधानमंत्री ने केंद्र में भाजपा सरकार के आठ साल पूरे होने के संदर्भ में शनिवार को कहा कि उन्होंने देश की सेवा करने में अपनी ओर से कोई कोर-कसर नहीं छोड़ी है और उन्होंने ऐसा कोई काम नहीं किया है, जिससे भारत का कोई व्यक्ति लज्जित महसूस करे। गुजरात के एक दिन दौरे पर गए पीएम ने राजकोट में एक सार्वजनिक कार्यक्रम में कहा पिछले आठ साल में मैंने मातृभूमि की सेवा के लिए कोई कोर-कसर नहीं छोड़ी है। पूज्य बापू ■ शेष पृष्ठ 6 पर

श्रीलंका के पीएम ने भारत को दिया धन्यवाद

नई दिल्ली। श्रीलंका इन दिनों खराब आर्थिक हालातों का सामना कर रहा है। कठिन समय में भारत अपने पड़ोसी देश की हरसंभव मदद के लिए खड़ा रहा। श्रीलंका के प्रधानमंत्री रानिल विक्रमसिंघे ने इसके लिए आभार जताया है। उन्होंने शुक्रवार को कहा कि श्रीलंका आर्थिक संकट के प्रभाव को कम करने के लिए सही नीतिगत निर्णय लेने की दिशा में काम करने का लक्ष्य बना रहा है। उन्होंने भारत के वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से बात की है और इस कठिन अवधि के दौरान भारत द्वारा दिए गए समर्थन के लिए सराहना व्यक्त की। ट्विटर पर उन्होंने लिखा कि सबसे खराब आर्थिक संकट के बीच दक्षिण एशियाई राष्ट्र आईएमएफ (अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष) के साथ तेजी से बातचीत करने और अंतिम रूप देने पर भी विचार कर रहा है।

योग को धर्म और मजहब से जोड़ना दुर्भाग्यपूर्ण : कोविंद

भोपाल (वार्ता)। भोपाल दौरे पर पहुंचे राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने शनिवार को कहा कि कुछ लोग योग को धर्म और मजहब से जोड़ रहे हैं, जो बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। श्री कोविंद शनिवार को यहां आरोग्य भारती की ओर से आयोजित एक देश, एक स्वास्थ्य - वर्तमान समय की आवश्यकता पर आरोग्य मंथन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। राष्ट्रपति ने स्वस्थ रहने के लिए सरल जीवनशैली, संतुलित खानपान और योग आदि पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि कुछ लोग गलतफहमी फैलाने ■ शेष पृष्ठ 6 पर

डॉक्टर योग करने बोले तो कोई विरोध नहीं करेगा

राष्ट्रपति ने एक उदाहरण देते हुए कहा कि किसी डॉक्टर के पास अगर दो मजहब के लोग जाएं और डॉक्टर उन्हें योगासन करने को कहे तो कोई भी मजहब का व्यक्ति डॉक्टर का विरोध नहीं करेगा क्योंकि उसे अपने स्वास्थ्य की चिंता है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सुधार के लिए वह व्यक्ति योग अवश्य करेगा। राष्ट्रपति ने कहा कि ये मुद्दे भ्रांतियां फैलाने की कोशिश कर रहे हैं। रोग निवारण में कभी भी मजहब आड़े नहीं आता। इस पर भी ध्यान दिए जाने की आवश्यकता है। समझने की आवश्यकता है कि प्रकृति के साथ संपर्क में रह कर ही स्वस्थ रहा जा सकता है।

जयपुर के दूदू में एक कुंए में पांच शव मिले

जयपुर (वार्ता)। राजस्थान में जयपुर जिले के दूदू में एक कुंए में शनिवार सुबह तीन महिलाओं सहित पांच शव मिले हैं। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने नरैना रोड पर एक खेत में स्थित कुएं से ये शव बरामद किए। इनमें तीन महिलाएं व दो बच्चे शामिल हैं। ये तीनों महिलाएं सगी बहनें हैं जो दूदू कस्बे की रहने वाली थी। ये महिलाएं गत 25 मई को घर से निकली थी और वापस घर नहीं लौटी। इसके बाद इनकी तलाश की गई लेकिन कोई पता नहीं चल पाया और सुबह इनके शव कुंए में होने की सूचना मिली। मृतकों की पहचान काली देवी (27), ममता मीणा (23), कमलेश मीणा (20) एवं चार साल के हर्षित और एक बीस दिन के बच्चे के रूप में की गई है।

आंध्र में सिलेंडर फटा, एक परिवार के 4 लोगों की मौत

अनंतपुर (वार्ता)। आंध्र प्रदेश के अनंतपुर जिले के सेत्तूर मंडल के मुलकालेडु गांव में शनिवार तड़के गैस सिलेंडर फटने से घर की छत गिर जाने से एक ही परिवार के चार सदस्यों की मौत हो गयी और दो अन्य घायल हो गये।

पुलिस ने बताया कि मृतकों की पहचान दादू (35), शरफाना (30) फिरोज (6) और जहांबी के रूप में हुई है।

पुलिस ने मामला दर्ज कर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

पंजाब सरकार ने 424 वीआईपी लोगों की वापस ली सुरक्षा

■ इसमें नेताओं से लेकर धर्मगुरु तक शामिल

चंडीगढ़। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व वाली सरकार ने राज्य में 424 लोगों को दी गई सुरक्षा वापस ले ली है। जिन लोगों की सुरक्षा हटाई गई है उनमें कई सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी, धर्मगुरु और राजनीतिक हस्तियां शामिल हैं। इससे पहले अप्रैल में पंजाब सरकार ने पूर्व मंत्रियों, पूर्व विधायकों और अन्य नेताओं सहित 184 लोगों की सुरक्षा वापस लेने का आदेश दिया था। गौरतलब है कि पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी, कैप्टन अमरिंदर सिंह के बेटे रनिंदर सिंह और कांग्रेस विधायक प्रताप सिंह बाजवारे की पत्नी के परिवार की सुरक्षा पिछले महीने वापस ले ली गई है। सुरक्षा को वापस लिए जाने का एक कारण यह भी बताया जा रहा है कि पंजाब ■ शेष पृष्ठ 6 पर

पंजाब में दो हजार अतिरिक्त अर्धसैनिक बल के जवान होंगे तैनात

पंजाब में सुरक्षा और पुख्ता करने के लिए लगभग दो हजार अतिरिक्त अर्धसैनिक बल के जवानों को तैनात किया जाएगा, क्योंकि नियमित तौर पर ऐसी जानकारी मिल रही है कि कुछ तत्व राज्य में अशांति पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने बीते बुधवार को यह जानकारी दी। मान ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ बैठक के बाद यह बात कही, केंद्र सरकार की ओर से हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। मान ने कहा कि गृह मंत्री ने उनसे कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा से कोई समझौता नहीं, यह दलगत राजनीति से ऊपर है और केंद्र सरकार पंजाब सरकार को हर संभव मदद मुहैया कराएगी।

ओपी चौटाला 4 साल नहीं, सिर्फ 32 महीने ही जेल की सजा काटेंगे

चंडीगढ़। सीबीआई की एक विशेष अदालत ने हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री ओम प्रकाश चौटाला को आय के ज्ञात स्रोतों से अधिक संपत्ति जमा के लिए चार साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई। अदालत ने 50 लाख का जुर्माना लगाया और पूर्व सीएम की चार संपत्तियों को भी जब्त कर लिया। सीबीआई ने 26 मार्च, 2010 को दायर अपने आरोप पत्र में चौटाला की आय से अधिक संपत्ति (डीए) की सीमा की गणना लगभग 6.09 करोड़ की थी। निचली अदालत ने पूर्व सीएम को आय से अधिक संपत्ति रखने के लिए दोषी पाया था। हालांकि, चौटाला को केवल दो साल और आठ महीने के वास्तविक कारावास से गुजरना होगा क्योंकि अदालत ने उन्हें दंड प्रक्रिया संहिता ■ शेष पृष्ठ 6 पर

सीबीआई ने कीर्ति चिदंबरम से तीसरे दिन भी की पूछताछ

नई दिल्ली (वार्ता)। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने कांग्रेस सांसद कीर्ति चिदंबरम से कथित रूप से रिश्वत लेकर चीनी नागरिकों को वीजा देने के एक मामले में लगातार तीसरे दिन शनिवार को भी पूछताछ की।

कीर्ति से चीनी नागरिकों को वीजा जारी करने के संबंध में सीबीआई ने शुक्रवार को सात घंटे तक पूछताछ की थी, जिसके बाद शनिवार को वह एजेंसी के मुख्यालय पहुंचे।

कीर्ति ने लिखा ओम बिरला को पत्र: कांग्रेस सांसद कीर्ति चिदंबरम ने शुक्रवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को एक पत्र लिखा, जिसमें उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले सप्ताह उनके ठिकानों पर छापेमारी के दौरान सीबीआई के अधिकारियों ने सूचना और प्रौद्योगिकी की संसदीय स्थायी समिति से संबंधित अत्यंत गोपनीय कागजात जब्त कर लिए। पत्र में कहा कि वह इस समिति के सदस्य भी हैं। सीबीआई की यह कार्रवाई संसदीय विशेषाधिकार का उल्लंघन है। मैं पूरी तरह से अवैध और असंवैधानिक कार्रवाई का शिकार हुआ हूं। सीबाआई द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार सीबीआई ने पिछले सप्ताह कार्ति चिदंबरम और उनके सहयोगी ■ शेष पृष्ठ 6 पर

केरल में कोरोना से 33 लोगों की मौत



नई दिल्ली (वार्ता)। देश में पिछले 24 घंटे में केरल और राजस्थान में कोरोना वायरस (कोविड-19) संक्रमण से 33 लोगों की मौत हुई है। इसी के साथ ही इस बीमारी से मरने वालों की संख्या बढ़कर पांच लाख चार हजार 572 हो गई है। इसी दौरान केरल में सबसे अधिक 32 लोगों की मौत हुई हैं जबकि राजस्थान में एक व्यक्ति ने दम तोड़ा। शनिवार को 2,710 नये मामले सामने आए हैं इसी के साथ कुल मामलों चार करोड़ 31 लाख 50 हजार 215 पहुंच गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक, पिछले 24 घंटे में 2,685 लोग कोविड से मुक्त हुए हैं और इसी के साथ अब तक कुल चार करोड़ 26 लाख सात हजार 177 मरीज कोविड से उबर चुके हैं। देश में इस वक्त कोरोना से स्वस्थ होने की दर 98.75 प्रतिशत है। वहीं, सक्रिय दर 0.04 प्रतिशत और मृत्यु दर 1.22 प्रतिशत है। केरल में कोरोना वायरस के 221 सक्रिय मामले बढ़कर 4,723 हो गये हैं।

अनंतनाग में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़, दो आतंकी ढेर

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर में बढ़ती आतंकी घटनाओं के बीच सुरक्षाबलों का ऑपरेशन घाटी जारी है। शनिवार को अनंतनाग में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ हुई। अनंतनाग एनकाउंटर में सुरक्षाबलों ने दो आतंकियों को ढेर कर दिया है। कश्मीर जोन पुलिस का कहना है कि ऑपरेशन जारी है।

कश्मीर जोन पुलिस ने जानकारी दी कि अनंतनाग के के बिजबेहरा इलाके के शितिपोरा में आतंकियों के छिपे होने की सूचना मिली थी। जिसके बाद इलाके की घेराबंदी की गई और ऑपरेशन चलाया गया। अभी तक दो आतंकियों को ढेर किया जा चुका है। साथ ही आतंकियों के कब्जे से हथियार और गोला-बारूद सहित आपत्तिजनक सामग्री बरामद हुई है।

जापानी रेड आर्मी सह-संस्थापक की 20 साल बाद जेल से रिहाई

टोक्यो (वार्ता)। जापान में आतंकवादी संगठन के रूप में घोषित 'जापानी रेड आर्मी' की संस्थापक फुसाको शिगेनोबु को 20 साल की सजा काटने के बाद शनिवार को जेल से रिहा कर दिया गया। न्यूज एजेंसी क्योडो ने यह जानकारी दी।

न्यूज एजेंसी के अनुसार जापानी रेड आर्मी आतंकवादी समूह की सह-संस्थापक 76 वर्षीय शिगेनोबू ने अपने एक समूह के एक सदस्य की रिहाई के लिए 1974 में फ्रांसीसी दूतावास और अन्य को बंधक बना लिया था तथा इसके साथ ही उन्होंने इजरायली हवाई अड्डे पर एक घातक हमला भी किया था। जिसके आरोप में उन्हें 20 साल सुनाई गयी और अब सजा पूरी होने के बाद आज उन्हें जेल से रिहा किया गया। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

बीजापुर के डीएम-एसपी को मानवाधिकार आयोग का नोटिस

■ सुरक्षा बलों ने गांव पर किया था हवाई हमला

नई दिल्ली। बीजापुर के गांव पर अप्रैल में हुए हवाई हमले मामले में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने रिपोर्ट तलब की है। आयोग ने नोटिस में शिकायत की कॉपी बीजापुर डीएम और एसपी के पास भेजते हुए उनसे मामले में चार हफ्ते के अंदर रिपोर्ट पेश करने के लिए कहा गया है। आयोग ने अधिकारियों ■ शेष पृष्ठ 6 पर

आयोग से हस्तक्षेप की मांग

मानवाधिकार आयोग ने बीजापुर के डीएम और एसपी को 23 मई को यह नोटिस जारी किया है। डिग्री प्रसाद चौहान नाम के कार्यकर्ता ने राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के सामने 17 अप्रैल को शिकायत दर्ज कराई थी। इसमें उन्होंने आरोप लगाया था कि बीजापुर के जंगलों में ऑपरेशन के दौरान सुरक्षा बलों ने हवाई हमले किए थे। चौहान के मुताबिक इन हमलों में गांव के कई घरों को नुकसान पहुंचा था। शिकायतकर्ता ने इस पूरे मामले में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग से हस्तक्षेप की मांग की है। मानवाधिकार आयोग ने नोटिस में शिकायत की कॉपी बीजापुर डीएम और एसपी के पास भेजते हुए उनसे मामले में चार हफ्ते के अंदर रिपोर्ट पेश करने के लिए कहा गया है। वहीं इस तय समय के भीतर रिपोर्ट न भेजने पर ह्यूमन राइट्स एक्टर 1993 के सेक्शन 13 के तहत अधिकारियों को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने की बात भी कही गई है।

गरमा-गरम

विवाद... **हाई कोर्ट के फैसले के बाद भी अड़ी छात्राएं, सीएम बसवराज बोम्मई भी सख्त**

कर्नाटक में फिर गहराया हिजाब विवाद

बेंगलुरु (ए.)। कर्नाटक में एक बार फिर हिजाब विवाद गहराने लगा है। कर्नाटक हाई कोर्ट के कक्षाओं में ड्रेस पहनने को लेकर दिए आदेश के बावजूद मैंगलोर यूनिवर्सिटी में छात्राएं हिजाब पहनकर कॉलेज आने को लेकर अड़ी हैं। शनिवार को भी वे हिजाब पहने हुए कॉलेज पहुंची। जब उन्हें कक्षा में घुसने के लिए हिजाब उतारने को कहा गया तो उन्होंने इनकार कर दिया। इसके बाद वे वापस लौट गईं। इससे पहले हिजाब न पहनने को लेकर गुरुवार के दिन भी कुछ छात्राओं ने कॉलेज प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन किया था। इस बवाल के बीच प्रदेश के सीएम बसवराज बोम्मई और शिक्षा मंत्री बीसी नागेश का कहना है कि अदालत इस मामले में पहले ही फैसला सुना चुकी है। कक्षाओं में सिर्फ ड्रेस पहनने की ही अनुमति होगी।

इस साल के अंत तक होने हैं विस चुनाव-

कर्नाटक में इस साल के अंत तक विधानसभा चुनाव होने हैं। प्रदेश में मलाली मंदिर मस्जिद विवाद और अब एक बार फिर कक्षाओं में हिजाब पहनने को लेकर विवाद शुरू हो गया है। हिजाब का मुद्दा गुरुवार को एक बार फिर राज्य में तब सामने आया जब मैंगलोर के यूनिवर्सिटी कॉलेज की छात्राओं के एक समूह ने कक्षाओं का बहिष्कार किया और आरोप लगाते हुए परिसर में ■ शेष पृष्ठ 6 पर

अदालतें जो भी फैसला लेती हैं, उसका पालन करना होता है: सीएम

कर्नाटक में हिजाब विवाद फिर से शुरू होने पर सीएम बसवराज बोम्मई ने कहा कि कोई मुद्दा उठाने की कोई आवश्यकता नहीं है। अदालत पहले ही अपना फैसला दे चुकी है। उन्होंने आगे कहा कि हर कोई अदालत के निर्देश का पालन कर रहा है। अदालतें जो भी फैसला लेती हैं, उसका पालन करना होता है। कर्नाटक के शिक्षा मंत्री बीसी नागेश ने कहा कि राज्य भर के स्कूल और कॉलेज परिसरों में केवल वर्दी की अनुमति है। उन्होंने कर्नाटक उच्च न्यायालय के आदेश का भी पालन करने पर जोर दिया। गौरतलब है कि 14 मार्च को कर्नाटक उच्च न्यायालय ने फैसला सुनाया था कि हिजाब पहनना इस्लाम की एक आवश्यक धार्मिक प्रथा नहीं है। इसलिए अदालत ने कक्षाओं में ड्रेस पहनने के निर्देश जारी किए थे।

सूर्य करने वाले हैं रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश

नौतपा में बारिश होना अशुभ

मान्यता है कि नौतपा के दौरान बारिश नहीं होनी चाहिए, ऐसा होना मौसम के लिहाज से अशुभ माना जाता है। दरअसल, नौतपा के दौरान समुद्री क्षेत्रों में वाष्पीकरण की प्रक्रिया तेज हो जाती है, ऐसे में बारिश होने से यह प्रक्रिया रुक जाती है और फिर बारिश के मौसम में पर्याप्त बारिश नहीं होती है। इससे जल संकट पैदा हो जाता है। नौतपा जैसे की इसके नाम से ही स्पष्ट होता है नौ दिन तक पृथ्वी का तापमान अधिक रहेगा। ज्योतिष की गणना के अनुसार जब सूर्य वृषभ राशि की यात्रा के दौरान रोहिणी नक्षत्र में आकर 10 से 20 अंश तक रहता तब इसे नौतपा कहा जाता है। इन नौ दिनों तक सूर्य पृथ्वी के काफी नजदीक आ जाता है। रोहिणी नक्षत्र में सूर्य करीब 15 दिनों तक रहता है। लेकिन नौतपा के शुरुआती 9 दिनों में ज्यादा तापमान रहता है जिसके कारण गर्मी ज्यादा रहती है। पृथ्वी पर सूर्य का तापमान 9 दिनों तक सबसे ज्यादा रहता है इस कारण से इसे नौतपा कहता है।

गर्मियों के मौसम में जब सूर्य देव रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश करते हैं तो नौतपा की शुरूआत होती है। इस दौरान भीषण गर्मी पड़ती है। सूर्य की तीखी किरणें धरती को बुरी तरह तपाती हैं। वैसे तो सूर्य 14 दिन तक रोहिणी नक्षत्र में रहते हैं लेकिन नौतपा 9 दिन के ही होते हैं। इन 9 दिनों में ही सबसे ज्यादा गर्मी पड़ती है। इस साल 25 मई से नौतपा लगेंगे, जो कि 2 जून तक चलेंगे। इसके बाद 8 जून को सूर्य के रोहिणी नक्षत्र से निकलते ही शीतला शुरू होंगे। सूर्य 12 राशियों 27 नक्षत्रों में भ्रमण करता है। ज्योतिष के अनुसार सूर्य कुंडली में जिस भी ग्रह के साथ बैठता है तो उसके प्रभाव का अस्त कर देता है। रोहिणी नक्षत्र का अधिपति ग्रह चंद्रमा होता है। ऐसा में जब सूर्य रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश करता है तो वह चंद्र की शीतलता के प्रभाव पूर्णतः समाप्त करके ताप बढ़ा देता है। यानी पृथ्वी को शीतलता प्राप्त नहीं हो पाती। इस कारण ताप अधिक बढ़ जाता है। नौतपा के दौरान सूर्य की किरणें सीधी पृथ्वी पर आती जिसके चलते तापमान बढ़ता है। इस अधिक तापमान के कारण मैदानी क्षेत्रों में निम्न दबाव का क्षेत्र बनता है जो समुद्र की लहरों को आकर्षित करता है। इस कारण कई जगहों पर ठंडी, तूफान और बारिश जैसे आसार भी नजर आने लगते हैं। बस इस दौरान हवाएं भले ही चलें लेकिन बारिश नहीं होना चाहिए तो फिर बारिश का सिस्टम अच्छे से बन जाता है। जैसे कहते हैं कि अच्छे से पका हुआ भोजन ही स्वाद देता है।

नौतपा में क्यों पड़ती है गर्मी?

नौतपा में गर्मी बढ़ने का एक वैज्ञानिक कारण भी है। कहा जाता है कि इस दौरान सूर्य की किरणें सीधे पृथ्वी पर पड़ती हैं, जिस वजह से धरती का तापमान बढ़ जाता है। मौसम विज्ञान मानसून को नौतपा में गिरते पानी से प्रभावित मान रहा है। इस बार नौतपा 25 मई को पड़ रहा है जिसमें सूर्य दोपहर 2 बजकर 50 मिनट पर रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश करेंगे और 8 जून को सुबह 6 बजकर 40 मिनट तक रोहिणी नक्षत्र में रहेंगे। चूंकि इस दौरान प्रचंड गर्मी और धूल भरी आंधी के साथ बारिश की संभानवा रहती है। ऐसे में शादी विवाह जैसे मांगलिक कार्यक्रम न करने की सलाह दी जाती है। इस दौरान दूर की यात्रा नहीं करनी चाहिए क्योंकि इस समय सूर्य रोहिणी नक्षत्र में होता है और उसकी किरणे सीधा पृथ्वी पर पड़ती हैं। जिससे पृथ्वी का तापमान बढ़ जाता है। इस दौरान तेज हवाएं चलती हैं, बवंडर की स्थिति बनती है।

सभी ग्रहों के अधिपति भगवान सूर्य बृषभ राशि की यात्रा के मध्य 25 मई को दोपहर 02 बजकर 51 मिनट पर रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश कर रहे हैं। इनके बृषभ राशि में प्रवेश के साथ ही ग्रीष्मऋतु की युवावस्था आरम्भ हो चुकी है और इसी दिन से गर्मी का चरम 'नौतपा' भी आरम्भ हो जाएगा। इनकी तपिश के परिणामस्वरुप मानसून बनने की प्रक्रिया का शुभारम्भ भी हो जाएगा जिसके फलस्वरूप कृषक वर्ग खरीफ की फसलों की बुवाई की तैयारी में लग जाएंगे। नौतपा के मध्य आगजनी की घटनाएं सबसे ज्यादा होती हैं किन्तु पृथ्वी पर जन-जीवन के लिए हानिकारक विषाणुओं का शमन होने लगता है।

शास्त्र कहते हैं कि केवल सूर्य की ही आराधना से ही मनुष्य की जन्मकुंडली में विराजमान सभी ग्रहदोषों से मुक्ति मिलती है। प्रत्यक्ष देवता सूर्य और चन्द्र में दोनों में ही पूर्व के जन्मों के पाप शमन करने शक्ति रहती है। 'पूर्व जन्म कृतं पापं व्याधि रूपेण जायते' अर्थात पूर्व के जन्मों में किया गया पाप रोग के रूप में उत्पन्न होता है। इन्हें अर्घ्य देकर और प्रणाम करके ही प्राणी भवसागर से मुक्त हो जाता है। जैसे रत्नों का आश्रय मेरुपर्वत, आश्चर्यों का आश्रय आकाश, तीर्थों का आश्रय गंगा हैं उसी प्रकार सभी देवाताओं के आश्रय भगवान सूर्य हैं। देवगण भी भगवान सूर्य की ही आराधना करते हैं। इस चराचर जगत में सभी प्राणियों के हृदय के ही सूर्य का निवास है यही जगतात्मा हैं, इनके रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश और नौतपा के आरम्भ होने के परिणामस्वरूप गर्मी और लू से बचने के उपाय करते रहें।

नौतपा और ज्योतिषीय गणना

नौतपा 3 जून तक रहेगा। सूर्य के वृषभ राशि में रहते हुए जब रोहिणी नक्षत्र में आते है तब नौतपा आरंभ हो जाता है। रोहिणी नक्षत्र में सूर्य के विराजमान होने पर गर्मी अपने चरम पर होती। ज्योतिष गणनाओं के मुताबिक पूरे नौतपा के दौरान मीन, मेष और वृष राशि में तीन ग्रहों की युति रहेगी। इसके अलावा नौतपा से पहले शुक्र मेष राशि में। मंगल और गुरु का नक्षत्र एक ही रहेगा और बुध वक्री और अस्त भी रहेगा। नौतपा के दौरान ग्रहों की ये स्थिति मौसम में अचानक बदलाव होने के संकेत दे रहे हैं। इसके अलावा दुर्घटनाएं और जन-धन हानि की भी आशंका है।

कब होता है नौतपा ?

नौतपा जैसे की इसके नाम से ही स्पष्ट होता है नौ दिन तक पृथ्वी का तापमान अधिक रहेगा। ज्योतिष की गणना के अनुसार जब सूर्य वृषभ राशि की यात्रा के दौरान रोहिणी नक्षत्र में आकर 10 से 20 अंश तक रहता तब इसे नौतपा कहा जाता है। इन नौ दिनों तक सूर्य पृथ्वी के काफी नजदीक आ जाता है। रोहिणी नक्षत्र में सूर्य करीब 15 दिनों तक रहता है, लेकिन नौतपा के शुरुआती 9 दिनों में ज्यादा तापमान रहता है जिसके कारण गर्मी ज्यादा रहती है। पृथ्वी पर सूर्य का तापमान 9 दिनों तक सबसे ज्यादा रहता है इस कारण से इसे नौतपा कहता है।

नौतपा और मान्यताएं

ऐसी मान्यता है कि नौतपा के दौरान अगर बारिश न हो और वातावरण भी ठंडा न हो तो आने वाले दिनों में अच्छी बारिश होने की संभावना होती है। नौतपा में सूर्य रोहिणी नक्षत्र में रहते हुए मानसून गर्भ में रहता है इसी कारण से नौतपा को मानसून का गर्भकाल माना जाता है। हर साल जेठ के महीने में ग्रीष्म ऋतु के साथ नौतपा की शुरुआत हो जाती है।

गर्मी के बाद भी बच्चे करते हैं मस्ती

ग्रीष्म ऋतु साल की चार ऋतुओं में से एक ऋतु है। साल का सबसे गर्म मौसम होने के बावजूद बच्चे इसे सबसे अधिक पसंद करते हैं, क्योंकि इस दौरान उन्हें बहुत तरीकों से मस्ती करने का समय तथा गर्मी की छुट्टियों का आनंद लेने का अवसर मिलता है।

ग्रीष्म ऋतु पृथ्वी के घूर्णन अक्ष के सूर्य की ओर होने के कारण होती है। गर्मी का मौसम बहुत ही शुष्क और गर्म (भू मध्य सागरीय क्षेत्रों में) और बरसात का मौसम (पूर्वी एशिया में मानसून के कारण) लाता है। कुछ स्थानों पर, गर्मी के दौरान वसंत ऋतु में तूफान और बवंडर (जो विशेष रुप से सुबह और शाम के समय तेज और गर्म हवाओं के कारण उत्पन्न होता है) बहुत ही आम बात है।

गर्मी की छुट्टियां

शहरी क्षेत्रों में रहने वाले बहुत से लोग बहुत अधिक गर्मी को नहीं सहन कर पाते हैं, जिसके कारण वे गर्मी की छुट्टियों में अपने बच्चों के साथ समुद्र तटीय स्थानों, पहाड़ी क्षेत्रों, ठंडे स्थानों पर कैम्पों या पिकनिक के लिए जाते हैं। इस दौरान वे तैराकी, गर्मी के मौसमी फलों को खाने और ठंडे पेय पदार्थों का आनंद लेते हैं। कुछ लोगों के लिए, गर्मियों का मौसम अच्छा होता है, क्योंकि वे उन दिनों में ठंडे स्थानों पर मनोरंजन और मस्ती करते हैं, हालांकि यह मौसम गरमी से राहत पाने वाले संसाधनों की कमी के कारण, ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के लिए असहनीय होता है। कुछ स्थानों पर, लोग अपने क्षेत्रों में पानी की बहुत अधिक किल्लत या कमी से पीड़ित होते हैं और उन्हें बहुत अधिक दूरी तक पानी को लेकर जाना पड़ता है।

यह पूरा मौसम बच्चों के लिए बहुत अच्छा होता है, क्योंकि उन्हें गर्मियों की छुट्टियों के रुप में अपने घर में परिवार के साथ मस्ती के लिए, किसी ठंडे स्थान पर घूमने के लिए, तैराकी का आनंद लेने के लिए, मौसमी फलों के साथ आइस-क्रीम का आनंद लेने के लिए एक महीने 15 दिन (डेढ़ महीने) का समय मिलता है। आमतौर पर, लोग सूरज निकलने से पहले टहलने के लिए जाते हैं, क्योंकि इस दौरान उन्हें ठंडक, शान्ति और ताजी हवा का आनंद लेने का अवसर मिलता है।

ग्रीष्म ऋतु से जितना लाभ हैं उतनी ही हानियाँ हैं। यदि ग्रीष्म ऋतु न होती तो अनाज कैसे पकता? वर्षा कैसे होती? अतः इस ऋतु का अपना ही महत्व है। हमें इस ऋतु में सदा साफ-सुथरा रहना चाहिए। हमें इस ऋतु में हल्का भोजन करना चाहिए। प्रातः और सायं घूमने के लिए अवश्य जाना चाहिए ताकि सायं का ताजी हवा का आनंद ले सके। हालांकि लू लगने के कारण इस ऋतु में कई लोगों की मृत्यु भी हो जाती है परन्तु यदि सही उपायों को अपनाया जाये तो गर्मी के कई सारे दुष्प्रभावों से आसानी से बचा जा सकता है। यह होली के त्योहार के बाद पड़ता है और बरसात के मौसम की शुरुआत के साथ खत्म होता है। गर्मी के मौसम के दौरान वाष्पीकृत पानी वाष्प के रुप में वातावरण में संग्रहित हो जाता है।

कविता

सेवा के निशेनी

चन्द्रकांत खुंटे

मनखे सेवा के किसानी ल,करही त करही कोन?
रोग-मांदी सब्बो बोवथे,घाँ म दुआई भरही कोन?

मन -फरी होय के तरिया ल,भरही त भरही कोन?
नहोइय्या तो जम्मो कोई,मोर गोठ ल धरही कोन?

जुच्छा सुवारथ के बारी ल, बोही त बोही कोन?
निचट गरीब सियनहा मन के, बाढ़ी ल ढोही कोन?

सला-सुमता के नांगर ल, जोतही त जोतही कोन?
दुखी-भुखी मन बर, पेट के दगहा ल पोतही कोन?

खचवा-डिपरा के भरका के, पाटही त पाटही कोन?
जम्मो चलय उही रद्दा म, आरुग मनखे छाटही कोन?

सेवा-सत्कार के निशेनी म, चड़ही त चड़ही कोन?
सुक-सुवारथ के डोरी धर, दूसर बर लड़ही कोन?

गोठेइय्या तो जम्मो कोई ए, करही त करही कोन?
जुच्छा दाम के बुता-काम के, अंगरा म जरही कोन?

लघुकथा

सेवानिवृत्त पाजामा

विजय मिश्रा अमित

प्रदीप भोले प्रथम श्रेणी के उच्च अधिकारी पद से सेवानिवृत्त हुए थे ।उनकी दिनचर्या में खान-पान पहनावा सब कुछ ऊंचे दर्जे का ही शामिल था। घर पर रहते समय अथवा रात को सोते समय सफेद पजामा कुर्ता पहनना उनकी आदत में शुमार था ।सेवानिवृत्ति के बाद भी अपनी इस जीवन शैली को उन्होंने अपनाए रखा था,पर सत्तर वर्ष की आयु में अपने लिए नया पजामा कुर्ता बाजार से खरीद कर लाना संभव नहीं था,अतः उन्होंने एक दिन अपने बेटे से दो जोड़ी सफेद पजामा कुर्ता खरीद कर लाने का फरमान जारी कर दिया ।

बूढ़े पिता के फरमान का पालन करना तो दूर सुनना भी बेटे और बहू को नागवार गुजरा।बहू ने अपने पति के चेहरे पर उभरे भाव से परख लिया था कि उन्हें पापा श्री का यह फरमान पसंद नहीं आया है।फौरन मौका पर चौका मारते हुए प्रदीप भोले की पत्नी ने कहा- पापाश्री के आशीर्वाद से आप शासकीय विभाग में उच्च श्रेणी के अधिकारी के पद पर सेवारत हैं।आपको भी दौरे पर जाना रहता है। याद है पापाजी दौरे पर जाते समय हमेशा सफेद पजामा कुर्ता बैग में लेकर जाया करते थे। आप भी इस जीवन शैली को बनाए रखें।पापा जी को अच्छा लगेगा। श्रीमती जी की बातों से प्रदीप भोले सहमत हुए । वे आगे कुछ कहते उसके पहले बहुरानी ने कहा - पापाश्री के लिए नया कुर्ता पाजामा खरीदने के बजाय अपने पुराने कुर्ता पाजामा उन्हें दे दीजिए,क्योंकि वह तो घर पर ही पहनेंगे।आपको तो बाहर दौरे पर भी जाना होता है,और वे तो सेवानिवृत्त हो गए।सेवानिवृत्त पाजामा उनके काम आ जाएंगे।भोले जी को अपनी चतुर पत्नी की सोच और मितव्ययिता भरा सुझाव भा गया था।वह अपने पुराने पाजामा कुरता लेकर पापाजी के पास पहुंचे और पुराना पाजामा देते हुए बोले- पापा जी यह मुझे ढीले होते हैं। आप इसे इस्तेमाल कर लीजिए। मैं अपने लिए नया ले आऊंगा। बेटे की बात सुनकर भोले जी ने बनावटी हंसी का सहारा लिया और बोले- शाबाश बेटे,तूमअब बहुत होशियार हो गए हो। पुरानी चीजों का उपयोग कैसा करना है यह बखूबी समझ गए हो।इतना कहकर वे मन ही मन बुदबुदाए मैं भी पुराना हो चुका हूं और मेरा उपयोग कैसा होना चाहिए यह भी तुम भली-भांति समझ गए हो। सेवानिवृत्त पापा जी को सेवानिवृत्त पाजामा देकर प्रदीप भोले के चेहरे पर विजयी मुस्कान आ गई।जिसे देखकर पुराने पाजामा कुर्तों को भी रोना आ गया था।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

भगवान ने जब

भगवान ने जब मानव को क्षुदा दी और पोषण के लिए माँ दी,पर ये स्वप्न में भी नहीं सोचा होगा कि मानव से दानव बनने वाले कुछ लोग इस देव रूपी माँ को ही काट पका कर खा जायेंगे। पापी तो कंस भी था पर उस ने भी कभी गाय को नही मारा। गोकुल से दूध और दही माखन सब मथुरा जाता था। हाय रे कलयुग के दानव तूने तो माँ को ही अपनी प्लेट में सजा डाला।

- संध्या चतुर्वेदी

हटाने होंगे अपने

हटाने होंगे अपने हाथों से पत्थर निकालने होंगे खुद ही चुभे काँटे ज़ख्म भी सहलाने होंगे खुद ही नहीं चलता कोई सँग किसी के आज चलना होगा आगे भी खुद ही पड़ेगा संभलना गिरने से होगा बचना थामे रखना होगा सिर्फ खुद के सत्य को नहीं आना किसी भी फरेब में नहीं फँसना किसी बेबुनियाद झूठ में।

- मधुलिका शुक्ला

ख़ास पाती

कभी जिन्दगी शोला है और

कभी जिन्दगी शोला है और कभी जिन्दगी है शबनम कभी जिन्दगी में खुशियां हैं और कभी जीवन में गम कभी धूप हैं कभी छांव है फूल भी हैं और कांटे भी कभी जिन्दगी में उजियारा और कभी है गहरा तम कहीं बाग में पंछी चहके और कहीं पिंजरे में हैं कहीं पे सूखी धरती व्याकुल और कहीं बारिश रिमझिम कहीं पे धन की वर्षा होती, नहीं कहीं निर्धन पर धन कहीं प्रेम और अपनापन है, और बरसते कहीं पे बम कहीं पे लूट खसोट मची, कोई कहीं लुटाता अपना सब कोई ऐश महल में लेता, रोड़ पे निकले किसी का दम सबका जीवन अलग यहां पर, सबके सुख और दर्द अलग सभी भाग्य में जितना है उतना पाते न ज्यादा, कम। **- शालिनी शर्मा**

रोज बचाकर रखती हूँ तुम्हारे

रोज बचाकर रखती हूँ तुम्हारे हिस्से की धूप पता नही जहाँ तुम हो वहाँ यह पहुँचती भी होगी या नही मेरे छत पर अक्सर एक हिस्सा छाँव बन ठहर जाता है शायद वही हिस्सा तुम्हारा है संकेत देता मुझे की सुनो पल भर बैठ जाया करो उस हिस्से के पास एक अँजुरी धूप ले और अहसास करना मेरी नमी का तुम सुनो की यह छाँव बहुत नम करती है मेरी धूप भरी अँजुरी को अपने हिस्से का आसमाँ छोड़ आओ न तुम मेरे हिस्से के आसमाँ तले बहुत दिन हुए तुम सँग बैठे हुए। **- सुरेखा अग्रवाल**

ऐसा लगता देश में है कवियों की

ऐसा लगता देश में ,है कवियों की फौज। कविता का टोटा पड़ा ,करें प्रकाशक मौज। करें प्रकाशक मौज, न समझें जिम्मेदारी। काव्य तत्व रस हीन,किताबें छापें भारी। धन है जिनके पास ,छपें वे देकर पैसा। रोए सच्चा काव्य, चलेगा कब तक ऐसा। **- डॉ.बिपिन पाण्डेय**

क्या लंदन के कैंब्रिज विश्वविद्यालय



क्या लंदन के कैंब्रिज विश्वविद्यालय का स्तर इतना गिर गया है... कि वहां राहुल गांधी... और 9 वीं पास तेजस्वी यादव जैसे नेता को ज्ञान बांटने के लिए बुलाया जाता है... जिन्हें हमारे भारत में भाव ना देता हो।

- कुमार संतोष

यकीन सहमा कभी हमारा प्रयास

यकीन सहमा कभी हमारा प्रयास ठहरा कभी हमारा।। गले लगाकर वफा को अपनी। वजूद महका कभी हमारा। है गर्दिश ए वक्त की अदावत। जवाँ था जलवा कभी हमारा।। लगाए तुहमत मुरीद था यूँ। यही जमाना कभी हमारा।। अनिल यकीं इश्क को है अब भी। विसाल होगा कभी हमारा।

- अनिल शर्मा

जो पल बीत गये कभी लौट कर नही आते एक वक्त बाद भी रह

जो पल बीत गये कभी लौट कर नही आते एक वक्त बाद भी रह रह के हमें है तड़पाते यादें रह जाती है बस उम्र भर साथ हमारे जो लोग चले है वो फिर दोबारा नही आते दुनियां यूँ ही चलती अपने रंग में है ढलती बस यादें रह जाती है बिछड़े लोग नही आते इक उम्र गुजार देते है हम जिनकी याद में वो लोग चले जाते कभी वापस नहीं आते रोज सूरज निकलता है और रात भी आती सब होते संग हमारे बस तुम ही नही आते तुम कहके तो गये थे जल्दी ही आ जाओगे हम तकते है पथ को पर तुम ही नही आते सूनी सी अखियों में अब आस नही है कोई जो पल गुजर गये कभी बापस नही आते।

-रश्मि ठाकुर

QUIZ TIME

1) किस कंपनी ने पेट्रोल के साथ मेथनॉल के 15 प्रतिशत मिश्रण के साथ एम15 पेट्रोल लॉन्च किया?
2) जिवला किस राज्य सरकार द्वारा शुरू की गई एक विशेष ऋण योजना है?
3) सरकारी स्कूलों में नाश्ता देने वाला देश का पहला राज्य कौन सा है?
4) भारतीय रेलवे द्वारा शुरू की गई थीम आधारित पर्यटक सर्किट ट्रेनों का नाम क्या है?
5) द बाख लॉन्ग ब्रिज कांच का सबसे लंबा पुल किस देश में स्थित है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन (2) महाराष्ट्र (3) तमिलनाडु (4) भारत गौरव ट्रेनें (5) वियतनाम

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1658- सामुगढ़ की लड़ाई में औरंगजेब ने दारा शिकोह को शिकस्त दी। 1922- इक्वाडोर को आजादी मिली। 1947- इंडियन स्टैंडर्ड इंस्टिट्यूट की स्थापना। 1953- शेरपा तेनजिंग और न्यूजीलैंड के पर्वतारोही एडमंड हिलेरी ने इतिहास में पहली बार माउंट एवरेस्ट के शिखर पर पहुंचने में कामयाबी हासिल की। 1968- दारा सिंह ने पहलवानी में विश्व चैंपियनशिप जीती। 1970- सोवियत संघ ने भूमिगत परमाणु परीक्षण किया। 1972- मशहूर रंगकर्मी और भारतीय सिनेमा के अभिनेता पृथ्वी राजकपूर का निधन। 1985- यूरोपीय फुटबॉल कप के दौरान दो टीमों के प्रशंसकों के बीच हुई झड़प में 39 लोगों की मौत हो गई। 1987- भारत के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह का निधन। 1988- पाकिस्तान के राष्ट्रपति जिया उल हक ने सरकार को बर्खास्त कर संसद को भंग किया। 1999- डिस्कवरी अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष केन्द्र से जुड़ा। 1999- नाइजीरिया में नई सत्ता व्यवस्था स्थापित की गई। 2007- जापान की रियो मोरी मिस यूनिवर्स बनीं। 2010 - प्रसिद्ध अमेरिकी बाल कलाकार गैरी कोलमैन का निधन। 2010 - भारत की राष्ट्रपति प्रतिभा पाटिल ने चीन के हेनान प्रांत के लुओयांग में पहली सदी के प्राचीन श्वेताश्व व्हाइट हार्स मंदिर परिसर में भारतीय शैली से निर्मित एक बौद्ध मंदिर का लोकार्पण किया। 2015- भारत के तेलंगाना और आंध्र प्रदेश में भीषण गर्मी के प्रकोप से 1800 लोगों की मौत।

पहले भृत्य से बाबू बना, अब बाबू से भृत्य

■ बीजापुर डीईओ ने जारी किया निरस्ती का आदेश

संजय लिखितकर

बीजापुर/नवप्रदेश। फिल्म कालाबाजार में एक गाना बहुत सटीक था, झन-झन की सुनो झनकार...कि पैसा बोलता है। शायद यह गाना भृत्य से बाबू और अब बाबू से भृत्य बने शासकीय सेवक पर भी सटीक बैठ गया है। इस पदावनत बाबू पर ही कार्यवाही क्यों? उस अधिकारी पर क्यों नहीं जिसने वरिष्ठ भृत्य को छोड़कर कनिष्ठ भृत्य को पदोन्नति देकर बाबू बना दिया? सारे प्रशासनिक नियमों को पैसों के लिए ताक पर रखकर शासन और प्रशासन को गुमराह किया, उस पर भी कार्रवाई होनी चाहिए। तत्कालीन भाजपा सरकार के द्वितीय कार्यकाल में इस तरह भर्ती प्रक्रिया में बहुत घालमेल हुआ है। जिन्होंने साक्षरता परीक्षा उत्तीर्ण की है, वे पहले ही 12 वीं, स्नातक व स्नातकोत्तर हो चुके थे। बीजापुर जिला शिक्षा अधिकारी ने रवि रापर्ती सहायक ग्रेड-3 को शाउमावि मद्देड़ से पदोन्नति निरस्त कर उन्हें भृत्य के पद पर पदावनत करते हुए शाउमावि मिरतुर विखं भैरमगढ़ में पदस्थ करने के लिए अनुमोदित किया गया।



क्या है मामला

कार्यालयीन आदेश क्रमांक/3183/ जि. शि.अ./ स्था./ पदोन्नति/2020-21 बीजापुर दिनाँक 27/01/2021 के तहत भृत्य से सहायक ग्रेट -03 के पद पर पदोन्नति की गई थी। उक्त पदोन्नति आदेश में सरल क्रमांक (11) रवि रापर्ती एवं सरल क्रमांक (12) सभद्रा तलाण्डी के पदोन्नति प्राप्त करने के विरुद्ध श्रीराम नाग, रामाराव, नवनीत चेन्नूर आदि के द्वारा शिकायत कलेक्टर महोदय के समक्ष प्रस्तुत किया गया था। उपरोक्त शिकायत के आधार पर जांच संस्थित करते हुए कार्यालय कलेक्टर जिला- बीजापुर का आदेश क्रमांक/199/ जि./ शि./अ./ जांच/2020-21 बीजापुर दिनाँक 06/05/2021 के अनुसार उमेश पटेल डिप्टी कलेक्टर को जांच अधिकारी नियुक्त किया गया था एवं बी.एल. पुजारी को प्रस्तुतकर्ता नियुक्त किया गया था। जांच अधिकारी द्वारा जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। रवि रापर्ती को नियमानुसार पदक्रम सूची में दिनांक 24/08/2012 से वरिष्ठ दर्शित किया जाना था, जबकि पदक्रम सूची में संबंधित की प्रथम नियुक्ति दिनांक एवं पदग्रहण दिनांक 07/06/2010 अंकित किया गया है गलत है संबंधित वास्तवित प्रथम नियुक्ति तिथि 16/05/2011 है।

विवादों से भरा रहा कार्यकाल

रवि रापर्ती जो पदावनत होकर भृत्य बने संबंधित के कार्यकाल भी विवादो से भरा है। पहले ही 10-12 वी व संभवतः स्नातक और स्नातकोत्तर की परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद साक्षरता परीक्षा सर्वाधिक अंक पाकर चपरासी का पद पाया। नियुक्ति के एक साल बाद दंतेवाड़ा से बीजापुर में स्थानांतरण करवा लिया। उक्त पदावनत भृत्य का नाम स्कूलों के दाखिल- खारिज रजिस्टर में दर्ज है। सूत्रों से पता चला है इसके भाई- बहन ने भी साक्षरता परीक्षा पास करने के पूर्व ही 10-12 वी की परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है। दोनों अभी शासकीय सेवा में पदस्थ है। जिसमें भाई भृत्य से पदोन्नति प्राप्त कर बाबू बना है। लोगों ने इस मामले की जांच की मांग की है।

संबंधित का नियुक्ति दंतेवाड़ा जिले में हुई है, उनकी वरिष्ठता इस जिले में स्थानांतरण के बाद पदभार ग्रहण तिथि से किया जाना था किन्तु संबंधित का वरिष्ठता दिनाँक 07/06/2010 से कर पदोन्नति किया गया जो कि गलत है।

जांच अधिकारी समस्त दस्तावेजों के परीक्षण के बाद जांच अधिकारियों द्वारा गलत पाये जाने के बाद कलेक्टर के आदेश क्रमांक/332/ स्था./ जि. शि. अ./2022-23 बीजापुर दिनाँक 11/05/2022 को रवि रापर्ती सहायक ग्रेड- 03 शा.उ. मा. वि. मद्देड़ से पदोन्नति निरस्त कर उन्हें भृत्य के पद पर पदावनत करते हुए शा. उ. मा. वि. मिरतुर वि. खं. भैरमगढ़ में पदस्थ करने के लिए अनुमोदित किया गया।

बारिश से पहले कराएं नालियों की साफ-सफाई

■ सूरजपुर में माता राजमोहिनी देवी चौक हेतु स्थल का चयन करने के निर्देश

■ मुख्यमंत्री श्री धन्वंतरी क्लीनिक स्वास्थ्य योजना के तहत दवाई उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश

सूरजपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर इफ्फत आरा ने नगरीय निकायों के विभिन्न योजनाओं का बेहतर क्रियान्वन हेतु कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिले के नगर पालिका एवं नगर पंचायत सीएमओ की समीक्षा बैठक की। उन्होंने मुख्यमंत्री श्री धनवंतरी क्लिनिक योजना, पौनी पसारी योजना, नरवा गरूवा घुरवा बाड़ी सहित नगर में संचालित सभी योजनाओं की जानकारी ली तथा बेहतर क्रियान्वन के निर्देश दी। उन्होंने मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के सूरजपुर जिले के भ्रमण के दौरान किए गए माता राजमोहिनी देवी चौक की घोषणा के अनुरूप चौक के लिए स्थल चयन करने नगर पालिका सीएमओ सूरजपुर को निर्देशित किया। उन्होंने नगरीय क्षेत्र में संचालित मुख्यमंत्री श्री धनवंतरी क्लीनिक योजना का लाभ अधिक से अधिक लोगों को प्राप्त हो सके इसके लिए उन्होंने डॉक्टरों से जेनेरिक दवाई लिखने एवं अधिक से अधिक उपयोगी दवाइयों की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दी।

बैठक में संयुक्त कलेक्टर श्री शिव बनर्जी, नगर पालिका सूरजपुर सीएमओ श्री बसंत बुनकर, बिश्रामपुर नगर पंचायत सीएमओ श्रीमती यूफ्रांसिया एक्का, प्रतापपुर नगर पंचायत सीएमओ श्री घनश्याम शर्मा, जरही नगर पंचायत सीएमओ वशिष्ठ ओझा, भटगांव नगर पंचायत सीएमओ प्रवीण उपाध्याय, प्रेम नगर नगर पंचायत सीएमओ श्री सीपी सिंह उपस्थित थे। कलेक्टर सुश्री आरा ने पौनी पसारी योजना की जानकारी ली तथा बॉस, टोकरी, दोना पत्तल सहित अन्य शिल्पकारों को पौनी पसारी योजना की उपयोगिता अधिक से अधिक प्राप्त हो व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने नगरीय क्षेत्र में नरवा गरूवा घुरवा बाड़ी विकास के अंतर्गत गोबर खरीदी, वर्मी कंपोस्ट निर्माण के खरीदी विक्री की व्यवस्था निरंतर दुरुस्त बनाए रखने के निर्देश दिए तथा गौठानो में निर्माणाधीन अपूर्ण कार्य को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं।

कलेक्टर सुश्री इफ्फत आरा ने नगरीय क्षेत्र में सफाई व्यवस्था, बारिश में जल भराव, नालियों की साफ-सफाई के संबंध में जानकारी ली तथा सभी सीएमओ को बारिश प्रारंभ होने से पूर्व नालियों के साफ सफाई करने अभियान चलाने निर्देशित किया जिससे बारिश के मौसम में जलभराव की स्थिति निर्मित ना हो के व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने नगरीय क्षेत्र में रेन वाटर हार्वेस्टिंग की व्यवस्था की जानकारी ली तथा सभी शासकीय भवनों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग लगाने की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने निजी भवनों में भी मकान मालिकों से संपर्क कर रेन वाटर हार्वेस्टिंग लगाने हेतु प्रेरित करने निर्देशित किया है। उन्होंने नगरीय क्षेत्रों में वन अधिकार पट्टा वितरण हेतु स्थल चिन्ह अंकित करने मोहल्ला समिति गठन करने निर्देशित किया।

सेना व अन्य बलों में भर्ती के लिए 100 युवाओं को दिया जाएगा प्रशिक्षण

मुंगेली/नवप्रदेश। सेना एवं अन्य बलों में भर्ती हेतु शारीरिक दक्षता एवं लिखित परीक्षा के संबंध में जिले के 100 युवाओं को प्रशिक्षण दिया जाएगा। शारीरिक दक्षता प्रशिक्षण डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्टेडियम में 01 जून से दिया जाएगा। प्रशिक्षण 02 माह तक निःशुल्क दिया जाएगा। प्रशिक्षण भारतीय सेना से सेवानिवृत्त एक्स सर्विसमैन एवं जिले के दक्ष तथा अनुभवी व्यायाम शिक्षकों द्वारा प्रातः 05 बजे से प्रातः 07 बजे तक दिया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी ने आज यहां बताया कि प्रशिक्षण में भाग लेने वाले युवाओं को प्रशासन की ओर से स्पोर्ट्स शूज दिया जाएगा। प्रशिक्षणार्थियों के लिए निःशुल्क आवास एवं भोजन की व्यवस्था होगी। शारीरिक दक्षता प्रशिक्षण उपरांत लिखित परीक्षा का प्रशिक्षण जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज जमकोर में दिया जाएगा। इस हेतु इच्छुक युवा निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र निःशुल्क प्राप्त कर 31 मई तक जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज जमकोर में जमा कर सकते है

अवैध उत्खनन, जेसीबी व हाईवा जब्त

मुंगेली/नवप्रदेश। कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह के निर्देश पर राजस्व, पुलिस और खनिज विभाग के अधिकारियों द्वारा अवैध उत्खनन और परिवहन करने वालों के विरूद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में मुंगेली अनुविभाग के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्री अमित कुमार के नेतृत्व में आज राजस्व, पुलिस और खनिज विभाग की अधिकारियों द्वारा तहसील मुंगेली के ग्राम नुनियाकछार में दबिश देकर वहां अवैध रूप से मिट्टी उत्खनन एवं परिवहन करने वाले 01 जेसीबी और 01 हाईवा को जब्त कर थाने के सुपुर्द किया गया।

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के अधिकारी यूनियन एआईबीओसी की आम सभा का आयोजन

बिलासपुर/नवप्रदेश। यूनियन बैंक के यूनियन एआईबीओसी के अधिकारियों द्वारा आम सभा का आयोजन शनिवार को किया जा रहा हैं, जिसकी सुचना एआईबीओसी इकाई के क्षेत्रिय सचिव तरुण सिंह ने दो हैं, इस कार्यक्रम का आयोजन बिलासपुर के होटल मेरियट में रखी गई है, कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उपेंद्र कुमार अध्यक्ष, पीएम बालचंद्र, श्रीनाथ, पीके सिन्हा, दीपक नायर इसके अलावा एआईबीओसी के सभी सदस्यों की भागीदारी होगी।

अनुसूचित जाति बालक क्रीड़ा परिसर में प्रवेश के लिए चयन परीक्षा 10 जून को

मुंगेली/नवप्रदेश। जिले के अनुसूचित जाति बालक क्रीड़ा परिसर में सत्र 2022-23 में प्रवेश हेतु 10 जून 2022 को प्रातः 09 बजे से 05 बजे तक पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी इंडोर स्टेडियम में चयन परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त शिल्पा साय ने यहां बताया कि क्रीड़ा परिसर हेतु विद्यार्थियों का चयन 10 खेलों (10 बैटरी परीक्षण) के आधार पर किया जाएगा। उन्होंने बताया कि चयन परीक्षा में अनुसूचित जाति के छात्र की उम्र 12 से 14 वर्ष के बीच होनी चाहिए। प्रशिक्षण की अवधि प्रातः 06 बजे से 08 बजे तक एवं शाम 04 बजे से 06 बजे तक होगी। अवकाश के दिनों में प्रशिक्षण का समय प्रातः 06 बजे से 09 बजे तथा शाम 04 बजे से 07 बजे तक निर्धारित किया गया है।

शादी का झांसा देकर शिक्षिका से दुष्कर्म, आरोपी रेलकर्मी गिरफ्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश। सिविल लाइन क्षेत्र में रहने वाली 45 वर्षीय शिक्षिका को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म का मामला सामने आया है। आरोपित रेलवे कर्मी महिला को शादी करने का झांसा देकर छह साल से संबंध बना रहा था। बाद में वह शादी के मुकर गया। इसकी शिकायत पर पुलिस ने जुर्म दर्ज कर आरोपित रेलकर्मी को पुलिस ने

गिरफ्तार कर लिया है। सिविल लाइन क्षेत्र में रहने वाली 45 वर्षीय महिला कोरबा जिले में शिक्षिका है। उन्होंने अपनी शिकायत में बताया कि छह साल पहले उनकी पहचान जांजगीर-चांपा जिले के अकलतरा थाना क्षेत्र अंतर्गत अर्जुनी में रहने वाले अश्वनी कुमार बंजार(46) से हुई। वह हेमूनगर में किराए के मकान में रहकर रेलवे में काम करता था।

जान-पहचान का फायदा उठाते हुए रेलकर्मी ने महिला शिक्षिका को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म किया। इसके बाद वह शादी को टालता रहा। बीते दिनों महिला ने शादी के लिए दबाव बनाया तो उसने शादी करने से साफ इन्कार कर दिया। महिला ने इसकी शिकायत सिविल लाइन थाने में की। इस पर पुलिस ने जुर्म दर्ज कर आरोपित रेलकर्मी को गिरफ्तार कर लिया है।

दो बड़े कारोबारियों के यहां सेंट्रल जीएसटी की छापेमारी

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में सेंट्रल जीएसटी ने तड़के छापेमार कार्रवाई कर दी है। छत्तीसगढ़ के नामी और बड़े व्यापारियो के यहां सेंट्रल तस्ज्ञ ने दबिश दी है। अभी भी दो बड़े कारोबारियों के यहां दस्तावेज खंगाले जा रहे हैं और अन्य कई ठिकानों का पता लगाया जा रहा है। दोनों व्यापारी छत्तीसगढ़ के नामी व्यापारियों में से हैं।

बिलासपुर के मर्चेंट एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष देवीदास वाधवानी और कपड़ा कारोबारी भारत होजियरी के ठिकानों पर जीएसटी की छापेमार कार्रवाई जारी है। दोनों व्यापारियों के यहां हड़कंप मच गया है। जीएसटी ने दोनों व्यापारियों के यहां एक साथ छापेमार कार्रवाई की है। इससे शहर में खलबली मची हुई है।

बता दें कि देवीदास वाधवानी ट्रेडर्स तेल, शक्कर विक्रेता है। इधर भारत होजियरी शहर के सबसे बड़े कपड़ा व्यापारी हैं। दोनों की गिनती सबसे बड़े व्यापारियों में की जाती है।

25 लाख के इनामी नक्सली सहित तीन माओवादियों ने सरेंडर किया

सुकमा/नवप्रदेश। जिले में एक 25 लाख के इनामी हार्डकोर नक्सली सहित तीन नक्सलियों ने सरेंडर किया है। तीनों नक्सलियों की फाइल भी खंगाली जा रही है।

बता दें कि नक्सली माड़वी मासा, माड़वी माड़ा और गोंचे देवा इन तीनों ने पुलिस के पूना नर्कोम यानी नई सुबह अभियान से प्रेरित होकर सरेंडर किया है। माड़वी मासा दंडकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी मेंबर गणेश उइके का गनमैन था। जबकि अन्य दोनों माओवादी जनमिलिशिया सदस्य हैं। पुलिस तीनों माओवादियों से

अभी पूछताछ की जा रही है। इनमें गणेश उइके के गनमैन से कई बड़े खुलासे होने की संभावना है। बताया जा रहा है कि तीनों नक्सलियों ने सरकार की योजनाओं का फायदा लेने और खुशहाल जिंदगी जीने के लिए नक्सल संगठन छोड़कर सरेंडर किया है।

नाबालिग से दुष्कर्म, आरोपी को 10 साल की कैद

बिलासपुर/नवप्रदेश। डेढ़ साल पहले नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में आज न्याय विचार मिला। अपराधी को 10 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई गई है, साथ ही 300 रुपये अर्थदंड की सजा दी है। 15 साल की लड़की का अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी युवक को बिलासपुर फास्ट टैक कोर्ट ने सजा सुनाई है। पीड़िता को प्रतिकर योजना के तहत क्षतिपूर्ति देने के निर्देश दिए हैं। कोर्ट ने आरोपी को जेल भेज दिया है। घटना डेढ़ साल पहले मस्तूरी थाना क्षेत्र की है।

नाबालिग के साथ अनाचार

नाबालिग का अपहरण कर उसके साथ अनाचार करने वाले आरोपी को कोर्ट ने 10 साल की सजा सुनाई है। जानकारी के अनुसार मस्तूरी थाना क्षेत्र की रहने वाली नाबालिक के परिजनों ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। परिजनों ने रिपोर्ट में 8 जनवरी 2021 को उसकी 15 वर्षीय बेटी स्कूल जाने के लिए घर से निकली थी। शाम तक वह घर नहीं लौटी। परिवार वालों ने आसपास खोजबीन की और रिश्तेदारों से संपर्क किया, लेकिन नाबालिग लड़की के बारे में कुछ पता नहीं चला। इस बीच परिजनों ने लड़की के स्कूल की सहेलियों से भी पूछताछ की।

पेट दर्द होने बोलकर निकली थी स्कूल से

एक सहेली ने बताया कि स्कूल में नाबालिग लड़की ने पेट दर्द होने की शिकायत की थी, फिर स्कूल

से छुट्टी लेकर घर जाने की बात बोल कर निकल गई थी। 13 जनवरी को परिजनों ने मस्तूरी थाना में लड़की के गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी।पुलिस ने गुमशुदगी के तहत अपराध दर्ज कर मामले की विवेचना में जुटी थी। इस बीच 29 जून 2021 को पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि नाबालिग घर पर रह रही है। इसके बाद पुलिस की टीम आरोपी के घर पर दबिश देकर नाबालिग को सुरक्षित बरामद कर लिया था और विशाल कुमार साहू को गिरफ्तार किया।

आरोपी को 10 साल की सजा

पूछताछ में नाबालिग ने शारीरिक संबंध बनाने की बात कही थी। पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ दुष्कर्म, अपहरण, पास्को एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर उसे कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। शुक्रवार को प्रथम एफ्टीएससी कोर्ट ने सुनवाई के बाद आरोपी विशाल कुमार साहू को 10 साल सश्रम कारावास और 300 रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई है।

ग्रामीणों की समस्याओं का त्वरित निराकरण कर उन्हें राहत पहुंचाएं : कलेक्टर

■ कलेक्टर ने ग्राम छटन में चौपाल लगाकर सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

■ शासकीय भूमि पर अतिक्रमण नहीं करने की दी समझाइश

मुंगेली/नवप्रदेश। कलेक्टर डॉ गौरव कुमार सिंह लगातार जिले के विभिन्न ग्रामों में पहुंचकर ग्रामीणों से रूबरू हो रहे हैं और उनकी समस्याओं को सुनकर नियमानुसार त्वरित निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दे रहे हैं। वहीं चौपाल में कई समस्याओं का मौके पर ही निराकरण किया जा रहा है। इसी कड़ी में कलेक्टर डॉ सिंह ने आज मुंगेली विकासखंड के ग्राम छटन पहुंचे और ग्रामीणों के बीच बैठकर चौपाल लगाई। उन्होंने ग्रामीणों की समस्याओं एवं मांगों को गंभीरतापूर्वक सुनी और नियमानुसार त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने ग्रामीणों से राशन, पेंशन, कृषि कार्य के

लिए खाद व बीज की उपलब्धता, जल जीवन मिशन के कार्य, पटवारी, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी और शिक्षकों की उपस्थिति, मनरेगा मजदूरी भुगतान, बिजली, राजस्व प्रकरण के निराकरण आदि के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान ग्रामीणों के द्वारा गांव में प्रति माह बिजली बिल रीडिंग नहीं होने की शिकायत मिलने पर उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारी को गांव में नियमित बिजली रीडिंग करने के निर्देश दिए। साथ ही गांव में जल जीवन मिशन के तहत चल रहे कार्यों को भी शीघ्र पूरा कराने के निर्देश दिए।यात्री प्रतीक्षालय में अतिक्रमण की शिकायत मिलने पर कलेक्टर ने अतिक्रमण को तत्काल हटाने के निर्देश दिए और उन्होंने ग्रामीणों को भी शासकीय भूमि पर अतिक्रमण नही करने की समझाईष दी। इसी तरह उन्होंने किसानों को खाद-बीज उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। ग्रामीणजन कलेक्टर को अपने बीच पाकर काफी खुश हुए। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी दशरथ सिंह राजपूत, एसडीएम, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मधुलिका सिंह सहित संबंधित विभाग के अधिकारी और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद थे।

एसईसीएल में 46वीं त्रिपक्षीय सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न

■ डॉ प्रेमसागर मिश्रा ने मिशन नाचिकेता की कार्य संस्कृति प्रारंभ करने की घोषणा

बिलासपुर/नवप्रदेश। बिलासपुर में 27 मई को 46वीं त्रिपीक्षीय सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न हुई । बैठक मलय टिकादार, डीडीजी, नागपुर एवं हैदराबाद जोन के मुख्य आतिथ्य व डॉ पीएस मिश्रा सीएमडी एसईसीएल की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। निदेशक तकनीकी संचालन सह कार्मिक मनोज प्रसाद एवं निदेशक तकनीकी (योजना/परियोजना) एसके पॉल विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। बैठक का शुभारंभ सुरक्षा दीप प्रज्जवलन से शुरू हुआ उपरांत पिछली बैठक से लेकर इस बैठक के दरमियान कोयला उत्पादन में लगे उन श्रमवीरों जिन्होंने वीरगति को प्राप्त किया उन्हें दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई।

इस दौरान सीएमडी एसईसीएल ने मिशन नाचिकेता के जरिए कंपनी के कार्यबल का बेहतर नॉलेज, ट्रेनिंग तथा निरंतर अपडेट करने की दिशा में कार्य करने का मूल मंत्र दिया।बैठक में त्रिपक्षीय सुरक्षा समिति के सदस्य आनंद मिश्रा (एचएमएस), बी. धर्माराव (एटक), कमलेश शर्मा (इंटक), इंद्रदेव चैहान (सीटू), संजय सिंह (बीएसएस), जीएस प्रसाद (सीएमओएआई) ने खान सुरक्षा मानकों तथा संबंधित विषयों पर अपने विचार रखे। बैठक में देव कुमार, निदेशक खान सुरक्षा बिलासपुर, वीर प्रताप निदेशक खान सुरक्षा रायगढ़, अशोक कुमार निदेशक खान सुरक्षा जबलपुर, विकास गोविंद राम मेशराम, निदेशक खान सुरक्षा (विद्युत), उमेश कुमार साहू, उप निदेशक खान सुरक्षा (यांत्रिकी), अनिल टोप्पो, उप निदेशक खान सुरक्षा (विद्युत), एस पुट्टराजू, निदेशक खान सुरक्षा (विद्युत), बीपी सिंह निदेशक खान सुरक्षा, एनजी फुले निदेशक खान सुरक्षा (यांत्रिकी), एस भाईसारे निदेशक खान सुरक्षा (यांत्रिकी), आर टी मानडेकर निदेशक खान सुरक्षा, नितिन कमलाकर राऊत उप निदेशक खान सुरक्षा (विद्युत), सिंधु कुमार उपाध्याय, उप निदेशक खान सुरक्षा (विद्युत),विजय भास्कर उप निदेशक खान सुरक्षा (विद्युत) सहित क्षेत्रीय मुख्य महाप्रबंधक/महाप्रबंधक एवं महाप्रबंधक (का/प्रशा) एके सक्सेना सहित विभागाध्यक्ष भी उपस्थित रहे।

कलेक्टर ने किया एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का निरीक्षण

■ 0 से 18 वर्ष के 527 बच्चों का हुआ निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण

■ कलेक्टर ने भी कराया अपना स्वास्थ्य जांच

मुंगेली/नवप्रदेश। कलेक्टर डॉ गौरव कुमार सिंह ने राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत 0 से 18 वर्ष के बच्चों के लिए जिला चिकित्सालय में आज आयोजित एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं जायजा लिया। इस अवसर पर उन्होंने वहां स्थापित कार्डियोलाजी कक्ष, शिशुरोग कक्ष, अस्थिरोग कक्ष, नेत्र रोग कक्ष, पंजीयन कक्ष, मेडिसीन कक्ष, अंतः रोगी कक्ष आदि का अवलोकन किया और चिकित्सकों को संवेदनशीलता के साथ बेहतर जांच एवं उपचार करने के निर्देश दिए। उन्होंने उपचार के लिए आए बच्चों के परिजनों

से चर्चा की और 10 वर्ष से कम आयु के बालिकाओं के परिजनों को सुकन्या समृद्धि योजना के तहत बैंक में खाता खुलवाने के लिए भी प्रेरित किया। इस दौरान कलेक्टर डॉ सिंह ने भी स्वयं का स्वास्थ्य जांच कराया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मधुलिका सिंह ने बताया कि शिविर में 0 से 18 वर्ष तक के कुल 527 बच्चों का पंजीयन किया गया जिसमें चिरायु कार्यक्रम के अंतर्गत ए श्रेणी के गंभीर 09 बीमारियों में जन्मजात हृदयरोग के 27 में से 22 बच्चों को उच्च संस्था में हृदय जांच एवं उपचार हेतु रिफरल किया गया तथा 10 बच्चों का इको एवं 08 बच्चों का ईसीजी किया गया। पैर की विकृति (क्लबफूट) के 04, होंठ एवं तालू (क्लेफ्ट लिप एण्ड पैलेट) के 02, कुल्हों के विकास संबंधी विकार के 08, जन्मजात बधिरता के 02, न्यूरल ट्यूब दोष के 01 आदि के अलावा अतिकुपोषित 22, त्वचा संबंधित रोग 24, दंत रोग के 13, दृष्टिरोग के 31, मांसपेशियों में विकार के 48, संज्ञानात्मक देरी(कॉगनिटिव डिले) के 52, वाणी एवं भाषा में देरी के 49, शेष अन्य बीमारियों को मिलाकर कुल 527 बच्चों की जांच एवं संभावित उपचार किया गया तथा शल्य चिकित्सा हेतु संभावित मराजों को उच्च संस्था एवं जिला अस्पिताल में रिफर किया गया। शिविर में आए हुए बच्चों में से 155 बच्चों का हीमोग्लोबिन जांच किया, जिसमें से 03 बच्चे गंभीर एनीमिक पाए गए। जिन्हें शिशु रोग विशेषज्ञ से जांच एवं परामर्श कराकर दवाईयां दी गई। शिविर में कुल 53 लोगों का दिव्यांग प्रमाण पत्र हेतु पंजीयन एवं 28 लोगों का आयुष्मान भारत कार्ड बनाया गया। शिविर में पहुंचे बच्चों का जिला चिकित्सालय के चिकित्सकों एवं किम्स अस्पताल बिलासपुर के विशेषज्ञ चिकित्सक द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर तीर्थराज अग्रवाल, सिविल सर्जन सह-अस्पताल अधीक्षक आनंद मांझी, विशेषज्ञ-चिकित्सक एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के जिला कार्यक्रम प्रबंधक उत्कर्ष तिवारी आदि उपस्थित थे।

नवदंपति जीवन की शुरूआत सच्चे मन और अटूट बंधन के साथ करें : मंडावी

- चारामा में आयोजित मुख्यमंत्री कन्या सामूहिक विवाह में 207 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे

कांकेर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ विधानसभा के उपाध्यक्ष एवं भानुप्रतापपुर विधायक मनोज सिंह मण्डावी की मुख्य आतिथ्य में चारामा में आयोजित मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत 207 वर-वधु परिणय सूत्र में बंधे। नव दंपत्तियों को सुखमय जीवन के लिए आशीर्वाद देते हुए उन्होंने कहा कि नव दाम्पत्य जीवन की शुरूआत सच्चे मन और अटूट बंधन के साथ करें। उन्होंने कहा कि इस योजना के क्रियान्वयन से कमजोर व गरीब तबके के लोगों को राहत मिली है, सामूहिक विवाह में सभी समाज व वर्ग के लोग भागीदारी निभा रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस योजना अंतर्गत पहले 15 हजार रुपए का प्रावधान किया गया था, जिसे मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा बढ़ाकर 25 हजार बढ़ा दिया गया है। इसके अलावा वर-वधु दोनों दिव्यांग होने पर 01 लाख रूपये की सहायता दी जाती है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री बनने से प्रदेश में संस्कृति और परंपरा के संरक्षण के लिए कार्य किया जा रहा है, जो सराहनीय है। किसानों का कर्ज माफ, बिजली हॉफ, समर्थन मूल्य में धान खरीदी और सुराजी ग्राम नरवा, गरवा, घुरूवा, बाड़ी इत्यादि योजनाओं से लोगों में आर्थिक समृद्धि आई है। उन्होंने नव दंपत्तियों से आने वाले बेटा-बेटियों को खूब पढ़ाने और अच्छे नागरिक बनने संदेश दिया। मानव जीवन को मानवीय दृष्टि से जीने के लिए ससुराल में मधुर वाणी का प्रयोग कर अपने परिवार को एकता के सूत्र में बांधे। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा चारामा के 51, कांकेर और नरहरपुर के 44-44, भानुप्रतापपुर के 19, दुर्गूकोंदल के 11, अंतागढ़ के 09, कोयलीबेड़ा के 13 और पखांजूर के 16 जोड़े का सामूहिक विवाह संपन्न कराया गया, साथ ही प्रत्येक जोड़े को दैनिक उपयोग की सामग्री और परिवहन के लिए डेढ़-डेढ़ हजार रूपये की नगद राशि भी प्रदाय किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष सुभद्रा सलाम, जिला पंचायत सदस्य नवली मण्डावी, मिथलेश शोरी, जनपद पंचायत अध्यक्ष अरूण मरकाम, सरपंच संघ के अध्यक्ष ललित गोटी, पुरूषोत्तम गजेन्द्र, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष अमृत देवांगन, रमाशंकर यादव, कांकेर विधायक प्रतिनिधि सुनील गोस्वामी, एसडीएम चारामा सीएल ओंटी, जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी सी.एस मिश्रा, परियोजना अधिकारी चारामा शकुन्तला कोमरे, नरहरपुर निर्मला ध्रुव, कांकेर त्रिभुवन ध्रुव, पूर्व पार्षद मोहित नायक, महेन्द्र नायक सहित जनप्रतिनिधि एवं वर-वधु के माता-पिता और ग्रामीणजन उपस्थित थे।

जनसमस्या निवारण शिविर में विधायक ने सुनी लोगों की समस्याएं

नगरी/नवप्रदेश। धमतरी जिले के सिहावा विधायक डॉ लक्ष्मी ध्रुव के निर्देश पर ग्राम पंचायत डोंगरडुला में जनसमस्या निवारण शिविर गुरुवार को आयोजन किया गया। आयोजन शिविर में निकटतम ग्राम पंचायत कल्लेमेंटा, बिलभदर, परसापानी, राजपूर, बटनहर्रा, के ग्रामीणजन जन समस्या निवारण शिविर में उपस्थित हुए। शिविर में ब्लाक स्तर के विभिन्न विभागों के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित हुए। जिसके अंतर्गत राजस्व विभाग 05 पंचायत विभाग 41, पशु चिकित्सा विभाग 04, मतस्य विभाग 03, कृषि विभाग 05, महिला बाल विकास विभाग 01, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग 08, लोक निर्माण विभाग 01, विद्युत विभाग 03, शिक्षा विभाग 02, स्वास्थ्य विभाग 01, वन विभाग 05, सहकारिता विभाग 02, खनिज विभाग 01, सिंचाई विभाग 01, मांग 75 एवं शिकायत 08 कुल 83 आवेदन प्राप्त हुए। जिसमें मौके पर 51 मांग एवं 04 शिकायत कुल 55 आवेदन पत्रों का आयोजित शिविर में विधायक द्वारा त्वरित निराकरण किया गया एवं शेष 28 आवेदन लंबित है, जिसे शीघ्र निराकरण हेतु निर्देशित किया गया। विधायक ने कहा कि छग शासन के महत्वपूर्ण योजनाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई एवं योजनाओं के लाभ लेने हेतु आम जनता को प्रेरित किया गया। आम जनता की समस्याओं को शिविर के माध्यम से निराकृत करने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। उक्त शिविर में भूषणलाल साहू अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी नगरी, तहसीलदार नीलकंठ जनबंधु, नायाब तहसीलदार मुकेश कुमार गजेन्द्र, शिविर नोडल अधिकारी महेन्द्र प्रताप गंगेले, सरपंच ग्राम पंचायत डोंगरडुला फुलेश्वरी नेताम, सरपंच ग्राम कल्लेमेंटा पुष्पादेवी ध्रुव, सरपंच ग्राम पंचायत परसापानी गिरधर लाल मरकाम, सरपंच ग्राम पंचायत बटनहर्रा सुरेश नेताम, एवं समस्त विभाग के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

सुविधाएं और बढ़ाने के लिए प्रशासन प्रयासरत है : सीएमओ

बीजापुर/नवप्रदेश। नगर पालिका बीजापुर के वार्ड क्रमांक 15 में मूलभूत सुविधाओं से वंचित है। वार्डवासी प्रकाशित खबर के सदंर्भ में मुख्य नगर पालिका अधिकारी बीजापुर बंशीलाल नुरेटी ने बताया वार्ड 15 शहीद नारायण नगर वार्ड में कुल 320 मकान है। वार्ड की आबादी 665 है। संजयपारा, बैदरगुड़ा, कन्हईगुड़ा, पडियारपारा, पोंजेर पारा एवं जयनगर शिविर इस वार्ड के अंतर्गत आते है। पेयजल आपूर्ति व्यवस्था अंतर्गत 02 नग 3 एच.पी. एवं 01 नग 2 एचपी के सबमर्सिबल पंपयुक्त बोरवेल से अधिकांश क्षेत्रों में जल आपूर्ति की जाती है। इसके अतिरिक्त वार्ड में 18 नग हैण्डपंप भी पेयजल आपूर्ति हेतु उपलब्ध है। जयनगर शिविर, संजय पारा एवं बैदरगुड़ा में विद्युत पोल एवं स्ट्रीट लाइट लगाये गये हैं। वार्ड में शिक्षा व्यवस्था हेतु 02 आंगनबाड़ी, 04 प्राथमिक शाला एवं 01 माध्यमिक शाला संचालित है। विगत 3 वर्षों में वार्ड क्र.15 में कुल 100.82 लाख रुपये की लागत से सीसी सड़क, नाली का निर्माण एवं पाईप लाईन विस्तार किया गया है। इसके अतिरिक्त नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के नवीन बजट में संजयपारा से बैदरगुड़ा तक सीसी सड़क निर्माण कार्य लागत 22.33 लाख रुपये राशि का प्रस्ताव शासन को प्रेषित किया गया है।

नाबालिक का बलात्कार, आरोपी गिरफ्तार

खड़गवां/नवप्रदेश। नाबालिक का अपहरण कर दुष्कर्म करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मामला कोरिया जिले के खड़गवां थाना क्षेत्र की है। जानकारी के मुताबिक, नाबालिग के पिता ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि उसकी नाबालिग बेटी को गुरूदेव सिंह निवासी बंजारीड़ाड बेवरापारा द्वारा बहला फुसलाकर शादी का झांसा देकर भगा ले गया है। जिस पर पुलिस विभिन्न धाराओं के तहत जुर्म दर्ज कर मामले की जांच कर रही थी। थाना प्रभारी विजय सिंह द्वारा त्वरित विवेचना कार्यवाही करते अपहृता बालिका को ग्राम बंजारीड़ाड बेवरापारा में आरोपी गुरुदेव सिंह के घर से बरामद कर थाना लाया गया अपहूता का महिला पुलिस अधिकारी के द्वारा कथन लिया गया जो आरोपी गुरूदेव सिंह के द्वारा घटना दिनांक को शादी करने का झांसा देकर बहला फुसला कर भगाकर ले जाकर जबरन बलात्कार करना बताई। जिस पर आरोपी गुरुदेव सिंह पिता स्व. मुरत सिंह 19 वर्ष सा. बंजारीड़ाड बेवरापारा थाना खड़गवां जिला कोरिया को गिरफ्तार कर लिया गया।

पुरानी बस्ती में एक दिवसीय रामायण का आयोजन

नगरी/नवप्रदेश। पुरानी बस्ती दुर्गा चौक में एक दिवस रामायण का आयोजन रामायण मंडली खैरझिटी जिला महासमुंद के द्वारा रामायण में श्री राम भगवान जीवन के चरित्र के बारे रस पान कराया। जिसमें घनश्याम साहू, शैलेंद्र साहू, पूरन साहू, अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ तहसील साहू समाज नगरी अनिरुद्ध साहू, महासभा सदस्य अमृत साहू, अध्यक्ष कर्मचारी प्रकोष्ठ तहसील समाज नगरी वरुण किरण साहू, संगठन सचिव प्रदेश साहू संघ युवा प्रकोष्ठ दुर्गेश गंजीर, संचालक मंडल सचिव भरत साहू, संचालक मंडल अध्यक्ष बृज साहू, महासभा सदस्य दिनेश साहू, देउ राम साहू कोषाध्यक्ष, ओम प्रकाश पटेल, रंजीत सोम, महेंद्र साहू, मोहन निषाद, कुंजीलाल सिन्हा लोकेश, गंजीर मुकेश साहू, योगेश साहू, राजकुमार निषाद, पवन साहू, कोमल साहू साथ ही लोग अधिक से अधिक संख्या में रामायण खैरझिटी जिला महासमुंद जोरदार स्वागत किया गया।

चिटफंड कंपनी के निवेशकों ने राज्यपाल व सीएम के नाम कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

बीजापुर/नवप्रदेश। छग प्रदेश में पिछले 7 वर्षों से लगातार चिटफंड कंपनी के निवेशकों द्वारा लगातार पिछले सरकार व वर्तमान सरकार के मुख्य के नाम ज्ञापन सौंपते हुए अपनी निवेश राशि पाने की उम्मीद में है। वही छत्तीसगढ़ अभिकर्ता उपभोक्ता सेवा संघ के प्रदेश अध्यक्ष गगन कुंभकार ने कहा की प्रदेश के लगभग 20 लाख निवेशक अभिकर्ता परिवारों चुनाव जीता कर प्रदेश में कांग्रेस सरकार बनाने में भरपूर सहयोग किया है, परंतु सरकार बनने के साढ़े 3 वर्ष बीत जाने पर भी केवल 2-4 जिले में 5-6 कंपनियों के अतिरिक्त किसी भी अन्य कंपनियों के निवेशकों का स्कम वापसी का पहल नहीं हुई है।

15 दिनों से सोलर पंप बंद, मोहल्लेवासियों की बढ़ी परेशानी

नगरी/नवप्रदेश। आदर्श राष्ट्रीय ग्राम पंचायत बेलरगांव में 2 महीने पहले प्रधानमंत्री जल जीवन योजना के तहत नल जल कनेक्शन के लिए गड्ढ़े खोदे गए थे जिसमें खुदाई करते समय सौर ऊर्जा कब पाइप लीकेज व टूट गया। इसकी कई बार शिकायत के बाद पाइप लाईन बिछने वाले लोगों द्वारा लोहे की पाइप की जगह प्लास्टिक पाइप से ठीक कराया गया था। लेकिन वह प्लास्टिक पाइप होने के कारण धूप में वो भी खराब हो गई, जिसे आज पर्यंत तक ठीक नहीं किया गया। इससे मोहल्लेवासियों की परेशानी बढ़ गई है। पीने की पानी के लिए लोगों को भारी मशक्कत करनी पड़ रही है।

4 माओवादियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार आईईडी एवं अन्य सामग्री बरामद

बीजापुर/नवप्रदेश। जिले में संचालित माओवादी विरोधी अभियान के तहत 26-27 मई को थाना नेलसनार, डीआरजी छसबल 19 व 8वीं वाहिनी एवं केरिपु 165 बटालियन का बल एरिया डॉमिनेशन एवं सर्चिंग कार्यवाही बेलनार की ओर निकली थी। जंगलों से पुलिस पार्टी को देखकर भागते हुए 04 जन मिलिशिया सदस्यों को पकड़ा गया। अभियान के दौरान संयुक्त पार्टी द्वारा बेलनार के जंगालों से पुलिस पार्टी को देखकर भागते हुये 04 जन मिलिशिया सदस्यों को पकड़ा गया। लालू राम मोड़ियाम पिता स्व लखमू राम मोड़ियाम 27 वर्ष साकिन बेलनार कसावेड़ापारा थाना नेलसनार। नेहरू कुंजाम पिता लच्छु राम कुंजाम 35 वर्ष निवासी बेलनार कसावेड़ापारा थाना नेलसनार, लाल साय कुंजाम पिता लच्छुराम कुंजाम 26 वर्ष निवासी बेलनार कसावेड़ापारा थाना नेलसनार। जयमन वेको पिता स्व बोदा उर्फ मंगलू वेका 37 वर्ष निवासी बेलनार कसावेड़ापारा थाना नेलसनार को पकड़ा गया। कड़े गये माओवादियों के निशानदेही पर 3 टिफिन बम, 11 नग बैटरी 1.5 वोल्ट, 04 नग बांस के टुकड़े में लगा मैकेनिजम, 02 नग इलेक्ट्रिक डेटोनेटर, बरामद किया गया।

स्वास्थ्यकर्मी भीषण गर्मी में भी घर-घर जाकर मलेरिया की कर रहे जांच

बचेली/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ मलेरिया मुक्त अभियान के तहत बचेली प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के स्वास्थ्यकर्मी डोर टू डोर जाकर कर रहे मलेरिया की जांच व दवाइयों का वितरण कर रहे। बता दें कि बीते दिनों जिले में मलेरियामुक्त छत्तीसगढ़ के छठवें चरण की शुरुआत की गई थी जिसके बाद जिले के अलग अलग ब्लॉक व विकासखंडों में टीम लगातार घर घर जाकर मलेरिया मुक्त अभियान चला रही है।

ज्वेलरी दुकान से 70 ग्राम सोने के पेंडल ले उड़े दो युवक, पुलिस जांच में जुटी

जांजगीर-चांपा/नवप्रदेश। नगर के मां महामाया मंदिर के समीप ज्वेलरी दुकान से दिनदहाड़े 70 ग्राम सोने की उठाईगिरी से नगर में सनसनी फैल गई है। हालांकि पुलिस जांच में जुट गई है। जानकारी के अनुसार नगर के बीचों बीच वार्ड क्रमांक 13 में स्थित धनराज ज्वेलर्स की दुकान पर दो युवक आए और सोने के समान खरीदने की बात कहते हुए अंगूठी, पेंडल, चैन देखने लगे वहीं कुछ देर समान देखने के बाद दुकानदार को कहा कि समान पसंद नहीं आया जिस पर दुकानदार द्वारा सोने के और समान लेने अपने बेटे को बिठाकर जैसे ही बाहर निकले, उठाईगिर दुकान में बैठे युवक को और दूसरे समान दिखाओ कहकर बिजी कर दिए और कुछ सोने के पेंडल गायब कर दिए जिसका वजन लगभग 70 ग्राम बताया जा रहा है। सोने के पेंडल गायब करने के बाद दोनों युवा उठाईगिर सामान पसंद नहीं आया बोलकर बाहर निकले और अपनी होंडा साइन मोटरसाइकिल से फरार हो गए। दुकान मालिक जब पहुंचे और अपने बेटे से दोनों उठाईगिर के संबंध में पूछा तो लकड़े ने बताया कि दोनों चले गए।

अंतर्राष्ट्रीय माहवारी स्वच्छता दिवस पर निकली स्वच्छता रैली

रायगढ़/नवप्रदेश। अंतर्राष्ट्रीय माहवारी स्वच्छता दिवस के अवसर पर माहवारी स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें पुरूषों द्वारा माहवारी को स्वच्छता से जोड़ते हुए जिला पंचायत में उपस्थित सभी महिलाओं व बेटियों को लाल रंग मेरा अभिमान यह सोच रख कर तिलक लगाकर उनका सम्मान किया गया व अंतर्राष्ट्रीय माहवारी दिवस की बधाई दी। साथ ही फ्री पैड का भी वितरण किया। इस कार्यक्रम में सर्वप्रथम जिला पंचायत से शहरी क्षेत्र से होकर ग्रामीण अंचल तक जाने वाली माहवारी स्वच्छता रथ को कलेक्टर द्वारा हरी झण्डी दिखाकर रवानगी की गई। यह रथ उसके पश्चात रेलवे स्टेशन होते हुये जिले के ग्रामीण क्षेत्र में प्रचार-प्रसार के लिये निकल पड़ी। साथ ही साथ माहवारी स्वच्छता गीत को आसानी से लोग से सुन सके इसके लिये (पावना) महावारी स्वच्छता गीत का क्यू आर कोड बनाया गया ताकि सब इसे आसानी से सुन सके सके। एनएसएस के विद्यार्थी रैली के माध्यम से यूनिसेफ़ की टीम से श्री शशांक के मार्गदर्शन में शहर में माहवारी स्वच्छता का नारा लगाते हुए पैड वितरण करते हुए लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया गया।

वार्ड 12 में स्ट्रीट लाइट चालू

बीजापुर/नवप्रदेश। वार्ड क्रमांक 12 में नए बस स्टैण्ड के पीछे प्रायमरी स्कूल के पास स्ट्रीट खंभे में लाइट नही है। संज्ञान में आने पर सीएमओ बीजापुर बंशीलाल नुरेटी द्वारा त्वरित स्ट्रीट लाइट लगवाया गया। जिससे रात में अब स्ट्रीट लाइट जगमगाने लगा। सोशल मीडिया के माध्यम से जानकारी मिलने पर बीजापुर नगरीय प्रशासन द्वारा त्वरित कार्यवाही की गई।

जिमिकंद प्लांट टू प्लांट खेती का किसानों को दी जा रही जानकारी

दुर्गुकोंदल/नवप्रदेश। दुर्गुकोंदल के आश्रित गौठान ग्राम कर्रामाड के आश्रित ग्राम-दियागांव में कृषक रामदयाल गोटा के यहां आत्मा योजनान्तर्गत जिमिकंद प्लांट टू प्लांट 1 मीटर दूरी एवं कतार से कतार दूरी 1 मीटर) के रूप में फफुंदीनाशक से कंद उपचार कर राइड एन फ्यूरो विधि से लगवाया गया। इसके अलावा 10 डिसमिल प्रदर्शन रकबा आदान सामग्री दो सौ किलो जिमिकंद वर्मीकमपोस्ट दो किवंटल 250ग्राम फफुंदीनाशक प्रदान किया गया। कृषक को जिमिकंद के साथ मल्टीलेयरिंग के रूप में सब्जी लगाने के लिए भी प्रेरित किया गया।

विधायक के प्रयास से दिन में चलने वाली भारी वाहनों पर लगा प्रतिबंध

जांजगीर-चाम्पा/नवप्रदेश। विधानसभा के पूर्व उपाध्यक्ष व विधायक नारायण चंदेल के सत्त प्रयास से जांजगीर-नैला के मुख्य मार्ग में सैकड़ों की संख्या में चलने वाले ट्रेलर, डम्फर व भारी वाहनों पर प्रशासन ने प्रतिबंध लगाया है। अब यह वाहन दिन में बंद हो गया है। इसमें आम जनता को राहत मिली है। विधायक द्वारा पिछले दिनों लम्बे समय से जनहित में शासन व प्रशासन का ध्यान आकृष्ट किया गया था। अनेकों बार उच्च अधिकारियों के साथ बैठकर जनता को होने वाले इस परेशानी से अवगत कराया जिसके बाद कलेक्टर ने दिन में इन सड़कों पर चलने वाले भारी वाहनों पर प्रतिबंध लगाने का आदेश जारी कर दिया है।

मनरेगा कर्मचारियों ने निकाली वादा निभाओ रैली, सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

सूरजपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ मनरेगा कर्मचारी महासंघ के बैनर तले जिले के मनरेगा कर्मचारी और अधिकारी 4 अप्रैल से नियमितीकरण और वेतनमान सहित दो सूत्रीय मांग को लेकर अधिकारी कर्मचारी हड़ताल पर हैं। हड़ताल का आज 55 दिन से अधिक हो गया है। फिर भी सरकार द्वारा इनकी मांगों पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दे रही है। छत्तीसगढ़ मनरेगा कर्मचारी महासंघ के आह्वान पर 28 जिलों में वादा निभाओ रैली का आयोजन किया गया। मनरेगा कर्मचारी संघ के द्वारा जिला सूरजपुर से 2 सूत्री मांगों को लेकर रैली का आयोजन कर मुख्यमंत्री के नाम पर ज्ञापन सौंपा गया और अपने मांगों से अवगत कराया गया। मनरेगा कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष के द्वारा बताया गया की हमारी 2 सूत्री मांगे जब तक पूर्ण नहीं होगी तब तक हमारा हड़ताल जारी रहेगा। मनरेगा कर्मचारी के हड़ताल से जाने से जिले में 150 करोड़ से अधिक का कार्य प्रभावित हो रहा है। मनरेगा के चलते प्रतिदिन जिले में हजारों लोगों को रोजगार मिलता था, लेकिन हड़ताल के चलते मनरेगा का कार्य पूरी तरह से बंद है। सूरजपुर ज़िले अंतर्गत 142461 परिवार पंजीकृत है परंतु 3682 परिवार को ही रोजगार अप्रैल एवं मई माह में दिया जा सका है इससे मनरेगा मजदूरों में रोजगार के लिए पलायन की समस्या पैदा हो गई है।

कार्यालय कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड मुंगेली जिला- मुंगेली (छ.ग.)

ईमेल-eemun-phe-cg@nic ट्रांजिट हास्टल, जेल रोड मुंगेली, फोन- 07755-264172, 205475

ई-प्रोक्योरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना

ऑनलाईन निविदाएं प्रपत्र ए में प्रतिशत दर पर अनुबंध हेतु नीचे उल्लेखित कार्यों के लिए जिला जल एवं स्वच्छता मिशन द्वारा एकीकृत पंजीयन व्यवस्था में सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है :-

कार्य का विवरण :- जिला मुंगेली के विकासखण्ड- लोरमी एवं मुंगेली के विभिन्न ग्रामों में जल जीवन मिशन के अंतर्गत एकल ग्राम जल प्रदाय योजना का कार्य।

क्र.	निविदा सूचना क्र./ दिनांक	सिस्टम क्रमांक	ग्राम का नाम	विकासखण्ड	अनुमानित लागत (रु. लाख में)
1	54/24.05.2022	100474	फागुपारा	मुंगेली	60.73
2	55/24.05.2022	100479	राजपुर	मुंगेली	54.02
3	56/24.05.2022	100483	मलकाछरी	लोरमी	61.67
4	57/24.05.2022	100496	छितापुर खुर्द	लोरमी	41.80
5	58/24.05.2022	100501	सेमरकोना खुर्द	मुंगेली	64.27
6	59/24.05.2022	100505	गुनापुर	लोरमी	45.78
7	60/24.05.2022	100506	भरतपुर	लोरमी	60.61
8	61/24.05.2022	100507	तुरवारी	लोरमी	52.28
9	62/24.05.2022	100519	घुण्डुकापा	मुंगेली	72.71
10	63/24.05.2022	100548	मदनपुर	मुंगेली	57.07
11	64/24.05.2022	100573	सरगढ़ी	लोरमी	73.77
12	65/24.05.2022	100580	शीतलदह	मुंगेली	62.79
13	66/24.05.2022	100587	नवागांव गजिया	मुंगेली	41.58
14	67/24.05.2022	100593	गातापार	लोरमी	75.00
15	68/24.05.2022	100598	उजियापुर	लोरमी	61.06
16	69/24.05.2022	100603	झिरिया	लोरमी	118.73
17	70/24.05.2022	100604	सुरजपुरा	लोरमी	79.77
18	71/24.05.2022	100605	भाकुरकापा	लोरमी	89.43
19	72/24.05.2022	100607	सिंघनपुरी	मुंगेली	54.41
20	73/24.05.2022	100609	बाघामुड़ा	मुंगेली	62.82

बिड सबमिशन की अंतिम तिथि - 14.06.2022

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञाप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in में दिनांक 24.05.2022 से देखे जा सकते हैं।

जी-91618/4

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड मुंगेली
जिला- मुंगेली (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

-:: निविदा आमंत्रण सूचना ::-

क्रमांक 21/न.पा.नि./जोन क्र.-06/2022-23 — रायपुर, दिनांक 26/05/2022

नगर पालिक निगम रायपुर जोन क्रमांक 06 द्वारा निम्न कार्य हेतु निर्धारित NON SOR & SOR पर लोक कर्म विभाग से पंजीकृत ठेकेदारों (ई-रजिस्ट्रेशन ''डी'' एवं उससे ऊपर) से दो लिफाफा पद्धति के अनुसार (लिफाफा ''अ'' एवं ''ब'') में निविदा प्रपत्र एफ (एकमुश्त दर) सील बंद निविदा पृथक-पृथक आमंत्रित की जाती है। इन कार्यों का निविदा प्रपत्र प्राप्त करने हेतु दिनांक 07/06/2022 तक निर्धारित राशि सहित आवेदन कार्यालयीन अवधि में जमा किया जा कर निविदा प्रपत्र प्राप्त किया जा सकता है। निविदा प्रपत्र एवं निविदा हेतु आवश्यक दस्तावेज दिनंाक 15/06/2022 तक पंजीकृत डाक/ स्पीड पोस्ट के माध्यम से सायं 5.30 बजे तक अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्राप्त होना अनिवार्य है। प्राप्त समस्त निविदाएं दिनांक 16/06/2022 को सुबह 11.30 बजे उपस्थित निविदाकारों अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जावेगी। निविदा आमंत्रित कार्य का विवरण निम्नानुसार है :-

क्र.	कार्य का नाम	अगणित राशि (लाख में)	अमानती राशि	निविदा प्रपत्र मूल्य	एस.ओ.आर.	समया अवधि
1	जोन क्रमांक 06 अंतर्गत सरजुबांधा तालाब, नरैया तालाब, महाराजबंध तालाब के जलकुंभी सफाई एवं मेड से कचरा सफाई करने का कार्य सभी आवश्यक सुरक्षा उपकरण एवं परिवहन कर निर्धारित स्थल तक फेंकने के संसाधनों सहित सम्पूर्ण कार्य।	1705000.00	17100.00	750.00	NON SOR & PWD BUILDING ROAD SOR	2 माह

कार्य के निविदा हेतु सलंग्न की जाने वाली आवश्यक दस्तावेज निम्नानुसार है :-

लिफाफा ''अ'' में - (1) आयुक्त नगर पालिक निगम रायपुर के नाम से देय अमानती राशि का एफ.डी.आर. (निविदा खोलने के दिनांक तक वैद्य होना चाहिए) मूलप्रति।
(2) प्रस्तुत दस्तावेजों की सत्यता एवं काली सूची में न होने बाबत शपथ पत्र संलग्न करें।
(3) ठेकेदारों के नाम का वैद्य पंजीयन की प्रति।
(4) बैंक साल्वेंसी की प्रति
(5) जी.एस.टी. पंजीयन की प्रति
(6) 3 वर्षों का ITR (इनकम टैक्स रिटर्न) एवं निविदा तिथि से 3 माह पूर्व का GSTR की प्रति।

लिफाफा ''ब'' में :- (1) निविदा प्रपत्र

टीप :- (1) उक्त लिफाफे रजिस्टर्ड डाक/ स्पीड पोस्ट से स्वीकार की जावेगी। (2) निविदा प्रपत्र प्राप्त करने तिथि में अवकाश होने पर आगामी तिथि को प्राप्त की जा सकती है एवं निविदा जमा करने एवं खोलने के तिथि में अवकाश हो जाने पर आगामी कार्यालयीन दिवस में कार्य संपादित की जावेगी। (3) ठेकेदार / सप्लायर्स के द्वारा अंतिम भुगतान से पूर्व जी.एस.टी. विभाग से बकाया व होने संबंधी प्रमाण पत्र (Tax Clearance Certificate) अथवा पूर्ण देय कर जमा किए जाने का प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया जाना होगा।

निविदा से संबंधित अन्य जानकारी व शर्तें कार्यालयीन अवधि में प्राप्त की जा सकती है।

घरों से निकलने वाले गीला और सूखा कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें

कार्यपालन अभियंता
जोन क्रमांक 06
नगर पालिक निगम, रायपुर

दो साल में ही टूटा स्टापडेम, किसान ने की शिकायत, सीएम ने जांच करने, नया स्टाप डैम बनाने के दिए निर्देश

केशकाल विधानसभा के धनोरा पहुंचे सीएम भूपेश, ग्रामीणों से की भेंट मुलाकात, करोड़ों रुपए की दी सौगात

रायपुर/नवप्रदेश। केशकाल विधानसभा के बड़े डोंगर में आज भेंट-मुलाकात में किसान रतीराम ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से स्टापडैम को लेकर शिकायत की। उसने बताया कि उनके गांव जुगानी में सिंचाई के लिए बनाया गया स्टापडैम दो साल में ही टूट गया। इससे 6 सौ किसानों के खेतों में सिंचाई नहीं हो पा रही है। मुख्यमंत्री ने नया स्टाप डैम बनवाने की घोषणा के साथ ही भवरदीग नाले पर बने स्टापडैम के टूटने के कारणों की जांच के निर्देश भी अधिकारियों को दिये। किसानों ने मुख्यमंत्री से मक्का की फैक्ट्री लगाने की मांग भी की। किसानों ने कहा कि दूसरी फसलों को भी प्रोत्साहित करने की शासन की योजना के चलते किसान बड़े पैमाने पर मक्का की फसल लेने लगे हैं। क्षेत्र में मक्के के बड़े रकबे के मुताबिक फैक्ट्री होनी चाहिए। साथ ही किसानों ने सहकारी बैंक की शाखा खोलने की माँग भी की। उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार की न्याय योजनाओं की राशि सीधे हितग्राहियों के खाते में अंतरित हो रही है। इसके चलते बैंकिंग सिस्टम की जरूरत ग्रामीण महसूस कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने मौके पर ही बड़े डोंगर में सहकारी बैंक की शाखा आरंभ करने की घोषणा की। साथ ही उन्होंने कहा कि किसान अपनी फसल का बढ़िया दाम लें, इसकी अधोसंरचना तैयार करने की दिशा में सरकार निरंतर कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने मां दंतेश्वरी की पूजा अर्चना भी की।

बड़ेडोंगर उपतहसील का किया निरीक्षण :

मुख्यमंत्री ने पिछले साल 27 जनवरी को बड़े डोंगर में उपतहसील की घोषणा की थी। घोषणा के अगले ही माह से कार्यालय का कार्य आरंभ हो गया था। मुख्यमंत्री ने आज उपतहसील कार्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने दर्ज प्रकरणों की जानकारी ली तथा सभी प्रकरणों को तय समयसीमा में हल करने के निर्देश दिये। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर अपने हाथों से हितग्राहियों को ई-श्रम कार्ड, हेल्थ कार्ड, आधार कार्ड सौंपा।

बाजार शुरू होते ही लग जाती है मोबाइल मेडिकल गाड़ी :

मुख्यमंत्री ने हाट बाजार में जाने वाले मोबाइल मेडिकल वैन की उपलब्धता के बारे में जानकारी ली। बांगोली की आसमती खड़ी हुई और उन्होंने कहा कि हम जब बाजार पहुंचते हैं तो यह गाड़ी खड़ी मिलती है। जैसे ही बाजार शुरू होता है यह गाड़ी लग जाती है। यहां बढ़िया इलाज होता है और दवाई भी मुफ्त मिलती है। उरांदाबेड़ा की गिरिजा बाई ने बताया कि उन्हें मोबाइल वेन से दवा मुफ्त मिल रही है। दवा का और इलाज का कोई खर्चा नहीं लग रहा।

अत्याधुनिक इंटीग्रेटेड 'हमर लैब' का लोकार्पण

कोंडागांव में अब एक ही छत के नीचे मरीजों को अलग-अलग 120 प्रकार के स्वास्थ्य जांच की सुविधा मिलेगी। शहर के जिला अस्पताल में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अत्याधुनिक इंटीग्रेटेड 'हमर लैब' का लोकार्पण किया। पैथोलोजिस्ट डॉ महेश सांडिया ने बताया कि हमर लैब अत्याधुनिक उपकरणों के साथ एक इंटीग्रेटेड हेल्थ लैब है। यहां जांच से संबंधित समस्त संसाधनों का उपयोग एक स्थान पर करते हुए गुणवत्ता पूर्ण जांच सेवाएं मरीजों को उपलब्ध कराई जाएगी। इससे मरीजों को बाहर महंगे दरों पर जांच की समस्या से भी राहत मिलेगी। हमर लैब में क्लीनिकल पैथोलॉजी, हेमेटोलॉजी, सीरोलॉजी, बायोकेमेस्ट्री एवं माइक्रोबॉयलोजी अंतर्गत 120 विभिन्न प्रकार की जांच सुविधाएं मरीजों को उपलब्ध कराई जाएगी।

दुबई में बिकी बहनों की बनाई ट्राइबल ज्वेलरी

कोंडागांव की पंखुड़ी सेवा समिति से जुड़ी महिलाओं द्वारा बनाई बेल मेटल की श्रृंगार ट्राइबल ज्वेलरी अब दुबई के सराफा बाजार में बिक रही है। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने आज समिति की महिलाओं को दुबई एक्सपोर्ट हुए बेल मेटल ट्राइबल ज्वेलरी की कमाई का 1 लाख का चेक सौंपा। मुख्यमंत्री ने इन महिलाओं द्वारा अपने हुनर को ताकत बना कर आर्थिक रूप से सशक्त बनने की तारीफ की। कोंडागांव जिला प्रशासन और पंखुड़ी सेवा समिति द्वारा संयुक्त रूप से महिलाओं को श्रृंगार ट्राइबल जेवेलरी बनाने सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

धनोरा उप तहसील अब बन गया है पूर्ण तहसील

भेंट-मुलाकात कार्यक्रम में सीएम ने कोंडागांव केशकाल विधानसभा के ग्राम धनोरा पहुंचे। उन्होंने यहां नव निर्मित तहसील कार्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने तहसीलदार न्यायालय का निरीक्षण के दौरान नायब तहसीलदार दयाराम साहू से क्षेत्र के राजस्व प्रकरणों, भुइंया पोर्टल में एंट्री की जानकारी ली और दर्ज प्रकरणों की जानकारी लेते हुए, समस्त प्रकरणों का निराकरण समय सीमा के भीतर सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि ग्राम धनोरा पहले उप-तहसील हुआ करता था, क्षेत्रवासियों की मांग पर मुख्यमंत्री ने विगत वर्ष 27 जनवरी को ग्राम कोंगेरा में धनोरा को पूर्ण तहसील बनाए जाने की घोषणा की थी। आज धनोरा पूर्ण तहसील बन चुका है।

सेल्फी खिंचाने बच्चों में मची होड़

स्कूल लाइफ में गर्मी की छुट्टियों का बच्चे साल भर इंतजार करते हैं। और जब इन छुट्टियों की मस्ती में खुद मुख्यमंत्री साथी बन जाएं, तो फिर बात ही क्या है। ऐसा ही हुआ आज कोंडागांव में चल रहे समर कैम्प में, जब मुख्यमंत्री बच्चों से मिलने पहुंचे। मुख्यमंत्री ने बच्चों संग गर्मी की छुट्टियों वाली स्कूल लाइफ का आनन्द लिया। समर कैम्प में बच्चों द्वारा की जा रही एक्टिविटीज में मुख्यमंत्री खुद शामिल हुए और बच्चों की कला और हुनर को सराहा। बच्चों द्वारा प्रदर्शित आर्ट एंड क्राफ्ट गैलरी को मुख्यमंत्री ने 4 वर्षीय नन्हीं साथी पिहू ठाकुर के साथ देखा। इस दौरान मुख्यमंत्री बच्चों संग बचपन के रंग में रंगे नजर आये।

समीक्षा बैठक में सीएम ने दिए निर्देश

अधिकारियों की समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सीमांकन, नामांतरण, बंटवारे के शिविर नियमित संचालित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने स्कूलों में बन रहे अस्थायी जाति प्रमाण पत्र की संख्या की जानकारी ली। राजस्व विभाग के अधिकारियों को अस्थायी जाति प्रमाण पत्रों को समयसीमा में स्थायी करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा है कि आदिवासी इलाकों में मात्रात्मक त्रुटि से लाभ से वंचित हो रहे लोगों के लिए अंग्रेजी नाम को मानक मान कर जाति प्रमाण पत्र प्रदान करें। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को राशन कार्ड बनने के बाद भी छूटे हुए लोगों का नाम जोड़ने और नए कार्ड बनाने के निर्देश दिए हैं। सभी नाले उपचारित होने चाहिए, उन्होंने कहा कि आवर्ती चराई योजना में ध्यान देने की जरूरत है। लॉकडाउन का एक समय था, उस वक्त पलायन करके वापस लौटे लोगोंको चिह्नकित करके काम दें।अब नक्सल समस्या में कमी आयी है, लोगों को रोजगार देने से नक्सलवाद खत्म होगा।

जिंदल स्टील छत्तीसगढ़ में रेल पहिये की फैक्टरी लगाएगा

नई दिल्ली/नवप्रदेश। भारत की पहली और निजी क्षेत्र की एकमात्र रेल निर्माता कंपनी जिन्दल स्टील एंड पावर ने रेल इन्फ्रास्ट्रक्चर उत्पादन क्षेत्र में एक बड़ी छलांग लगाई है। कंपनी छत्तीसगढ़ के रायगढ़ स्थित अपने स्टील प्लांट में देश की पहली रेल पहिया उत्पादन कारखाना लगाएगी। राष्ट्र निर्माण के लिए आवश्यक इस महत्वाकांक्षी योजना को अंजाम देने के लिए कंपनी ने जीआईएफएलओ-हंगरी के साथ एक समझौता किया है।

यहां जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार जीआईएफएलओ-हंगरी और जिन्दल स्टील के बीच यह तकनीकी करार नई दिल्ली में आज हंगरी दूतावास एवं फिक्की के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित भारत-हंगरी बिजनेस फोरम में हुआ, जिसके अनुसार प्लांट की शुरुआती उत्पादन क्षमता 25 हजार सेट पहिया प्रतिवर्ष होगी।

गौरतलब है कि जिन्दल स्टील भारतीय रेल के लिए विभिन्न श्रेणियों की पटरियां तैयार कर आपूर्ति कर रही है। कंपनी देश की विभिन्न मेट्रो परियोजनाओं के लिए हेड हार्डेंड रेल भी तैयार कर रही है। रेल इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास योजनाओं को आगे बढ़ाते हुए जिन्दल स्टील एसिमेट्रिक रेलों के लिए रेल फोर्जिंग यूनिट भी स्थापित कर रही है, जिसका इस्तेमाल रेल ट्रैक्स स्वीचेज, खासकर तेज रफ्तार ट्रेनों के संचालन में किया जाएगा।

इस संबंध में जिन्दल स्टील एंड पावर के प्रबंध निदेशक वी.आर. शर्मा ने कहा कि उनकी कंपनी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरू किये गए आत्मनिर्भर भारत अभियान में बढ़-चढ़कर सहयोग करने के लिए प्रतिबद्ध है। रेल पहिया प्लांट से भारतीय रेल के आधुनिकीकरण को गति मिलेगी और विश्वस्तरीय गुणवत्ता वाले पहियों की उपलब्धता से हम भारत सरकार के दूरदर्शी **गतिशक्ति अभियान** को साकार करने में एक महत्वपूर्ण साझेदार साबित होंगे।

श्री शर्मा ने कहा कि अपनी क्षमताओं पर विश्वास और रेल परिवहन की आवश्यकताओं को समझते हुए जेएसपी अंतरराष्ट्रीय गुणवत्ता एवं सुरक्षा मानकों के अनुरूप रेल पटरियों की विभिन्न श्रेणियों की मांग पूरी करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। रायगढ़ की रेल मिल से भारतीय रेलवे और विभिन्न मेट्रो रेल परियोजनाओं को विशेष ग्रेड के रेल की आपूर्ति की जा रही है।

जिन्दल स्टील एंड पावर 1080 एचएच एवं 1175 एचटी हेड हार्डेंड रेल ग्रेड की एकमात्र भारतीय निर्माता है। ये पटरियां 25 टन से अधिक भार वहन की क्षमता रखती हैं और तेज रफ्तार दौड़ने वाली गाड़ियों के लिए उपयुक्त हैं। जेएसपी 60ई1, जेडयू1-60 और 60ई1ए1 मानदंडों के अनुरूप आर 260 और 880 ग्रेड की पटरियों का भी निर्माण करता है और आर350 एचटी ग्रेड पटरियों का निर्यातक है।

कृषि विश्वविद्यालय परिसर में आंतरिक बस सेवा प्रारंभ

- **प्रबंध मण्डल सदस्यों एवं कुलपति ने हरी झण्डी दिखाकर बस सेवा का शुभारंभ किया**

रायपुर/नवप्रदेश। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों की सुविधा के लिए विश्वविद्यालय परिसर में निःशुल्क आन्तरिक बस सेवा प्रारंभ हो चुकी है। निःशुल्क बस सेवा के तहत कृषि विश्वविद्यालय परिसर स्थित पुराने कृषि अभियांत्रिकी महाविद्यालय से कृषि विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन के मध्य कार्यालयीन समय में चार फेरों में बस सेवा संचालित की जाएगी। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के प्रबंध मण्डल सदस्य श्री आनंद मिश्रा, श्री बोधराम कंवर, श्रीमती वल्लरी चन्द्राकर एवं कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल ने हरी झण्डी दिखाकर आन्तरिक बस सेवा की शुरूआत की। प्रबंध मण्डल सदस्यों एवं कुलपति डॉ. चंदेल ने विश्वविद्यालय के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों, अधिष्ठाताओं एवं अन्य कर्मचारियों के साथ बस की सवारी कर आन्तरिक बस सेवा सुविधा का जायजा लिया।उल्लेखनीय है कि इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय परिसर राष्ट्रीय राजमार्ग 53 पर ग्राम जोरा एवं लभांड़ी में लगभग तीन किलोमीटर लम्बाई में स्थित है। 400 एकड़ से अधिक क्षेत्रफल में विस्तृत विश्वविद्यालय परिसर में स्थित कृषि महाविद्यालय, कृषि अभियांत्रिकी महाविद्यालय, खाद्य प्रौद्योगिकी महाविद्यालय, विभिन्न छात्रावासों, औषधालय, विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन तथा अन्य कार्यालयों के मध्य काफी दूरी होने के कारण विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों को यहां आने-जाने में काफी असुविधा का सामना करना पड़ता था। विश्वविद्यालय परिसर में आन्तरिक बस सेवा प्रारंभ होने से विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों को निःशुल्क आवागमन की सुविधा प्राप्त होगी।

विवाह के 7 साल बाद महिला को मिला मातृत्व सुख

- **दाई-दीदी क्लीनिक में हुआ मुफ्त में इलाज**

रायपुर/नवप्रदेश। दाई-दीदी क्लीनिक में दो साल पहले विवाह के 5 सालों बाद भी मां नहीं बन पाने का गम बताया। इसके बाद चिकित्सकों ने कसरत और योग करने की सलाह दी। जिसका पालन कर बिना कोई खर्च के ही उसे मातृत्व सुख मिल गया।

मरीजों का इलाज उनके घरों तक जाकर देने की मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की महत्वाकांक्षी योजना के तहत शहर में एमएमयू वाहन मुहल्लों में जाकर मरीजों का इलाज करते हैं। इन्हीं एमएमयू वाहनों में से एक वाहन को दाई-दीदी क्लीनिक का नाम दिया गया है। इस क्लीनिक में चिकित्सक समेत सभी स्टाफ महिलाएं ही रहती हैं। आज यही वाहन जरवाय स्थित बीएसयूपी कॉलोनी में पहुंची थी। इसी दौरान प्रेमलता साहू (27 वर्ष) अपने 7 महीने के बच्चे आशीष का वजन करवाने पहुंची थी। उसने दाई-दीदी की टीम को धन्यवाद देते हुए कहा कि उन्हीं की मदद से विवाह के 7 साल बाद मातृत्व सुख मिला। उस समय वहां एमएमयू वाहनों के एरिया प्रोजेक्ट मैनेजर काजल शर्मा भी मौजूद थी। प्रेमलता ने बताया कि करीब 2 साल पहले उसने मातृत्व सुख नहीं मिल पाने का गम जताते हुए डॉक्टर दीदी से इलाज करने के लिए कहा था। तब चिकित्सक ने उसे उसका वजन कम करने कहा था। इसके लिए उन्होंने कसरत और योग करने की सलाह दी थी। प्रेमलता ने बताया कि डॉक्टर दीदी की हर गाइडलाइंस का उसने पालन किया और वह गर्भधारण कर मां बन गई। दो साल पहले की बातों को याद करते हुए एरिया प्रोजेक्ट मैनेजर सुश्री शर्मा ने बताया कि गर्भ धारण के लिए प्रेमलता को किसी प्रकार की दवा नहीं दी गई थी। दाई- दीदी क्लीनिक पर महिलाओं को उनकी जरूरत के हिसाब से दवा देने के साथ ही मल्टी विटामिन भी दे दिया जाता है। प्रेमलता को भी उस समय मल्टीविटामिन दे दिया गया होगा। एमएमयू वाहनों की माध्यम से लोगों का इलाज घर-घर पहुंचे इसकी मॉनिटरिंग महापौर एजाज ढेबर और निगमायुक्त प्रभात मलिक द्वारा नियमित की जाती है। इन वाहनों में मरीजों का ना सिर्फ इलाज किया जाता है, बल्कि दवाएं भी मुफ्त में दी जाती है।

सेंचुरियन विश्वविद्यालय भेजे गए 28 विद्यार्थियों को मिली नौकरी

आदिवासी छात्र-छात्राओं का हुआ सपना पूरा, जीवन को मिली एक नई दिशा

रायपुर/नवप्रदेश। भारत सरकार की सबसे बड़ी लौह अयस्क उत्पादक नवरत्न कंपनी एनएमडीसी अपने परियोजना क्षेत्र में शिक्षा, चिकित्सा और आधारभूत संरचनाओं के विकास समेत स्थानीय लोगों के सर्वांगिक विकास के लिए सदैव तत्पर रहती है। इसी कड़ी में एनएमडीसी द्वारा छत्तीसगढ़ के बचेली और किरंदुल परियोजना क्षेत्र के आस-पास के 29 आदिवासी छात्र-छात्राओं का चयन कर उन्हें रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण के लिए सेंचुरियन विश्वविद्यालय, भुवनेश्वर भेजा गया था। सेंचुरियन विश्वविद्यालय भेजे गए सभी विद्यार्थियों ने अपना प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है और प्रशिक्षित सभी विद्यार्थियों को नौकरी भी मिल गई है।

एनएमडीसी और सेंचुरियन विश्वविद्यालय के बीच हुए एमओयु के तहत अक्टुबर 2021 में एनएमडीसी परियोजना क्षेत्र के आस-पास के गांवों से अनुसूचित जनजाति वर्ग के तीस विद्यार्थियों का चयन कर उन्हें भुवनेश्वर भेजा गया था।सेन्चुरियन विश्वविद्यालय के पहले बैच के 29 छात्र-छात्राओं को रक्त संग्रह तकनीशियन (फ्लेबोटॉमी) की 6 माह की ट्रेनिंग दी गयी। छात्र-छात्राओं को पढ़ाई के साथ-साथ सिलाई, मिटटी के सामान बनाने, कागज़ को रिसाईकल कर सजावटी सामग्री निर्माण समेत अन्य कौशल प्रशिक्षण भी दिया गया।

प्रशिक्षण के बाद स्नातक दिवस कार्यक्रम का आयोजन कर सभी विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र दिए गए। इस बीच रक्त संग्रह तकनीक (फ्लेबोटॉमी) में प्रशिक्षित सभी 28 विद्यार्थियों में से शत-प्रतिशत विद्यार्थियों की 2050 हेल्थ सर्विस कंपनी भुवनेश्वर में नौकरी भी लग गई है। प्रशिक्षित युवक-युवतियों को प्रारंभ में 12,840-13,440 रूपए प्रतिमाह का वेतन दिया जाएगा।

एनएमडीसी के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक सुमित देब ने प्रशिक्षित युवक-युवतियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा कि एनएमडीसी अपने परियोजना क्षेत्र के सर्वांगिक विकास में सदैव भागीदार रहा है और स्थानीय लोगों के शिक्षा, चिकित्सा, पेयजल और आधारभूत जरूरतों को पूरा करने में आगे भी अपनी भागीदारी निभाता रहेगा।

गौरतलब हो कि स्थानीय युवाओं को स्वास्थ के क्षेत्र में कौशल उन्नयन के लिए एनएमडीसी ने सेंचुरियन विश्वविद्यालय, जटनी, भुवनेश्वर (ओड़िसा) के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया है जिसके तहत स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़े हुए विभिन्न प्रकार के कौशल प्रशिक्षण सेंचुरियन विश्वविद्यालय के द्वारा चयनित विद्यार्थियों को दिया गया। इस योजना के तहत वर्ष 2021-22 के दौरान दंतेवाड़ा के सामाजिक व आर्थिक रूप से पिछड़े 60 आदिवासी छात्र-छात्राओं को संस्थान में प्रवेश दिया गया। छात्र-छात्राओं को 29-31 के बैच में माह अक्टूबर/नवम्बर में सेंचुरियन विश्वविद्यालय, भुवनेश्वर भेजा गया था।

ठेकेदार को ठेका रद्द करने के बाद नया टेंडर जारी

रायपुर/नवप्रदेश। बोरियाखुर्द में निर्माणाधीन ईडब्लूएस रोहाऊस मकानों के निर्माण ठेकेदार मेसर्स आशीष इन्फ्राकॉन प्रा. लिमिटेड को ब्लैक लिस्ट कर उसका ठेका कार्य रद्द करने के बाद आज रायपुर विकास प्राधिकरण ने 35.29 करोड रुपए का नया टेन्डर जारी कर दिया है। निविदा के अनुसार नए ठेकेदार को 18 महीने में मकान तैयार कर सौंपना होगा। प्राधिकरण के मुख्य कार्यापालन अधिकारी चन्द्रकांत वर्मा के अनुसार बोरियाखुर्द में ईडब्लूएस-1 में एक बीएचके तथा ईडब्लूएस-2 में दो बीएचके के निर्माण का ठेका 30 जून 2018 को मेसर्स आशीष इन्फ्राकॉन प्रा. लिमिटेड को दिया गया था। किन्तु ठेकेदार कंपनी की लेटलतीफी के कारण इन ईडब्लूएस मकानों के नींव निर्माण का कार्य आज तक पूरा नहीं हो पाया है। ठेकेदार की इस लापरवाही व लेटलतीफी के कारण प्राधिकरण ने नोटिस दे कर उसका कार्य अनुबंध निरस्त कर दिया है। गत दिनों संचालक मंडल की बैठक में इस विषय पर चर्चा के बाद ठेकेदार फर्म को ब्लैक लिस्ट करते हुए नई निविदा किए जाने की स्वीकृति दी गई थी।

राज्यसभा प्रत्याशी को चुनने का अधिकार सिर्फ कांग्रेस को

भाजपाई अब्दुल्ला दीवाना वाली कहावत चरितार्थ कर रहे

रायपुर/नवप्रदेश। रमन सिंह द्वारा राज्यसभा प्रत्याशियों को लेकर दिये गये बयान पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि रमन सिंह से पूछ कौन रहा कि राज्यसभा का प्रत्याशी किसे होना चाहिये? भाजपा नेता अब्दुल्ला दीवाने वाली कहावत को चरितार्थ कर रहे है। राज्यसभा प्रत्याशी पर रमन सिंह किस हैसियत से बयान दे रहे हैं? छत्तीसगढ़ में जनता ने भाजपा को इस लायक नहीं छोड़ा कि वह राज्यसभा चुनाव के बारे में सोच भी सके, फिर भाजपा नेता बार-बार बयान देकर अपनी खीझ निकाल रहे है। जनता ने 2018 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को तीन चौथाई बहुमत दिया है। राज्य से खाली हो रही दोनों ही राज्यसभा के सीटों पर कांग्रेस के प्रत्याशियों को चुना जाना तय है। ऐसे में प्रत्याशियों के चयन का अधिकार कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व के पास है। कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व राज्य के कांग्रेस नेतृत्व के साथ चर्चा करके प्रत्याशी का नाम तय करेगी, इसमें भाजपा के नेता क्यों अकुला रहे हैं।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि जिन रमन सिंह की पूछ-परख भारतीय जनता पार्टी में नहीं है, वे बिना प्रभार के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष है, जिनको भाजपा की प्रभारी डी. पुरंदेश्वरी लगातार उपेक्षित करती है। उनके साथ दौरा करने से परहेज करती है वे रमन सिंह कांग्रेस को सलाह देने के बजाये मंथन करना चाहिए कि भारतीय जनता पार्टी के अंदर में उनकी स्वीकार्यता खत्म क्यों हो रही है?

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि भाजपा निश्चिंत रहे राज्यसभा देश का उच्चसान है जहां पर देश की समस्याओं पर उनके समाधान पर गुणवत्ता युक्त चर्चा की परंपरा रही है। कांग्रेस से जो भी राज्यसभा में चुनकर जायेंगे वे देश और राज्य की जनता की आवाज बनेंगे, न कि भारतीय जनता पार्टी के सदस्यों के समान राज्यसभा में हुड़दंग करके महत्वपूर्ण बिल पर बिना चर्चा ही पारित करवाने में भूमिका निभायेंगे।

लाईवलीहुड कॉलेज में प्लेसमेंट कैंप का आयोजन 1 जून को

रायपुर/नवप्रदेश। जिला कौशल विकास प्राधिकरण रायपुर द्वारा संकल्प परियोजना के अंतर्गत लाईवलीहुड कॉलेज जोरा में प्लेसमेंट कैंप का आयोजन 1 जून को सुबह 11 बजे से किया जायेगा। प्लेसमेंट कैंप में 02 निजी नियोजक अरिहंत ज्वेलर्स सदर बाजार रायपुर तथा क्वेस कोरप. प्राईवेट लिमिटेड रायपुर द्वारा नियुक्ति हेतु साक्षात्कार लिया जावेगा। अरिहंत ज्वेलर्स सदर बाजार रायपुर द्वारा सेल्स एक्जीक्युटिव, सेल्स सहायक, टेलीकॉलर, रिसेप्शनिष्ट आदि के 130 पदों पर चयन के लिये साक्षात्कार का आयोजन किया जायेगा। इन पदो के लिये योग्यता पद स्नातक अनुसार 12वीं अथवा परीक्षा उत्तीर्ण होना है। चयनित युवाओं को पद के आधार पर 10 हजार रूपये से 25 हजार रूपये तक प्रतिमाह वेतन दिया जायेगा। इनका कार्यक्षेत्र रायपुर होगा। इसी तरह क्वेस कोरप प्राईवेट लिमिटेड रायपुर द्वारा सेल्स ऑफिसर एवं रिजनल ऑफिसर के 40-40 पदों पर नियुक्ति की कार्यवाही किया जायेगा। इन पदो के लिये आवश्यक योग्यता किसी भी विषय में स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण होना है। चयनित युवाओं को प्रतिमाह 12 हजार से 17 हजार रूपये का वेतन दिया जावेगा एवं इनका कार्यक्षेत्र सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ होगा।

बिचौलियों ने वकालत को कलंकित किया : रिजवी

रायपुर/नवप्रदेश। मध्यप्रदेश पाठ्यपुस्तक निगम के पूर्व अध्यक्ष, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व उपाध्यक्ष तथा वरिष्ठ अधिवक्ता इकबाल अहमद रिजवी ने कहा है कि न्यायपालिका की निष्पक्षता एवं विश्वसनीयता पर जनता ही नही स्वयं सर्वोच्च एवं उच्च न्यायालयों के रिटायर्ड न्यायाधीश ही कटाक्ष करते नजर आ रहे हैं। उनके बोल एवं विचारों ने न्यायपालिका को संदेह के दायरे में लाकर खड़ा कर दिया है। पूर्व सी.जे.आई. रंजन गोगोई ने इस संदर्भ में अपनी पीड़ा व्यक्त करते हुए कहा है कि देश की न्याय प्रणाली जर्जर होती जा रही है तथा अदालत जाकर पक्षकार पछताते हैं। न्यायपालिका पर से जनता का विश्वास समाप्त होता जा रहा है। मद्रास हाईकोर्ट के जस्टिस एस.एम. सुब्रह्मणियम ने न्यायपालिका पर कड़ी टिप्पणी करते हुए कहा है कि सरकारी विभागों से ज्यादा भ्रष्टाचार न्यायपालिका में है। उन्होंने भ्रष्टाचार को रोकने निगरानी व्यवस्था को ज्यादा मजबूत करने की जरूरत भी महसूस की है। रिजवी ने खेद व्यक्त करते हुए कहा है कि आजकल वकालत के पेशे में बिचौलियों की सक्रिय भूमिका ने न्यायपालिका को बदनाम करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। न्यायपालिका का वर्चस्व मजबूत करने के लिए नीचे से लेकर ऊपर तक की अदालतों में पदस्थ पीठासीन अधिकारियों का बिचौलियों से न्यायिक दूरी बनाने की आज महती आवश्यकता है। अक्सर देखा गया है कि जज को पता भी नहीं चलता और दलाल सम्बन्धित जज से नजदीकी का फायदा उठाकर पक्षकार से सौदा कर लेता है और जज बिना कुछ लिए बदनाम हो जाता है।

मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान से बालक टिंगे रितेश ने दी कुपोषण को मात

बीजापुर/नवप्रदेश। बीजापुर जिले में कुपोषण एक गंभीर समस्या बनी हुई। राज्य शासन में महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान द्वारा चिन्हाकिंत कुपोषित बच्चों को लगातार अभियान से जोड़कर लाभान्वित किया जा रहा है। जिसका सकारात्मक परिणाम देखने का मिल रहा है। मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान आंगनबाड़ी केन्द्रों के माध्यम से संचालित हो रही है। महिला एवं बाल विकास विभाग के मैदानी अमला कुपोषण से मुक्त करने व्यापक स्तर पर कार्य रहे है। आंगनबाड़ी केन्द्रों के माध्यम से कुपोषित बच्चों की अतिरिक्त पौष्टिक आहार प्रदाय किया जा रहा। जिसमें मोरेंगाबर, पौष्टिक बिस्किट, अण्डा एवं गरम भोजन प्रतिदिन हरी सब्जी दाल, दाल में मोरेंगा पाउडर मिलाकर खिलाया जाता है। जिससे कुपोषित बच्चे तेजी से सुपोषण की अग्रसर हो रहे है। एकीकृत बाल विकास परियोजना भोपालपटनम के सेक्टर मददेड़ अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र उस्कालेड-1 में दर्ज बच्चों का प्रतिदिन वजन लिया जाता है। वजन के आधार पर बच्चों का कुपोषण स्तर मापा जाता है। कुपोषण से प्रभावित बच्चों को चिन्हाकिंत किया जाता है। इसी दौरान

बालक टिंगे रितेश को कुपोषित बच्चे के रुप में चिन्हाकिंत किया गया। टिंगे रितेश का जन्म 2018 में हुआ था, जन्म के समय मात्र 2.500 किलोग्राम था। कुछ दिन बाद बच्चा बार-बार बीमार पड़ने लगा, जिससे उनके माता-पिता परेशान हो गए। फिर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ललिता दुब्बा ने बच्चे के माता-पिता को पोषण पुनर्वास के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए बच्चे को पोषण पुनर्वास केन्द्र में भर्ती कराने के लिए राजी किया। जहां बच्चे को 15 दिनो तक विशेष निगरानी में रखते हुए उचित देखभाल किया। साथ ही बच्चे की माता कालक्का को पौष्टिक आहार बनाने के विस्तृत जानकारी दी गई, बच्चे के स्वास्थ्य एवं शीघ्र स्तनपान, सतत स्तनपान 6 माह तक कराने के साथ ही उपरी आहार स्वच्छता टीकाकरण के बारे में विस्तार से बताया गया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता द्वारा नियमित रुप से 2-3 दिन के अंतराल में गृह भेटकर बच्चे की सेहत की जानकारी ली गई। आज वर्तमान में बालक टिंगे रितेश का वजन 13.3 किलोग्राम जो सामान्य स्थिति में है। बच्चे के स्वास्थ्य में तेजी से बदलाव आया। बच्चा अब पूरी तरह स्वस्थ है। बच्चे के माता-पिता शासन की योजनाओं को भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान की सराहना की और कहा कि जिले के अधिकांश बच्चे अब मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान से कुपोषण मुक्त हो रहे हैं।

सर्वाधिक डिजिटल सदस्य बनाने पर पर्यटन सदस्य नरेश ठाकुर हुए सम्मानित

कांकेर/नवप्रदेश। बस्तर संभाग तथा कांकेर लोकसभा में कांग्रेस के डिजिटल मेंबरशिप में सर्वाधिक मेंबर बनाने वाले तथा छत्तीसगढ़ में मेबरशिप अभियान में टॉप 10 में स्थान बनाने वाले कांग्रेस के युवा नेताम एवं सदस्य छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल नरेश ठाकुर का जिला कांग्रेस कमेटी कांकेर द्वारा 25 मई को खनिज निगम के अध्यक्ष गिरीश देवांगन एवं नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष रामगोपाल अग्रवाल एवं जिलाध्यक्ष सुभद्रा सलाम के करकमलों से श्रीफल साल भेंट कर सम्मान किया गया। कांकेर जिले में कांग्रेस के 13 हजार डिजिटल मेंबरशिप बनाया गया है जिसमें नरेश ठाकुर ने स्वयं द्वारा 07 हजार मेंबरशिप बनाया। उनकी इस उपलब्धि पर संगठन ने उनके द्वारा किये गये कार्य की सराहना करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक के दौरान उनको यह सम्मान दिया गया।

एसडीओपी ने ली थाना व चौकी प्रभारियों की बैठक

रामानुजगंज/नवप्रदेश। रामानुजगंज एसडीओपी एमके सूर्यवंशी ने अनुविभाग के थाना व चौकी प्रभारियों की बैठक लेकर पुलिसिंग कार्य में कसावट लाने के निर्देश दिए एवं शिकायत पत्रों के तत्कालिक निराकरण के भी आदेशित किया गया। बैठक में लंबित अपराध चालान मर्ग गुम इंसान लंबित जब्ती माल के संबंध में त्वरित निराकरण हेतु विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही दिए निर्देश की तामीली 15 दिवस के अंदर करने निर्देशित किया गया एवं अगली समीक्षा मीटिंग में जानकारी लाने निर्देशित किया गया। बैठक में चौकी प्रभारी विजयनगर धीरेन्द्र बंजारे, थाना पस्ता से उपनिरीक्षक अनिल दुबे, चौकी गणेशमोड से सहायक उपनिरीक्षक रोपन राम थाना रामानुजगंज से रवि मिश्रा उपस्थित रहे।

आंदोलन के 56वें दिन मनरेगा कर्मियों ने निकाली वायदा निभाओ रैली

बैकुंठपुर/नवप्रदेश। कोरिया जिला मुख्यालय में मनरेगा योजना के सभी अधिकारी कर्मचारियों ने रोजगार सहायकों के साथ वायदा निभाओ रैली निकाली। जिला मुख्यालय स्थित प्रेमाबाग प्रांगण से प्रारंभ होकर वायदा निभाओ रैली शहर के मुख्य मार्ग से होकर एसडीएम कार्यालय पहुंची और अपनी नियमितीकरण संबंधी 2 मांगों का ज्ञापन सौंपा। मुख्यमंत्री के नाम सौंपे गए ज्ञापन में उन्होंने अपने नियमितीकरण और रोजगार सहायको को पंचायत कर्मी का दर्जा देने की मांग का लेख किया गया है। इस वायदा निभाओ रैली के संबंध में विस्तार से जानकारी देते हुए मनरेगा कर्मचारी महासंघ के जिलाध्यक्ष आरिफरजा ने बताया कि सत्ता में आने के पूर्व, मुख्यमंत्री ने अपने सहयोगियों के साथ बूढ़ा तालाब में हमसे वायदा किया था कि सत्ता में आते ही हमें नियमित कर देंगे। अपने वायदे के अनुसार भूपेश सरकार ने अपने घोषणा पत्र में भी बिंदु क्रमांक 11 में हमे नियमित करने की घोषणा की थी। परन्तु तीन साल बीत जाने के बाद भी सरकार ने इस दिशा में कोई सार्थक पहल नहीं की है इसलिए हमें आंदोलन के लिए मजबूर होना पड़ा है। जिलाध्यक्ष ने आगे बताया कि गत 04 अप्रैल से पूरे प्रदेश में मनरेगा योजना के अधिकारी कर्मचारी और रोजगार सहायक सत्याग्रह कर रहे हैं लेकिन आंदोलन के 56दिन बाद भी सरकार ने अपना रुख स्पष्ट नहीं किया है। आज प्रांतीय टीम के निर्देशन में जिले के सभी रोजगार सहायक, तकनीकी सहायक कार्यक्रम अधिकारी और जिला पंचायत व जनपदों में पदस्थ पूरे कर्मचारियों के साथ यह वायदा निभाओ रैली निकाली गई।

सहायक ग्रेड -3 के पदों पर भर्ती, 6 को होगा दस्तावेजों का सत्यापन

बीजापुर/नवप्रदेश। विशेष कनिष्ठ कर्मचारी चयन बोर्ड बस्तर संभाग जगदलपुर द्वारा सहायक ग्रेड -3 के पदों पर भर्ती हेतु आयोजित लिखित परीक्षा एवं कौशल परीक्षा में सफल होने वाले अभ्यर्थियों की वरीयता सूची बीजापुर जिले की वेबसाईट डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू डॉट बीजापुर डॉट जीओव्ही डॉट इन पर प्रकाशित कर दी गयी है। इसके साथ ही उक्त सूची कलेक्टोरेट बीजापुर के सूचना पटल पर चस्पा कर दी गयी है। उक्त वरीयता सूची के अनुसार अभ्यर्थियों के मूल दस्तावेजों का सत्यापन उनके द्वारा ऑनलाईन में किये गये प्रविष्टि से किया जाना है। अतएव वरीयता सूची में दर्शित अभ्यर्थी 6 जून को प्रातः10 बजे कलेक्टोरेट बीजापुर में मूल दस्तावेजों तथा मूल दस्तावेजों की एक-एक छायाप्रति एवं पहचान हेतु आधार कार्ड, मतदाता परिचय पत्र या अन्य पहचान पत्र के साथ उपस्थित हो सकते हैं।

सुरक्षा गार्ड एवं सुपरवाईजर की भर्ती, 2 एवं 3 जून को लगेगा प्लेसमेंट कैंप

बीजापुर/नवप्रदेश। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र बीजापुर में 2 एवं 3 जून को 11 बजे से 3 बजे तक प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जायेगा। निजी क्षेत्र के नियोजक संस्थानों में रोजगार प्राप्त करने के लिए जिले के दसवी कक्षा उर्तीण, अनुर्तीण परीक्षा में बैठे आवेदको को दो दिवसीय प्लेसमेंट कैंप के माध्यम से सुरक्षा गार्ड एवं सुपरवाईजर के पदों पर भर्ती हेतु निर्धारित समय में आवश्यक दस्तावेजों के साथ जिला रोजगार कार्यालय बीजापुर में संपर्क कर सकते है। यह भर्ती केवल पुरुष उम्मीदवार के लिए आयोजित की जा रही है। भर्ती से संबंधित सम्पूर्ण विवरण जिले के वेबसाईट डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू डॉट बीजापुर डॉट जीओव्ही डॉट इन अथवा जिला रोजगार कार्यालय बीजापुर के टेलीग्राम ग्रुप में जुड़कर अथवा मोबाईल नंबर 9399940154, 9406020073 पर कार्यालयीन समयावधि पर सम्पर्क कर सकते है।

ग्राम पंचायत दुगली में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन

नगरी/नवप्रदेश। सिहावा विधानसभा क्षेत्र की विधायक एवं उपाध्यक्ष मध्यक्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण डॉ लक्ष्मी ध्रुव के निर्देश पर ग्राम पंचायत दुगली में जनसमस्या निवारण शिविर दिन शुक्रवार को आयोजन किया गया। आयोजन शिविर में निकटतम ग्राम पंचायत कौहाबाहरा, गेदरा, मुनईकेरा, जबर्रा, कोलियारी, बांधा, गुहाननाला, के ग्रामीणजन जन समस्या निवारण शिविर में उपस्थित हुए। मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में कहा कि स्वास्थ्य विभाग में जिन डॉक्टरों की नियुक्ति हुई है वो अपने मुख्यालय में रहें, क्योकि स्वास्थ्य से संबंधित ईलाज के लिए कभी भी किसी को भी आवश्यकता पड़ सकता है। उस स्थिति में डॉक्टरों का रहना आवश्यक है, जो डॉक्टर मुख्यालय में नहीं रहते उन्हे चिन्हांकित कर उनके विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही किया जाएगा। बिजली विभाग के संबंध में कहा कि यदि लम्बे समय तक बिजली बंद करने का हो तो पूर्व में इसकी सूचना उपभोक्ताओं को दिया जाये, जिससे वह बिजली से संबंधित कार्य को पूर्ण कर ले। शिक्षा के संबंध में उन्होंने कहा कि जिस स्कूल में शिक्षक की कमी है, वो नये शिक्षा सत्र में पूर्ण कर लिया जाएगा तथा उन्होंने कहा कि यदि उसके बाद भी शिक्षक की कमी हुई तो डीएमएफ मद से अतिथि शिक्षक के रूप में पूरा किया जाएगा। आवास के संबंध में विधायक ने कहा कि कुछ लोग इस योजना को केन्द्र सरकार की योजना बताते है, जबकि यह 50 प्रतिशत राशि केन्द्र सरकार की 50 प्रतिशत राशि राज्य सरकार की होती है। दोनो के द्वारा आवास योजना लागू है। आवास हेतू प्रतिक्षा सूची आने के बाद हितग्राही को लाभ मिलेगा। यदि सूची के अनुसार नाम को ऊपर-नीचे किया जाता है तो मुझे इसकी शिकायत तत्काल करे ताकि संबंधित अधिकारी/कर्मचारी के ऊपर कार्यवाही किया जा सके।

नक्सल प्रभावित क्षेत्र अमगढ़ पहुंची शिवसेना की टीम

दुर्गुकोंदल/नवप्रदेश। शिवसेना द्वारा क्षेत्र के आम जनता पर हो रहे शोषण, अन्याय, अत्याचार, भ्रष्टाचार को जानने पूरे छत्तीसगढ़ में गांव-गांव दौरा कर जनसंपर्क किया जा रहा है। इसी तारतम्य में शिवसेना दुर्गुकोंदल इकाई द्वारा दुर्गुकोंदल ब्लॉक का सघन जनसंपर्क करते हुए ग्राम अमगढ़ (चमल) पहुंची जहां पर किसानों से मुलाकात कर उनकी पीड़ा को सुना गया। एवं किसानों के मांग स्थल दूरस्थ पहाड़ी नदी के धार पर ले जाकर किसानों ने शिव सेना प्रदेश महासचिव चंद्रमौली मिश्रा को बताया कि उक्त जगह पर किसानों द्वारा प्रशासन से कई बार स्टॉप डैम बनाने की मांग किया गया है। अगर शासन उस जगह पर स्टॉप डैम का निर्माण करा देती है तो वर्ष भर उस नाले में पानी रहेगा एवं उस नाले के पानी से उस क्षेत्र के सैकड़ों किसान एवं हजारों एकड़ खेत लाभान्वित होंगे एवं क्षेत्र के खुशहाल किसान सुख पूर्वक अपना जीवन यापन कर पाएंगे। किंतु प्रशासन किसानों की मांगों पर कोई ध्यान नहीं दे रहा है शिव सेना प्रदेश महासचिव चंद्रमौली मिश्रा ने प्रेस के माध्यम से प्रशासन से मांग किया है कि अविलंब किसानों की समस्या को देखते हुए उक्त मांग स्थल पर स्टॉप डैम का निर्माण करवाया जाए।

लिपिक वर्गीय कर्मचारियों के लिए कौशल परीक्षा का होगा आयोजन

मुंगेली/नवप्रदेश। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने जिला कर्मचारी संगठन परामर्शदात्री समिति की द्वितीय बैठक ली। उन्होंने प्रथम बैठक में लिए गए निर्णयों के पालन प्रतिवेदन के संबंध में जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर जिला कर्मचारी संगठन परामर्शदात्री समिति के पदाधिकारियों ने प्रथम बैठक में लिए गए अनेक निर्णयों के पालन होने पर अपनी प्रसन्नता व्यक्त की और कलेक्टर को अपनी बधाई दी। इस दौरान जिला कर्मचारी संगठन परामर्शदात्री समिति के पदाधिकारियों द्वारा लिपिक वर्गीय कर्मचारियों के लिए कौशल परीक्षा आयोजित करने की मांग की। उन्होंने बताया कि लिपिक वर्गीय कर्मचारियों द्वारा कौशल परीक्षा उत्तीर्ण होने पर उन्हें प्रतिमाह अतिरिक्त राशि प्राप्त होती है। कलेक्टर डॉ. सिंह ने उनकी मांग पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करते हुए शीघ्र ही जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज में कौशल परीक्षा आयोजित करने के निर्देश दिए। इसी तरह उन्होंने जिला कर्मचारी संगठन परामर्शदात्री समिति की बैठक की भांति विकासखण्ड स्तर पर भी परामर्शदात्री समिति की बैठक आयोजित करने के भी निर्देश दिए। तत्पश्चात् कलेक्टर डॉ. सिंह ने जिला स्तरीय अधिकारियों की उपस्थिति में मान्यता प्राप्त प्रत्येक संगठन के पदाधिकारियों से उनकी मांगों और समस्याओं के संबंध में भी विस्तारपूर्वक चर्चा की तथा उनके समस्याओं को समय-सीमा पर निराकरण करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।

कॉलेज की लाइब्रेरी से हुई किताबों की चोरी, मामला दर्ज

चिरमिरी-कोरिया/नवप्रदेश। कोरिया जिला में स्तिथ चिरमिरी सहर कबाड़ व कोयला चोरी को लेकर हमेशा सुर्खियों में तो रहता ही है। अब इस सहर के सबसे प्राचीन शासकीय महाविद्यालय के लाइब्रेरी से पूरे पुस्तकें चोरी हो जाना जिले में चर्चा का विषय बना हुआ है। जानकर आश्चर्य होगा कि इस महाविद्यालय के पुस्तकालय से पूरी पुस्तकें चोरी हो जाना कहीं ना कहीं महाविद्यालय के प्रबंधन पर प्रश्नचिह्न लगाता है। चिरमिरी क्षेत्र में चोरी इस कदर बढ़ गई है कि अपने आप में यह यक्ष प्रश्न बन गया है, लेकिन एक बात कहना होगा कि शासकीय महाविद्यालय के पुस्तकालय से पुस्तकें चोरी हो जाना महाविद्यालय प्रबंधन के साथ-साथ स्थानीय प्रशासन की बड़ी लापरवाही मानी जा सकती है। जिले में इस तरह किताब की पहली चोरी का मामला सामने आया है। चिरमिरी स्थित लाहिड़ी कालेज की लाइब्रेरी से 50 हजार से ज्यादा किताबों की चोरी होने का अनुमान लगाया गया है।

मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में शुरू हुई अस्थिरोग, सर्जरी और फिजियोथेरेपी की ओपीडी

रायगढ़/नवप्रदेश। स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव ने पिछले दिनों अपने रायगढ़ प्रवास के दौरान मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल के नए भवन में विभागों की शिफ्टिंग के निर्देश मेडिकल कॉलेज प्रबंधन को दिए थे। जिसके बाद मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल के नए भवन में विभागों की शिफ्टिंग शुरू हो गयी है और उनकी ओपीडी भी नए बिल्डिंग में प्रारम्भ कर दी गयी है। मेडिकल कॉलेज के अधीक्षक डॉ.मनोज मिंज ने बताया कि हॉस्पिटल के नए भवन में अस्थि रोग, सर्जरी और फिजियोथेरेपी विभागों की आज शनिवार से ओपीडी प्रारंभ कर मरीजों का इलाज शुरू कर दिया गया है। ये विभाग हॉस्पिटल बिल्डिंग मिडिल ग्राउंड फ्लोर में शुरू की गयी हैं। उन्होंने बताया कि 30 मई सोमवार से 5 अन्य विभागों की ओपीडी भी यहां शुरू कर दी जाएगी। जिसमें मनोरोग, चर्मरोग, दंत चिकित्सा, नाक, कान, गला रोग और जनरल मेडिसिन शामिल हैं। इसके साथ यहां एमआरडी (मेडिकल रिकॉर्ड डिपार्टमेंट) भी शुरू कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि अन्य दूसरे विभागों की भी जल्द शिफ्टिंग की तैयारी की जा रही है।

कल से मनोरोग, चर्मरोग, दंत चिकित्सा, नाक कान गला रोग और जनरल मेडिसिन की ओपीडी भी हो जाएगी शुरू

सीईओ ने गौठानों का किया निरीक्षण

जांजगीर-चांपा/नवप्रदेश। जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी गजेन्द्र सिंह ने बलौदा विकासखण्ड के चारपारा, महुदा (ब), नवगवा एवं जाटा गौठान का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने गौठान में प्रगतिरत कार्यों को पूर्ण करने के साथ ही गौठान में मूलभूत पानी, चारा एवं अन्य व्यवस्थाओं को दुरूत करने के निर्देश दिए।

इस दौरान जनपद पंचायत सीईओ नेहा सिंह सहित गौठान समिति सदस्य, सरपंच, सचिव उपस्थित थे। जिपं सीईओ ने बलौदा विकासखण्ड की गौठान में मुर्गी पालन केन्द्र, बकरीपालन केन्द्र में चल रहे रही गतिविधियों का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि गौठान में समूहों के लिए बेहतर रोजगार के साधन उपलब्ध हो सकें, इसके लिए उन्हें बेहतर प्रशिक्षण दिया जाए। बाड़ी विकास के लिए समूह को सब्जी एवं फल उत्पादन के लिए बीज उपलब्ध कराने कहा। इस दौरान उन्होंने गौठान में स्वीकृत कार्य बकरीपालन शेड, मुर्गीपालन शेड, मशरूम उत्पादन केन्द्र, नेपीयर घास, हरा चारा, गेहूं उत्पादन आदि कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्वीकृत कार्यों को तत्काल शुरू करने के निर्देश दिए। उन्होंने गौठान में गायों के लिए पर्याप्त मात्रा में पैरादान ग्रामीणों की सहभागिता से एकत्रित करवाने कहा। इस दौरान उन्होंने बाड़ी विकास के लिए पर्याप्त पानी की व्यवस्था करने कहा। उन्होंने कहा कि गौठान के माध्यम से स्व सहायता समूहों की महिलाओं को उचित स्थान मिले और उन्हें स्वरोजगार प्राप्त हो इसके लिए बकरीपालन, मुर्गीपालन, बतखपालन, मशरूम, सब्जी बाड़ी लगाने का बेहतर प्रशिक्षण दिये जाने के निर्देश दिए। इस दौरान सरपंच, सचिव एवं संबंधित गौठान समिति के सदस्य उपस्थित थे।

प्रथम पेज का शेष

देश सेवा में हमने ...

और सरदार वल्लभभाई पटेल की इस पवित्र भूमि से मुझे ऐसे संस्कार मिले हैं, जिसकी वजह से मुझसे ऐसा कोई काम नहीं हुआ, जिससे आपको या हमारे देश के किसी नागरिक को लज्जित होना पड़े। उन्होंने राजकोट के अटकोट में मातुश्री केडीपी मल्टी-स्पेशियलिटी हॉस्पिटल का उद्घाटन किया।

योग को धर्म और...

के लिए योग को धर्म और मजहब से जोड़ देते हैं, जो बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है।

पंजाब सरकार ने 424...

पुलिस पहले से ही कर्मचारियों की कमी से जूझ रही है। ऐसे में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए आम स्थानों पर सुरक्षा कर्मियों की कमी को पूरा करना मुश्किल हो रहा है।

ओपी चौटाला 4 साल ...

(सीआरपीसी) की धारा 428 के तहत लाभ दिया है और चार साल की सजा से लगभग 487 दिनों की अवधि को अलग कर दिया है। इस विशेष मामले में चौटाला को (लगभग 16 महीने) हिरासत में रखा गया था।

चौटाला के वकील हर्ष कुमार शर्मा ने कहा, हम दिल्ली उच्च न्यायालय के समक्ष फैसले को रद्द करने के साथ-साथ सजा के निलंबन के लिए अपील दायर करेंगे। कोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के एक फैसले का हवाला देते हुए कहा कि वर्तमान मामले में चौटाला की हिरासत की अवधि चाहे जांच के स्तर पर हो, सीआरपीसी की धारा 428 के तहत जांच या मुकदमे की आवश्यकता है और कारावास की अवधि को सीआरपीसी की धारा 428 के तहत सेट किया जाना चाहिए। जूनियर बेसिक ट्रेनिंग (जेबीटी) शिक्षक भर्ती मामले में पूर्व मुख्यमंत्री जमानत पर थे।

विशेष सीबीआई न्यायाधीश विकास ढुल ने 21 मई को इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) प्रमुख को भ्रष्टाचार रोकथाम (पीसी) अधिनियम, 1988 की धारा 13(1)(ई) के साथ पठित 13(2) के

तहत अपराध के लिए दोषी ठहराया था। अदालत ने शुक्रवार को पूर्व मुख्यमंत्री की उन छह संपत्तियों को भी जब्त करने का आदेश दिया, जिनकी कीमत लगभग 2.48 करोड़ है। इन संपत्तियों में नई दिल्ली के असोला में 2.90 एकड़ का खेत, हैली रोड, नई दिल्ली में 2,107 वर्ग फीट का फ्लैट, गुरुग्राम के सेक्टर 28 में एक फ्लैट और मनसा देवी कॉम्प्लेक्स, पंचकूला के सेक्टर 4 में एक 846 वर्ग मीटर का तरजीही प्लॉट शामिल है।

सीबीआई ने कीर्ति...

एस भास्कररमन के खिलाफ चेन्नई में प्राथमिकी दर्ज की थी। एजेंसी ने इन दोनों सहित कुल छह लोगों के खिलाफ केस दर्ज की है, जिसमें पंजाब स्थित एक कंपनी का मालिक विकास मखारिया, अज्ञात लोक सेवक और निजी व्यक्ति शामिल हैं।

जापानी रेड आर्मी ...

जेल से बाहर आने के बाद शिगेनोबू ने कहा, 'मैंने अपने संघर्षो को प्राथमिकता देकर उन निर्दोष लोगों को नुकसान पहुंचाया है जिन्हें मैं जानती तक नहीं थी। इसके लिए मैं तहे दिल से माफी मांगती हूँ।'

बीजापुर के डीएम-एसपी ...

से पूछा है कि इस मामले में क्या कार्रवाई हुई। अगर तय समय के भीतर रिपोर्ट नहीं पेश की जाती है तो जिम्मेदार अधिकारियों को व्यक्तिगत रूप से मानवाधिकार आयोग के सामने पेश होना होगा।

आरोप यह है कि अप्रैल में सुरक्षा बलों ने बस्तर संभाग के बीजापुर जिले के गांव पर हवाई हमला कर दिया था।

कार्यालय, नगर पालिक निगम, कोरबा (छ.ग.)

ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना

क्र. 876/विद्युत/2022 — दिनांक 24.05.2022

नगर पालिक निगम, कोरबा द्वारा लोक निर्माण विभाग, छ.रा.वि. मंडल एवं छत्तीसगढ़ अनुज्ञापन मंडल (विद्युत) में उचित श्रेणी में विद्युतीकरण कार्य हेतु पंजीकृत/ लाईसेंसी ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु (Online) आनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है।

क्र.	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत (रु. लाख में)	निविदा डालने की अंतिम तिथि
1	वार्ड क्र. 53 राताखार पुल होते हुए गेरवाघाट से दर्री बराज तक सड़क बत्ती प्रदाय एवं स्थापना कार्य। (जिला खनिज न्यास निधि) (चतुर्थ निविदा)	85.14	15.06.2022 (T.No.100459)

उपरोक्त कार्यों की निविदा की जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है, साथ ही निगम के वेब साईट www.korbamunicipal.in एवं www.korba.urbanecg.gov.in पर भी देखी जा सकती है।

।। स्वच्छ भारत निर्माण में योगदान दें।।

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम
कोरबा (छत्तीसगढ़)

कार्यालय कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग सूरजपुर (छ.ग.)

निविदा आमंत्रण सूचना

क्रमांक-728/NIT-3/2022-2023/व ले लि — दिनांक 25/05/2022

निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि :- 10/06/2022 अपरान्ह 5.30 बजे तक
ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदाएं प्राप्त करने की अंतिम तिति :- 22/06/2022 अपरान्ह 5.30 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि :- 24/06/2022 पूर्वान्ह 11.30 बजे से

एनआईटी क्र. निविदा क्र.	कार्य का नाम/ NoOfCalls	कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) अमानत राशि (रु.में) बैंक साल्वेंसी राशि (रु.में)	निविदा प्रपत्र की कीमत (रु.में)	निविदाकारों की श्रेणी	कार्य की अवधि
1	2	3	4	5	6
3 T0008	उपसंभाग सूरजपुर अंतर्गत आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों में साधारण मरम्मत/ विशेष मरम्मत एवं एम.ओ. डब्ल्यू. कार्य (प्रथम आमंत्रण)	20.00 15000.00 300000.00	A 750.00	ई-पंजीयन के अंतर्गत श्रेणी 'द' से 'अ' तक	31/03/2023 तक वर्षा ऋतु सहित
3 T0009	उपसंभाग सूरजपुर अंतर्गत विभिन्न मार्गों में डब्ल्यू.एम.एम. पैच रिपेयर कार्य (प्रथम आमंत्रण)	20.00 15000.00 300000.00	A 750.00	ई-पंजीयन के अंतर्गत श्रेणी 'द' से 'अ' तक	31/03/2023 तक वर्षा ऋतु सहित

निविदा संबंधी शर्तें विभागीय वेबसाईट www.cg.nic.in/pwdraipur में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है। इनका अवलोकन संबंधित संभाग कार्यालय में किया जा सकता है।

जी-91572/3

कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग
सूरजपुर (छ.ग.)

कार्यालय कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग कोरबा

संक्षिप्त ई-निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 02

(द्वितीय बार)

क्रमांक /1578/टेण्डर/ग्रायांसेवा/2022 — कोरबा, दिनांक 26.05.2022

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के ओर से एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत लोक निर्माण विभाग द्वारा सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्न दर्शित सिविल कार्यों हेतु प्रमुख अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा द्वारा जारी एवं दिनांक 01.11.2021 से प्रचलित प्रभावशील दर अनुसूची के आधार पर ऑनलाईन (Online) प्रतिशत दर पर निविदा दिनांक 06.06.2022 तक ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है -

1. कार्य का नाम :- जोनल टेण्डर (वित्तीय वर्ष 2022-23) जिला कोरबा के विकासखण्ड पाली अंतर्गत विभिन्न प्रकार के निर्माण कार्य सड़क, भवन, क्रांकीटीकरण, पूल, पुलिया इत्यादि कार्य हेतु (10.00 लाख तक कार्य हेतु)
2. ठेके की अनुमानित लागत :- रु. 40.00 लाख (प्रत्येक वि.खं. हेतु)
3. निविदा की धरोहर राशि :- 30000.00 (प्रत्येक वि.खं. हेतु)
4. निविदा प्रपत्र का मूल्य :- रु. 1811.00 (1500+311 (Tender processing fees)

1. निविदा प्रपत्र Download & Online Submition की अंतिम तिथि व समय :- 06.06.2022 समय 17.30 बजे
2. निविदा स्पीड पोस्ट के माध्यम से पहुंचने की अंतिम तिथि व समय :- 13.06.2022 समय 17.30 बजे
3. निविदा खोलने की तिथि :- 15.06.2022 समय 12.30 बजे

2. निविदा की सामान्य शर्तें, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति (परिशिष्ट- 2.10 एवं निविदा दस्तावेज परिशिष्ट-2.13) यथा संशोधित व अन्य जानकारी विभागीय वेबसाईट http://eproc.cgstate.gov.in में अथवा कार्यालयीन अवधि में कार्यालय में उपस्थित होकर दिनांक 26.05.2022 समय 05.30 बजे से देखी जा सकती है।

(अन्तोनी तिर्की)
कार्यपालन अभियंता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग
कोरबा, जिला- कोरबा (छ.ग.)

जी-91613/4

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा, मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सरोरा रोड, उरला इंडस्ट्रियल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर वर्मा एग्जोटीका फ्लैट नंबर 103, सर्किट हाउस के सामने बिलासपुर से प्रकाशित, संपादक- प्रमोद शर्मा* प्रबंध संपादक- चन्द्रशेखर धोटे, फोन नंबर : 8120029029-9406245514, डाक पंजीयन क्रमांक G-2-112/CG/BPL/108/2020-22

न्यूज गैलरी

गुमनाम व्यक्ति ने टेक्सास गोलीबारी पीड़ितों के अंतिम संस्कार के लिए पौने दो लाख डॉलर दान किए



वाशिंगटन (वार्ता)। अमेरिका में एक गुमनाम व्यक्ति ने टेक्सास प्रांत के उवालडे के स्कूल में हुई गोलीबारी में मारे गए सभी पीड़ितों के अंतिम संस्कार के लिए एक लाख 75 हजार डॉलर दान किए हैं। गवर्नर ग्रेग एबॉट ने शुक्रवार को एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि एक गुमनाम दाता ने 175,000 डॉलर प्रदान किए जिससे प्रत्येक पीड़ित परिवारों के लिए अंतिम संस्कार सेवाओं के लिए रखा गया है।उन्होंने कहा, ÷कोई भी परिवार जो इस समय पीड़ित है, उसे इस त्रासदी से संबंधित किसी भी चीज़ पर होने वाले खर्च को लेकर चिंता करने की ज़रूरत नहीं। उल्लेखनीय है कि मंगलवार को उवालडे के रॉब एलीमेंट्री स्कूल में 18 वर्षीय बंदूकधारी सल्वाडोर रामोस ने 19 बच्चों और दो शिक्षकों पर गोली मारकर हत्या कर दी थी।

हार्दिक पटेल ने सावरकर को दी श्रद्धांजलि

नई दिल्ली (वार्ता)। पाटीदार नेता हार्दिक पटेल ने शनिवार को विनायक दामोदर सावरकर की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। श्री पटेल ने ट्वीट किया, ÷भारत माता के वीर सपूत, प्रखर राष्ट्रवादी एवं महान चिंतक श्री विनायक दामोदर 'वीर' सावरकर जी की जन्म जयंती पर उनका पुण्य स्मरण। गौरतलब है कि हार्दिक पटेल ने 18 मई को कांग्रेस पार्टी से इस्तीफा दे दिया था, जिसके बाद उनके भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल होने की अटकलें तेज हो गयी हैं।

डोनबास दोबारा यूक्रेन का होगा: जेलेंस्की

कीव (वार्ता)। रूसी सैनिकों ने डोनबास पर कब्जा जमाने के बाद यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोदिमिर ज़ेलेंस्की ने अपने उस हिस्से तो वापस पाने का प्रण लिया है। श्री डोनबास ने अपने शुक्रवार रात को अपने एक भाषण में कहा, ÷उनके देश की मौजूदा स्थित में ÷बहुत गंभीर÷ है, इसलिए हमें अपने देश की रक्षा बढ़ानी होगी। जिससे हम अपना शहर डोनबास को दोबारा से यूक्रेन में शामिल कर पाने में कामयाब हो पाएंगे। उन्होंने कहा कि हम जानते हैं कि डोनबास को दोबारा पाना इतना आसान नहीं है इसके लिए हमें फिर से बलिदान देना होगा। राष्ट्रपति ने संबोधन में कहा, ÷हम हर शहर, हर समुदाय का पुनर्निर्माण करेंगे। कोई वास्तविक विकल्प नहीं है।

तालिबान ने संयुक्त राष्ट्र की चिंता को खारिज किया

काबुल (वार्ता)। अफगानिस्तान में तालिबान ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के अफगान महिला पर लगाये गए प्रतिबंधों को हटाने के आह्वान को खारिज करते हुए विश्व समुदाय की चिंताओं को निराधार बताया है। खामा प्रेस के अनुसार, अफगान महिलाओं के प्रति प्रतिबद्धता जताते हुए विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अब्दुल कहर बाल्की ने सुरक्षा परिषद की चिंताओं को खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि अफगानिस्तान के लोग मुसलमान है और अफगान सरकार इस्लामी हिजाब के पालन को समाज की धार्मिक और सांस्कृतिक प्रथाओं के अनुरूप मानती है। सुरक्षा परिषद ने मंगलवार को आधिकारिक और सर्वसम्मति से पिछले साल तालिबान के नियंत्रण के बाद लड़कियों और महिलाओं की स्कूल, सरकारी नौकरियों और आंदोलन की स्वतंत्रता को प्रतिबंधित करने के लिए निंदा करते हुए एक प्रस्ताव पारित किया था। सुरक्षा परिषद ने तालिबान से महिलाओं और लड़कियों के मानवाधिकारों और स्वतंत्रता को प्रतिबंधित करने वाली नीतियों को बदलने तथा छात्राओं के लिए स्कूल बिना किसी देरी के पुन खोलने का आह्वान किया।

मेक्सिको की अदालत ने बुलफाइट पर लगाई रोक

मेक्सिको सिटी (वार्ता/स्पूतनिक)। मेक्सिको की एक अदालत ने दुनिया के सबसे बड़े बुलरिंग प्लाजा मेक्सिको में होने वाले बुलफाइट पर अस्थाई रूप से रोक लगा दी है। फोर्ब्स मेक्सिको ने यह रिपोर्ट दी हैं। रिपोर्ट के अनुसार नागरिक संघ जस्टिसिया जस्टा ने बुलफाइट को लेकर शिकायत दर्ज कराई थी। एसोसिएशन ने कहा कि बुलफाइट मेक्सिको सिटी में महिलाओं हिंसा से मुक्त जीवन जीने के कानून का उल्लंघन करती है। रिपोर्ट में कहा गया है कि यह निषेधाज्ञा अस्थायी है। दो जून को जज यह तय करेंगे कि बुलफाइटिंग पर प्रतिबंध लगाया जाए कि नहीं। उल्लेखनीय है कि प्लाजा मेक्सिको बुलरिंग मैदान की क्षमता 40 हजार अधिक लोगों की है और यह मेक्सिको की राजधानी मेक्सिको सिटी में स्थित है।

मिस्र में सड़क दुर्घटना में सात लोगों की मौत

काहिरा (वार्ता/शिन्हुआ)। उत्तरपूर्व मिस्र में इस्माइलिया-सुएज रेगिस्तानी सड़क पर मिनीबस और कार की टक्कर में सात लोगों की मौत हो गई। सरकारी अहराम अखबार ने यह रिपोर्ट दी हैं। अखबार के अनुसार शुक्रवार को हुई इस टक्कर में कार के अंदर ऑक्सीजन सिलेंडर और मिनीबस के गैस सिलेंडर में विस्फोट हो गया। दुर्घटना में सात लोग वाहनों के अंदर जल गए। शवों को स्थानीय अस्पतालों में ले जाया गया। अधिकारियों के एक दल ने दुर्घटनास्थल का मुआयना किया। शुरुआती खबरों के अनुसार दुर्घटना उस समय हुई जब कार के चालक ने सड़क के दूसरी ओर मुड़ने का प्रयास किया।

तुर्की ने स्वदेशी मिसाइल रक्षा प्रणाली का सफलतापूर्वक परीक्षण किया

अंकारा (वार्ता/स्पूतनिक)। तुर्की ने स्वदेश में निर्मित मिसाइल रक्षा प्रणाली साइपर का सफलतापूर्वक परीक्षण किया है। तुर्की रक्षा उद्योग एजेंसी के अध्यक्ष इस्माइल डेमिर ने शुक्रवार को कहा कि इस परीक्षण का उद्देश्य रूसी एस-400 और अमेरिका की पैट्रियट रक्षा प्रणाली को बदलना है। श्री डेमिर ने ट्वीट कर कहा, ÷हम अपने युवा इंजीनियरों की खुशी साझा करते हैं, जिन्होंने हमारी साइपर मिसाइल रक्षा प्रणाली का एक और परीक्षण सफलतापूर्वक किया है। उन्होंने पिछले वर्ष दिसंबर में कहा था कि तुर्की द्वारा विकसित साइपर लंबी दूरी की मिसाइल रक्षा प्रणाली रूस के एस -400 की विशेषताओं को पूरा कर सकती है और उससे भी बेहतर हो सकती है।

कांग्रेस नेता संदीप तंवर आप में हुए शामिल

नई दिल्ली (वार्ता)। आम आदमी पार्टी (आप) के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने शनिवार को कांग्रेस नेता संदीप तंवर समेत अन्य सैंकड़ों साथियों का पार्टी में शामिल होने पर स्वागत किया। श्री सिंह ने कहा कि केजरीवाल मॉडल और पार्टी की काम की राजनीति से प्रभावित होकर न सिर्फ दिल्ली से बल्कि पूरे देश के विभिन्न क्षेत्रों और अलग-अलग पार्टियों से लगातार लोग आम आदमी पार्टी में शामिल हो रहे हैं। इसी कड़ी में आज कांग्रेस नेता तंवर आप में शामिल हो रहे हैं। उनके साथ-साथ सैंकड़ों साथियों ने भी आज पार्टी का दामन थामा है। मैं सभी का आम आदमी पार्टी में हार्दिक स्वागत करता हूँ। 'आप' नेता संजय सिंह ने कहा कि श्री तंवर राजेंद्र नगर विधानसभा से संबंध रखते हैं। उस इलाके में उनकी मजबूत पकड़ है।

साधु-संतों पर अमर्यादित टिप्पणी से भड़का जैन समाज, शांति मार्च निकाला

अपराधी को गिरफ्तार कर संगठन को बैन करने की मांग

रायपुर। छत्तीसगढ़ में जैन समाज के लोग सड़क पर उतर आए। छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना द्वारा साधु संतों पर अमर्यादित टिप्पणी, परदेशियों को बाहर भगाने और जानवर नहीं मिलने पर इन परदेशियों की बलि चढ़ाने जैसी बातों को लेकर समाज उद्वेलित हो गया है। राजधानी रायपुर के एमजी रोड स्थित जैन दादाबाड़ी से शनिवार को समाज के लोगों शांति मार्च निकाला, जिसमें समाज के साधु-संत व साध्वी शामिल हुए। समाज के लोग मुनि व साध्वियों के साथ राज्यपाल अनुसुइया उइके से मुलाकात की और वैमनस्यता फैलाने वाले संगठन पर प्रतिबंध लगाने और संगठन के अध्यक्ष को गिरफ्तार करने का आग्रह किया।

जैन साध्वनी सुभद्रा सीजी ने कहा कि किसी भी साधु-संत का अपमान नहीं होना चाहिए। जैन साधु-संत किसी के विरोध में कुछ नहीं कहते। वो एकता, प्रेम, संगठन और अहिंसा का संदेश देते हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी पंथ के साधु-संतों पर ऐसी टिप्पणी उचित नहीं हैं। समाज के कार्यकारी अध्यक्ष अभय भंसाली ने बताया कि बालोद जिले में जैन समाज के साधु-संतों पर अभद्र टिप्पणी निंदनीय है। इससे समाज के लोगों को काफी दु:ख पहुंचा है। समाज द्वारा शांति मार्च निकाला गया है। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से आए समाज के लोगों ने भी मार्च में हिस्सा लिया है। हम सबकी मांग है कि दोषी व्यक्ति की तत्काल गिरफ्तारी हो। समाज के कुछ प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल से मुलाकात कर समाज का भावना से अवगत करा दिया है।

छत्तीसगढ़ सकल जैन समाज के भूपेंद्र कोठरिया ने कहा कि समाज द्वारा शांति मार्च का आह्वान किया गया था। बालोद जिले में तथाकथित छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना द्वारा जैन साधु संतों का अपमान किया गया है। जैन समाज के लोगों को परदेशिया बताया जा रहा है। जानवर नहीं मिलने पर इन परदेशियों की बलि चढ़ाने की बात कही गई है। फेसबुक पर मरवाड़ी, सिंधी, अग्रवाल भगाओ का अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ तीर्थंकर देवों की माटी है। हमें परदेशियां नहीं कहें। वे आपराधिक षड़यंत्र रच रहे हैं। लोगों में वैमनस्यता फैला रहे हैं। इसके विरोध में मौन जुलूस और शांति मार्च निकाला गया है।

1 मई से शुरू हुआ विवाद, यहां तक पहुंच गया

बता दें कि 25 मई को बालोद के एक कार्यक्रम में छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना के अध्यक्ष अमित बघेल द्वारा जैन समाज के साधु-संतों पर अभद्र टिप्पणी की गई थी। जैन समुदाय के लोगों को बाहरी बताकर इनका विरोध किया था। वहीं पशु नहीं मिलने पर इन परदेशियों की बलि चढ़ाने जैसी बातें कही गई है। इस बयान पर पूरे प्रदेश में बवाल मचा हुआ है। जैन समाज के लोगों का कहना है कि कुछ तथाकथित लोग जातिवाद, क्षेत्रवाद का उन्माद फैलाकर छत्तीसगढ़ की शांति भंग कर रहे हैं। यह भी बता दें कि 1 मई को श्री जामड़ी पाटेश्वर धाम में जीव हत्या को लेकर लेकर विवाद हुआ था। आदिवासियों व मंदिर से जुड़े लोगों के बीच मारपीट भी हुई थी। सप्ताहभर पहले छत्तीसगढ़ क्रांति सेना द्वारा बालोद बंद का आह्वान किया गया था। दुकानें बंद कराने के दौरान व्यापारियों से मारपीट की गई थी, जिसमें दर्जनभर से अधिक लोग घायल हुए। व्यापारियों की शिकायत पर गुण्डरदेही में 9 लोगों को गिरफ्तार किया है।

मोदी, शाह, सिंह सहित कई नेताओं ने सावरकर को दी श्रद्धांजलि

नई दिल्ली (वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला सहित कई नेताओं ने शनिवार को स्वंत्रता सेनानी विनायक दामोदर सावरकर की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

श्री मोदी ने ट्वीटर पर एक वीडियो साझा करते हुए कहा,'मां भारती के कर्मठ सपूत वीर सावरकर को उनकी जयंती पर आदरपूर्ण श्रद्धांजलि।'

गृह मंत्री शाह ने छूआछूत को खत्म करने के प्रयास में उनके योगदान को याद किया।

श्री शाह ने कहा,'राष्ट्रीयता के प्रतीक स्वातंर्त्य वीर सावरकर की जयंती पर उन्हें कोटि-कोटि नमन। शरीर के कण-कण में देशभक्ति का ज्वार संजो खुद को तिल-तिल जलाकर देश के लिए कैसे जिया जा सकता है सावरकर जी का जीवन उसका उत्कृष्ट उदाहरण है। उनका त्यागपूर्ण जीवन हमें निरंतर प्रेरणा और शक्ति देता रहेगा।'

उन्होंने कहा,'वीर सावरकर जी को एक ही जीवन में मिली दो उम्रकैद व काल कोठरी की अमानवीय यातनाएं भी माँ भारती को परम वैभव पर ले जाने के उनके संकल्प को डिगा नहीं पाई। स्वतंत्रता आंदोलन में उनके अद्वितीय योगदान और समाज से अस्पृश्यता को दूर करने के उनके प्रयासों को कभी भुलाया नहीं जा सकता।' श्री सिंह ने ट्वीट किया,'वीर सावरकर साहस, संकल्प और त्याग की प्रतिमूर्ति थे। भारत के स्वाधीनता संग्राम में उन्होंने जो प्रभावी भूमिका निभाई है, वह प्रेरणास्पद है। उनका पूरा जीवन देश और समाज की सेवा में समर्पित रहा। ऐसे वीर सावरकर को उनकी जयंती पर मैं श्रद्धापूर्वक नमन करता हूँ।' इस मौके पर संसद भवन में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया जहां श्री बिरला ने श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके साथ ही संसदीय कार्य राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, पीपी चौधरी, रामकृष्ण राजू और राकेश सिन्हा सहित कई सांसदों ने भी सावरकर को श्रद्धांजलि दी।

माता-पिता की हत्या कर शव को घर में दफनाने वाले किशोर ने किया सुसाइड

अंबिकापुर। छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले के उदयपुर इलाके में ढाई महीने पहले अपने माता-पिता की हत्या कर उनका शव घर में दफ्न करने वाले 17 वर्षीय किशोर ने बिलासपुर के मेंटल अस्पताल के बाथरूम में फांसी लगा आत्महत्या कर ली। पुलिस ने उसे बाल सुधार गृह भेजा गया था। मां-पिता की हत्या के बाद वह सदमे में था। इस दौरान काउंसलिंग में उसने बोला था कि मैं आत्महत्या कर लूंगा। मानसिक रूप से बीमार होने पर उसे अंबिकापुर के जिला अस्पताल से राज्य मानसिक चिकित्सालय रेफर किया गया था।

दरअसल 3 मार्च 2022 को किशोर ने अपने पिता जयराम सिंह (50) व मां फुलसुंदरी बाई (45) की हत्या कर दी थी और घर में ही गड्?ढा खोदकर दोनों शव को जमीन में दफ्न कर दिया था। पांच दिन बाद उसके दीदी एवं जीजा के घर पहुंचने पर हत्या के इस मामले का खुलासा हुआ था। पुलिस ने दोनों के शवों को जमीन से खोद कर बाहर निकाला। पूछताछ में पता चला था कि किशोर कक्षा 12 वीं की दो विषयों की परीक्षा में शामिल नहीं हो पाया था, जिसके कारण फेल हो गया था। इसके बाद पॉलिटेक्निक की परीक्षा भी वह पास नहीं कर पाया था। इससे मानसिक रूप से वह परेशान था। पुलिस को दिए बयान में वह अपने परिवारवालों पर आरोप लगाया था कि वे उससे लाड़ प्यार नहीं करते थे। हत्या करने से पहले उसकी मानसिक स्थिति खराब थी और वह हमेशा चिड़चिड़ाता रहता था। शुक्रवार को सेंदरी मेंटल अस्पताल के बाथरूम में उसका शव फांसी पर झूलता मिला। अंबिकापुर के बाल संप्रेक्षण गृह में उसकी काउंसलिंग हुई थी। इसमें वह बोला था कि वह मर जाएगा। बार-बार वह खुदकुशी करने की बात करता था।

अमेरिका ने की उत्तर कोरिया के मिसाइल परीक्षण की निंदा

वाशिंगटन (वार्ता)। अमेरिका, दक्षिण कोरिया और जापान ने उत्तर कोरिया के मिसाइल परीक्षणों की निंदा करते हुए कहा है कि वे कोरियाई प्रायद्वीप को परमाणु मुक्त और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद प्रस्तावों के कार्यान्वयन के लिए त्रिपक्षीय सहयोग को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है।

शुक्रवार को अमेरिका के विदेश विभाग, दक्षिण कोरिया और जापान ने गत 25 मई को उत्तर कोरिया के अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल के साथ कम दूरी वाली मिसाईलों के परीक्षण पर गहरी चिंता व्यक्त की।

स्पूतनिक के अनुसार उत्तर कोरिया ने अमरीकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के दक्षिण कोरिया और जापान यात्रा की समाप्ति के कुछ घंटो बाद ही जापान सागर की ओर तीन बैलिस्टिक मिसाइलों का परीक्षण किया था।

प्रधानमंत्री संग्रहालय बहुत अच्छे से सजाया गया है: सीतारमरण

नई दिल्ली (वार्ता)। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को नयी दिल्ली में प्रधानमंत्री संग्रहालय का भ्रमण किया वहां पूर्व प्रधानमंत्रियों के प्रमुख कार्यो को बेहतरीन तरीके से प्रस्तुत किये जाने की भूरि-भूरि प्रशंसा की।

श्रीमती सीतारमण ने वहां आये कुछ दर्शकों से बातचीत की। इस दौरान उनके कार्यालय के कुछ कर्मी और स्वयंसेवक भी उनके साथ थे। तीनमूर्ति के पास पुराने नेहरू संग्रहालय की जगह नवविकसित इस संग्रहालय का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल में ही उद्घाटन किया है।

श्रीमती सीतारमण ने ट्विटर पर इसकी सराहना करते हुए कहा कि इस संग्रहालय में स्वाधीनता के बाद के सभी प्रधानमंत्रियों की उपलब्धियों और योगदान की झांकी प्रस्तुत की गयी है। उन्होंने वहां की व्यवस्था की तारीफ में लिखा, बहुत अच्छे तरीके से सजाया संग्रहालय है जहां हमारे सभी प्रधानमंत्रियों और हमारे संविधान के इतिहास को प्रस्तुत किया गया है। धन्यवाद। पीएमओ इंडिया। उन्होंने देश को यह संग्रहालय समर्पित करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का धन्यवाद किया है। वित्त मंत्री ने प्रधानमंत्री के पूर्व प्रधान सचिव नृपेंद्र मिश्रा को भी इसमें सहायता के लिए धन्यवाद किया।

श्रीमती सीतारमण ने संग्रहालय में वहां कुछ बच्चों और उनके माता-पिता से भी बातचीत की और इसके वीडियो के साथ ट्वीट किया,÷ संग्रहालय में बच्चों, उनके परिजनों और शिक्षकों को देख कर खुशी हुई। ÷

श्रीमती सीतारमण ने कहा कि इस संग्रहालय में जिस तरह की प्रौद्योगिकी और डिजिटल संवाद पटल के साथ-साथ जिस तरह की श्रव्य दिशा-निर्देशन सुविधा की की गई है, उससे दर्शक निश्चित रूप से प्रभावित प्रभावित होंगे। उन्होंने म्यूजियम की टीम और उनकी उसकी देखभाल में लगे लोगों का धन्यवाद किया।

भागलपुर में तेज आंधी और बारिश के साथ आकाशीय बिजली गिरने से 6 लोगों की मौत

भागलपुर। बिहार के भागलपुर जिले में शनिवार की दोहपर तेज आंधी और बारिश के दौरान ठनका (आकाशीय बिजली) गिरने से अब तक छह लोगों की मौत हो चुकी है। बारिश के चलते शहरी क्षेत्र में जलजमाव हो गया है। नवगछिया में पेड़ गिरने से कई जगहों पर मकान को नुकसान पहुंचा है।

ठनका गिरने से कहलगांव के दियोरी गांव में पिता जनार्दन पासवान और पुत्र लक्ष्मण कुमार की मौत हो गयी। दोनों मोरंग में मछली मारने गये थे। इसके अलावा नाथनगर प्रखंड के दारापुर टोला के राजीव कुमार,भुवालपुर के पांचू यादव, कजरैली के बड़ी गोड्डी प्रीति कुमारी और पीरपैंती के दिलेरी निवासी एक बच्ची की मौत हो गयी है।

तेज आंधी और बारिश के चलते नवगछिया बाजार में जलजमाव हो गया है। बाजार में पेड़ गिरने से एक मकान क्षतिग्रस्त हो गया है। ग्रामीण क्षेत्र में भी आंधी और बारिश से नुकसान हुआ है।

फीफा लोगों की नम्बर प्लेट करीब पांच लाख डालर में बिकी

दोहा (वार्ता)। कतर यातायात पुलिस विभाग ने फीफा विश्व कप कतर 2022 लोगो वाली 50 नम्बर प्लेट को ऑनलाइन नीलामी में बेचा है जिसमें सबसे मंहगी नम्बर प्लेट 18 लाख कतर रियाल (495000 डालर) में बिकी है। यातायात विभाग ने बताया कि विश्व कप लोगो वाली इन नम्बर प्लेट को जून में कारों पर लगाया जायेगा। स्पूतनिक रिपोर्ट में कहा है कि खाड़ी देशों में खास नम्बर वाली प्लेटों की नीलामी काफी लोकप्रिय है। आठ साल पहले एक व्यक्ति ने 200 मिलियन रियाल (55 मिलियन डालर) में 333355 नम्बर नीलामी में खरीदा था।

अमेरिका को स्कूली बच्चों की सुरक्षा पर अधिक निवेश करना चाहिए: ट्रम्प

वाशिंगटन (वार्ता/स्पूतनिक)। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि देश के बच्चों को स्कूलों में हो रही गोलीबारी से बचाने के लिए और अधिक निवेश चाहिए।

श्री ट्रम्प ने टेक्सास प्रांत के ह्यूस्टन शहर में नेशनल राइफल एसोसिएशन (एनआरए) के वार्षिक सम्मेलन के दौरान शुक्रवार को कहा कि जब अमेरिका यूक्रेन को 40 अरब डालर का सहायता पैकेज दे सकता है तो उसे बच्चों को सुरक्षित रखने के लिए हर संभव प्रयास करना चाहिए। श्री ट्रम्प ने हाल ही में अमेरिकी कांग्रेस द्वारा पारित 40 अरब डॉलर के यूक्रेन

सहायता पैकेज का जिक्र करते हुए यह टिप्पणी की। इस सहायता पैकेज पर राष्ट्रपति जो बाइडेन ने हस्तारक्ष किए हैं। उन्होंने टेक्सास के उवाल्डे में एक प्राथमिक विद्यालय में छात्रों के समूह पर की गई गोलीबारी को 'जंगली और बर्बर अत्याचार' बताते हुए कहा इस घटना ने हर अमेरिकी की अंतरात्मा को झकझोर है। उल्लेखनीय है कि इस गोलीबारी की घटना में 19 बच्चों और दो शिक्षकों की मौत हो गई थी।

राजसमंद में हाइवे पर ट्रैवल्स बस में लगी आग

- खिड़कियों के कांच तोड़कर निकले यात्री, एक घंटे तक होते रहे धमाके

राजसमंद। राजस्थान के राजसमंद में केलवा के समीप शनिवार तड़के एक ट्रैवल्स बस में अचानक आग लग गई। धुआं उठता हुआ देखकर यात्री घबरा गए। पचास से अधिक यात्री खिड़कियों के कांच तोड़कर बाहर निकले और जान बचाई। आग के कारण एक घंटे तक रुक-रुक कर बस में धमाके होते रहे। राहत की बात यह है कि इस हादसे में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। बस अहमदाबाद से जयपुर जा रही थी।

प्रत्यदर्शियों के मुताबिक बस के पिछले टायर से आग की हल्की लपटें उठते हुए देखकर यात्रियों ने शोर मचाना शुरू किया। ड्राइवर ने बस को एक साइड रोका। चालक और खलासी दोनों वहां से भाग निकले। कुछ यात्री तो बस के दरवाजे से बाहर निकल गए, लेकिन कुछ यात्रियों ने ग्रामीणों की मदद से खिड़कियों के कांच तोड़े और बाहर निकले। कई ने अपना सामान भी सुरक्षित निकाला, लेकिन कुछ लोगों के बैग, मोबाइल वगैरह जलकर राख हो गए। थोड़ी ही देर में आग की लपटों ने बस को अपने आगोश में ले लिया। बाहर निकले यात्रियों ने जान बचने पर ईश्वर का शुक्र अदा किया।

कई यात्रियों का सामान जलकर हुआ खाक

सूचना मिलने पर नगर परिषद राजसमंद से दमकल मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाने का प्रयास किया। तब तक आग की लपटें बेकाबू हो चुकी थीं। बस धू धं कर जल रही थी, और बस में धमाके भी हो रहे थे। अफरा-तफरी के कारण कई यात्रियों के मोबाइल, रुपये, पर्स, बैग इत्यादि के साथ कई महत्त्वपूर्ण दस्तावेज भी आग की भेंट चढ़ गए।

वेस्ट बैंक में झड़प, 88 फिलिस्तीनी घायल

गाजा (वार्ता/स्पूतनिक)। कब्जे वाले वेस्ट बैंक में यहूदी बस्तियों के विस्तार का विरोध कर रहे फिलिस्तीनियों और इजरायली सैनिकों के बीच शुक्रवार को हुए संघर्ष में 88 लोग घायल हो गए। सोसाइटी ने कहा, ÷वेस्ट बैंक के नब्लस प्रांत में इजरायली सैनिकों के साथ संघर्ष में आज 88 फिलिस्तीनी घायल हो गए। उनमें से 10 को गोली लगी है।÷ उल्लेखनीय है कि फिलिस्तीनी इजरायल के खिलाफ साप्ताहिक प्रदर्शनों का आयोजन कर रहे हैं। फिलिस्तीनी इज़रायल रिहायसी घरों का निर्माण करने की मंजूरी का विरोध कर रहे हैं। इन्हें अंतरराष्ट्रीय कानूनों के तहत अवैध करार दिया गया है। इजरायल ने दो सप्ताह पहले 4,000 से अधिक आवास इकाइयों को मंजूरी दी गई थी।

छत्तीसगढ़ बनता जा रहा शिक्षागढ़

अंग्रेजी स्कूलों की भांति अब हिंदी माध्यम के 32 उत्कृष्ट विद्यालय खोले जा चुके है

प्रदेश में अभी 171 स्वामी आत्मानंद के अंग्रेजी माध्यम के स्कूल संचालित हो रहे हैं। इन स्कूलों में एक लाख 35 हजार से अधिक विद्यार्थी अंग्रेजी की पढ़ाई निःशुल्क कर रहे हैं। इसी साल बजट में राज्य सरकार ने हिंदी माध्यम के 32 उत्कृष्ट विद्यालय खोलने का प्रावधान किया है। हिंदी माध्यम के स्कूलों में 17 हजार 500 विद्यार्थी दाखिला ले सकेंगे। पिछले दिनों इन विद्यालयों में दाखिले के लिए बढ़ती भीड़ को देखते हुए मुख्यमंत्री ने प्रत्येक कक्षा में 40 की जगह सीटों की संख्या बढ़ाकर 50 कर दी थी। अब जून 2022 में 50 नए स्कूल शुरू होने से 30 हजार और बच्चों का दाखिला हो सकेगा। मुख्यमंत्री ने ट्वीट कर कहा है कि आगे भी जितनी जरूरत होगी उतने स्कूल तैयार होते रहेंगे। स्वामी आत्मानंद स्कूलों में पहली कक्षा में प्रवेश के लिए बच्चों की उम्र 31 मई, 2022 की स्थिति में पांच साल छह महीने से छह साल छह महीने के बीच होनी चाहिए।

स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम के स्कूलों में 17 हजार 500 सीटें उपलब्ध

राज्य के स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूलों में एक लाख 35 हजार सीटें हैं। वहीं स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम के स्कूलों में 17 हजार 500 सीटें उपलब्ध है। नर्सरी की 8,120 सीटें खुलने के बाद इन स्कूलों में कुल एक लाख 60 हजार 20 सीटें उपलब्ध होंगी। यानी हर साल इतने बच्चों को शासन स्तर पर शिक्षा मिलेगी। इस वर्ष से राज्य के 6,500 शासकीय स्कूलों में बालवाड़ी की सेवाएं शुरू की गई है।

सुधरेगा शिक्षा का स्तर

शासकीय स्कूलों में नर्सरी की कक्षाएं शुरू करने से गरीब, कम आय वर्ग के उन तबको को लाभ मिलेगा, जिनके पालक आर्थिक तंगी की वजह से अपने बच्चों को नर्सरी की शिक्षा नहीं दिला पाते हैं। प्राथमिक स्तर पर शिक्षा व्यवस्था को दुरुस्त करने के दृष्टिकोण से यह राज्य शासन का बड़ा फैसला है।

इस साल इतनी बढ़ जाएगी सीट

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी विद्यालयों में वर्तमान में एक लाख 35 हजार विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। इसी के साथ हिंदी के 32 उत्कृष्ट विद्यालय खुलने के बाद यहां सीटों की संख्या 17 हजार 500 और बढ़ जाएगी। रायपुर में पहले से चल रहे नौ अंग्रेजी माध्यम के उत्कृष्ट विद्यालय और इस सत्र से चार नए हिंदी माध्यम के उत्कृष्ट विद्यालयों में दाखिले के लिए अवसर मिलेगा।

रायपुर के इन विद्यालयों में मिलेगा मौका

(अंग्रेजी माध्यम के उत्कृष्ट विद्यालय पहली में सीट)

- पं. आरडी तिवारी स्कूल आमापारा 50
- शहीद स्मारक स्कूल फाफाडीह चौक 50
- बीपी पुजारी स्कूल राजातालाब 50
- बिन्नीबाई सोनकर हायर सेकेंडरी भाटागांव 50
- शाउमावि माना कैंप रायपुर 50
- शाउमावि कुंरा धरसींवा, रायपुर 50
- शासकीय कन्या स्कूल नेवरा, रायपुर 50
- अरुंधति देवी उमावि आरंग , रायपुर 50
- शाउमा कन्या वि. अभनपुर, रायपुर 50

हिंदी माध्यम स्कूल भी बनेंगे उत्कृष्ट

छत्तीसगढ़ में इस शिक्षा सत्र से स्वामी आत्मानंद के नाम से 32 हिंदी स्कूलों में अंग्रेजी स्कूलों वाली सुविधा

छत्तीसगढ़ में स्वामी आत्मानंद के नाम पर हिंदी स्कूलों में भी अंग्रेजी स्कूलों जैसी सुविधाएं जुटाने की योजना है। सरकार ने शिक्षा सत्र 2022-23 से ऐसे 32 स्कूल शुरू करने जा रही है। इन स्कूलों में केवल हिंदी माध्यम के विद्यार्थियों के उत्कृष्ट शिक्षा की व्यवस्था होगी। प्रदेश में एक साल पहले स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल शुरू किए गए थे। पालकों और जनप्रतिनिधियों की लगातार मांग पर अब तक 171 अंग्रेजी माध्यम स्कूल प्रारंभ किए जा चुके हैं। ये स्कूल जिला मुख्यालयों के अलावा विकासखण्ड स्तर पर प्रारंभ किए गए हैं। वर्तमान में इन विद्यालयों में 74 हजार अंग्रेजी माध्यम तथा 60 हजार हिन्दी माध्यम के विद्यार्थी अध्ययनरत हैं।

मुफ्त शिक्षा, सीटों में बढ़ोत्तरी

- कक्षा पहली से 12वीं तक प्रत्येक कक्षा में 10 सीटें बढ़ा दी गई
- इस योजना के तहत कमजोर वर्ग के विद्यार्थियों को मुफ्त में शिक्षा
- स्कूलों में अब 50 विद्यार्थियों का प्रवेश होगा
- प्रत्येक कक्षा में 10 सीटें बढ़ाने का आदेश जारी किया
- राज्य में अब तक अंग्रेजी माध्यम के 171 स्कूल खोले जा चुके है
- प्राइवेट कान्वेंट स्कूल की तरह ही सर्वसुविधायुक्त लैब, लाइब्रेरी, अच्छे फर्नीचर, खेल सुविधाओं सहित कई इंतजाम किए गए हैं।

ऐसी है अंग्रेजी माध्यम स्कूलों की सुविधा

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों में बच्चों के लिए निःशुल्क शिक्षा की व्यवस्था की गई है। बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए इन स्कूलों को नए सिरे से तैयार किया गया है। यहां बेहतर लैब, लाईब्रेरी, अच्छे फर्नीचर, खेल सुविधाओं सहित विभिन्न इंतजाम किए गए हैं। यहां अंग्रेजी माध्यम की पढ़ाई के लिए उत्कृष्ट शिक्षकों की अलग से व्यवस्था की गई है।

अपग्रेड कर अंग्रेजी बना दिया

जिला और ब्लॉक मुख्यालयों के प्रमुख स्कूलों को ही मरम्मत और सुधार के बाद अंग्रेजी माध्यम बना दिया। तब तक इन स्कूलों में पढ़ाई का माध्यम हिंदी ही था। वहां पढ़ रहे बच्चों को वहां से नहीं हटाया गया। बल्कि हिंदी माध्यम चुनने वालों के लिए अलग से व्यवस्था बना दी गई। रायपुर जिले के अरुन्धति देवी उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, आरंग में हिन्दी माध्यम के 439 बच्चे अध्ययनरत हैं। प्रदेश भर में ऐसे विद्यार्थियों की संख्या 60 हजार बताई जा रही है।

विद्यार्थियों को गुणवत्तायुक्त शिक्षा दी जा रही

इन विद्यालयों में दोनों ही माध्यम के विद्यार्थियों को गुणवत्तायुक्त शिक्षा दी जा रही है। इस बीच लगातार हिंदी माध्यम के ऐसे स्कूल शुरू करने की मांग आ रही थी। ऐसे में फैसला हुआ है कि स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूलों की तर्ज पर प्रत्येक जिले में कम से कम एक स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम स्कूल खोला जाए। यहां केवल हिन्दी माध्यम के ही विद्यार्थियों के लिए सर्वसुविधायुक्त शिक्षा प्रदान करने की व्यवस्था होगी। शैक्षणिक सत्र 2022-23 में 32 स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय प्रारंभ किए जाने की योजना है। अगले शिक्षा सत्र तक प्रदेश में जिलों की संख्या भी 32 हो जाएगी। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने ऐसे स्कूल शुरू करने की घोषणा पिछले साल ही की थी।

जिन अंग्रेजी स्कूलों में हिंदी वाले बच्चे ज्यादा, वे भी इस योजना में शामिल

बताया गया है कि हिंदी माध्यम के जिन स्कूलों को इससे पहले अंग्रेजी माध्यम में अपग्रेड किया गया है उनमें पढ़ने वाले हिंदी माध्यम के बच्चों को भी उच्च स्तर की शिक्षा दी जा रही है। इसमें रायपुर जिले के अरुंधति देवी स्कूल आरंग में हिन्दी मीडियम के 439 बच्चे, रायगढ़ के घरघोड़ा में 558 तथा सूरजपुर के भैयाथान में 428 हिन्दी मीडियम के बच्चे पढ़ाई कर रहे हैं। उनमें हिंदी और अंग्रेजी माध्यम के शिक्षकों के पद स्वीकृत किए गए हैं। इसी तरह जिन अंग्रेजी स्कूलों में हिंदी माध्यम के बच्चे ज्यादा हैं, वहां पर उत्कृष्ट हिंदी स्कूल शुरू किए जाएंगे।

हाईइक्यूपमेंट लैब भी होंगे

स्कूलों का इंफ्रास्ट्रक्चर अंग्रेजी स्कूलों की तरह ही होगा। इसमें नए फर्नीचर, बेहतर लाइब्रेरी, हाईइक्यूपमेंट लैब तैयार किए जाएंगे। इन स्कूलों में फिजिक्स, केमिस्ट्री, बायोलॉजी के अलग-अलग लैब तैयार किए जाएंगे। बच्चों के लिए इनडोर और आउटडोर दोनों तरह के खेल की व्यवस्था भी रहेगी।

पूरा खर्च सरकार वहन करेगी

अंग्रेजी माध्यम की तरह हिंदी माध्यम उत्कृष्ट स्कूलों का पूरा खर्च भी सरकार वहन करेगी। अभी इसके संचालन का जिम्मा कलेक्टर को दिया गया है। कलेक्टर के माध्यम से शिक्षकों की भर्ती के साथ ही सभी सुविधाएं विकसित की जाएंगी। जिला शिक्षा अधिकारी की मॉनिटरिंग में स्कूलों का संचालन होगा।

मुख्यमंत्री ने बजट में की घोषणा

छत्तीसगढ़ बजट पेश करते हुए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रदेश में स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल की तर्ज पर प्रदेश भर में 32 स्कूलों को स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय के रूप में विकसित करने की घोषणा की थी।

गरीब तबकों के प्रतिभावान बच्चों के लिए नि :शुल्क शिक्षा की व्यवस्था

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों में गरीब तबकों के प्रतिभावान बच्चों के लिए निःशुल्क शिक्षा की व्यवस्था की गई है। बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए न केवल स्कूलों में उत्कृष्ट लैब, लाईब्रेरी अच्छे फर्नीचर, खेल सुविधाओं सहित विभिन्न इंतजाम किए गए हैं, बल्कि यहां अंग्रेजी माध्यम की पढ़ाई के लिए उत्कृष्ट शिक्षकों की व्यवस्था की गई है। योजना में शैक्षणिक सत्र 2020-21 में 52 अंग्रेजी माध्यम स्कूल प्रारंभ किए गए, जहां अंग्रेजी और हिन्दी दोनों माध्यमों के बच्चों को शिक्षा प्रदान करने की व्यवस्था की गई। इसे देखते हुए पूरे प्रदेश में पालकों एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा और अधिक संख्या में विद्यालय प्रारंभ किये जाने की मांग को देखते हुए सत्र 2021-22 में प्रत्येक विकासखण्ड में एक-एक उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय प्रारंभ किए गए।